e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 99

गुरुवार

11.04.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जब आप किसी काम को करने का निश्चय करते हैं, तो उसे अवश्य करना चाहिए, वरना लोगों का आपसे विश्वास उठ जाता है।




**तीसरा स्वरूप- चंद्रघंटा**



मां पार्वती के मस्तक पर अर्ध चंद्रमा के आकार का तिलक लगा रहता है, इस कारण उनका एक स्वरूप चंद्रघंटा कहलाता है।


# आज ईद व सरहुल की धूम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज गुरुवार को धूमधाम से ईद व सरहुल मनाया जाएगा.राजधानी दिल्ली समेत देश के कई बड़े शहरों में शव्वाल महीने का चांद नजर आया. बुधवार शाम करीब सवा सात बजे ईद के चांद का दीदार हुआ. गुरुवार 11 अप्रैल को धूमधाम के साथ देशभर में ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद का चांद दिखने के बाद सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी. ईद-उल-फित्र को लेकर विभिन्न राज्यों में तरह-तरह की तैयारियां की गई हैं. कहीं पर नमाजियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक डायवर्जन और खास पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जबकि किसी प्रदेश में कई स्थानों को चिह्नित किया गया है.

## सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन से होगी निगरानी

राजधानी रांची में सरहुल और ईद-अल-फितर पर सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन से निगरानी रखी जायेगी। रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन और नगर निगम की एक टीम ने त्योहारों की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का आकलन किया। रांची के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजेश्वर नाथ आलोक ने कहा कि जिला प्रशासन ने दोनों त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा उपाय किए हैं। आलोक ने कहा कि पूरे शहर में महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा कर्मियों और मजिस्ट्रेट की तैनाती के अलावा प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और किसी भी असामाजिक गतिविधि पर नजर रखने के लिए ड्रोन व से निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा, महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा कर्मियों और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।



## ईद का चांद दिखने पर जमकर हुआ आतिशबाजी

रांची : माहे रमजान के आखिरी रोजे के साथ ही बुधवार शाम चांद का दीदार होते ही अल्पसंख्यक बहुल आबादी में ईद की खुशियां झलक पड़ी। मस्जिदों से भी चांद का दीदार होने का ऐलान होते ही युवाओं और बच्चों ने जमकर आतिशबाजी शुरू कर दी। लोग खुशी में झूम उठे और गले लगकर एक-दूसरे को ईद की बधाइयां देनी शुरू कर दी। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में जश्न का माहौल दिखा। महापर्व की पूर्व संध्या पर बाजारों में खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कपड़ों आदि की खरीददारी लोगों ने पहले से ही कर ली है। सेवई और मेवा आदि की दूकानों पर लोगों की भीड़ लग गई। गिफ्ट देने व मेहमानों के स्वागत के लिए खजूर, किशमिश, काजू, बादाम, अखरोट की खरीददारी जमकर हुई। पर्व की पूर्व संध्या पर ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदें रोशनी से जगमगाने लगी। घरों से लेकर ईदगाहों तक में ईद के नमाज की तैयारी पूरी कर ली गई। इबादतगाहों और मस्जिदों में होने वाली ईद की नमाज के लिए समय भी तय कर लिया गया है। इसके पहले रोजेदारों को सुबह से ही बेसब्री से ईद के चांद का इंतजार रहा। शाम होते ही लोगों की निगाहें आसमान की ओर ही थीं। बुजुर्ग, नौजवान, बच्चे और महिलाएं सभी घरों की छतों पर ईद का चांद देखने के लिए डट गए।



## सरना समितियों के साथ प्रशासन ने की बैठक

अपर जिला दंडाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि सरहुल पर्व के दौरान सरना स्थल पर आने वाले लोग पूजा करने के बाद सुगम तरीके से अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो सके, ऐसी व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को आने जाने में किसी तरह की परेशानी ना हो उसका ख्याल रखा जाएगा। नगर निगम द्वारा लोगों के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है। आपसी समन्वय के साथ सरहुल पूजा के लिए सभी तैयारियां ससमय पूरी कर ली गई। सरहुल पर्व के मद्देनजर जितने भी सरना समितियां हैं, उनके साथ बैठक की गई। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को लगाया जायेगा, आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं, साथ ही ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा ताकि असामाजिक तत्व किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं उठा पाए। ट्रैफिक किसी तरह से बाधित ना हो रूट को ध्यान में रखते हुए डायवर्ट किया जाएगा।




## 20 करोड़ के गबन का आरोपित पीएचईडी कर्मी गिरफ्तार, 50.98 लाख बरामद

**रांची :** सदर थाना पुलिस ने पीएचईडी रांची प्रमंडल के कर्मी संतोष कुमार को गबन मामले में गिरफ्तार किया है। वह चुटिया थाना क्षेत्र में रहता था। वह मूल रुप से बिहार के जहानाबाद का रहने वाला है। इसके पास से 50 लाख 98 हजार 500 रुपया और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पेयजल स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमण्डल रांची में शहरी जलापूर्ति योजना (जेएनयूआरएम) की राशि में करीब 20 करोड़ रुपये के गबन से संबंधित सदर थाना में 28 दिसम्बर 2023 को मामला दर्ज कराया गया था। मामले के अनुसंधान के लिए सिटी एसपी के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम ने संतोष कुमार को सुखदेवनगर थाना के इन्द्रपुरी रोड नंबर एक स्थित आरोपित के ससुराल से गिरफ्तार किया गया। जांच के क्रम में इसके पास से 15 लाख रुपये बरामद किये गये। इसके निशानदेही पर मामले में गबन की राशि 35 लाख 98 हजार 500 रुपये बरामद किया गया है। इस तरह मामले में कुल 50 लाख 98 हजार 500 रुपये जब्त किया गया है।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री पर विवादित टिप्पणी पर भाजपा ने की निर्वाचन आयोग में शिकायत

**रायपुर :** भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को निर्वाचन आयोग ने कवासी लखमा के हिंसात्मक बयानों को लेकर शिकायत दर्ज की। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, विधायक मोतीलाल साहू, निर्वाचन समिति प्रमुख विजय शंकर मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, निर्वाचन समिति सह संयोजक मोहन पवार शामिल रहे।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बस्तर, छत्तीसगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार कवासी लखमा के द्वारा गोंडी बोली में लोगों को वोट अपील के दौरान प्रधानमंत्री के लिए अनुचित भाषा उपयोग किया गया है। छत्तीसगढ़ के कुटरू, बीजापुर में नौ अप्रैल को कांग्रेस के बस्तर लोकसभा उम्मीदवार कवासी लखमा द्वारा विवादित बयान दिया गया है। उनके द्वारा कुटरू में चुनावी सभा के दौरान तोंगपाल टिन अयस्क की उपलब्धता का जिक्र करते हुए टिन खदान से पुलिस को तीर धनुष से मारने की बात कह कर स्थानीय जनता को पुलिस एवं शासन के विरुद्ध भड़काया जा रहा है।

### झूठ के पुलिंदे से नहीं बदलेगा इतिहास : राहुल गांधी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र को निशाना बनाते हुए भाजपा के उसे मुस्लिम लीग की छाप कहने पर पार्टी सांसद राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ दल को करार जवाब दिया है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की झलक देखने वाली भाजपा यह जान ले कि विभिन्न राजनीतिक मंचों से बार-बार झूठ बोलने से इतिहास नहीं बदलेगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को एक्स पर हिंदी में पोस्ट करते हुए कहा, इतिहास गवाह है कि कौन देशभक्त था और किसने गद्दारी की है। भाजपा का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। एकतरफ कांग्रेस है जिसने हमेशा भारत को एकजुट रखा है और दूसरी तरफ वह हैं जो हमेशा लोगों को बांटने की कोशिश करते हैं। इतिहास गवाह है कि किसने देश को बांटने वाली ताकतों से हाथ मिला लिया था और किसने देश की एकता और स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी।

### हिमाचल में लोकसभा की चारों व विधानसभा की सभी 6 सीटों पर होगी भाजपा की प्रचंड विजय : अनुराग ठाकुर

**हमीरपुर:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को अपने हमीरपुर प्रवास के दौरान कहा कि जनविश्वास का यह जनसैलाब आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत का द्योतक है। पूरे देश में भाजपा और एनडीए के 400 पार के संकल्प को हिमाचल प्रदेश अपनी चारों लोकसभा सीटों का योगदान देकर सिद्धि तक पहुंचने को तैयार है। कांग्रेस के झूठे वादों और भ्रष्ट इरादों के परिणाम स्वरूप हिमाचल उपचुनावों में भी छह की छह विधानसभा सीटों का भाजपा की झोली में आना तय है।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35° |
| न्युनतम | 20° |

# मिट्टी धंसने से 3 महिलाओं की मौत, चार घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के माटिहाना पंचायत अंतर्गत कोकमारा गांव के समीप चाकुलिया-बहरागोड़ा मुख्य सड़क के किनारे बुधवार की सुबह गहराई में मिट्टी की खुदाई के दौरान कई मजदूर मिट्टी धंसने के कारण दब गए। इस घटना में दबने से तीन महिला मंजू किस्कु (32), सुशीला सोरेन (32) और आगोमनी टुडू (55) की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। दो महिला छिना मुर्मू (45), सलमा टुडू (50) और दो बच्ची कमली मुर्मू (17) व राईमनी हांसदा (15) बुरी तरह से घायल हो गई हैं। सभी घायलों का ईलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा में चल रहा है. घायलों में एक की हालत गंभीर है. बहरागोड़ा के बीडीओ केशव भारती ने कहा कि सभी मृतकों और घायलों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। उधर सूचना पाकर स्थानीय विधायक समीर कुमार मोहंती मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर दुःख प्रकट किया. उन्होंने घायलों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. वहीं घटना की सूचना मिलते ही पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश षाड़ंगी, सांसद प्रतिनिधि गौरव पुष्टि, तपेश महापात्र, रास बिहारी साव आदि राजनीतिक दल के नेताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार खड़ी मिट्टी घर के लेपन करने के लिए प्लास्टिक के बोरे में भरकर ले जाने के लिए लगभग 40 महिला तथा पुरुष खुदाई कर रहे थे. तभी अचानक ऊपर से मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा मजदूरों के ऊपर गिर गया. इससे मिट्टी खोद रहे सात लोग दब गये. सभी घायल और मृतक भूतिया पंचायत अंतर्गत बनियाकुंदर गांव के रहने वाले हैं.

# कांग्रेस व डीएमके ने गरीबों को बिजली पानी से वंचित रखा : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**चेन्नई :** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही तमाम पार्टियों का चुनाव प्रचार भी तेज हो गया. इस बीच पीएम मोदी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए आज दक्षिणी राज्य तमिलनाडु पहुंचे हैं. जहां मेट्टुपालयम में पीएम मोदी कांग्रेस और डीएमके पर निशाना साधा. पीएम मोदी ने कहा कि हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है. लेकिन देश में दशकों तक सत्ता में रहने वालों ने गरीबी नहीं मिटाई. कांग्रेस और डीएमके ने गरीबों, दलितों को बिजली, घर और पानी से वंचित रखा है.पीएम मोदी ने साथ ही कहा कि एनडीए ने करोड़ों लोगों को घर, बिजली और पानी दिया है. वहीं विरासती परिवार की राजनीति करने वाले केवल अपना परिवार चाहते हैं, दूसरों को ऐसा नहीं करने देते. इंडिया एलायंस को अपनी प्रतिभा पर विश्वास है. कोविड के दौरान उन्होंने मज़ाक उड़ाया कि हम वैक्सीन विकसित कर सकते हैं.



हमने कोविड के लिए वैक्सीन बनाई और दुनिया भर में करोड़ों लोगों की जान बचाई.इंडिया एलायंस ने भविष्यवाणी की है कि भारत की अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी. भाजपा सरकार ने हजारों एमएसएमई को बचाने के लिए 2 लाख करोड़ की पेशकश की. तमिलनाडु में बहुत प्रतिभा और मानव संसाधन हैं. डीएमके सरकार संभावनाओं को बर्बाद कर रही है. कोयंबटूर में कपड़ा उद्योग फल-फूल रहा है, लेकिन डीएमके सरकार ने बिजली शुल्क बढ़ाकर उद्योग को पंगु बना दिया है. हम मेक इन इंडिया की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. बीजेपी सरकार ने कोयंबटूर के लिए डिफेंस कॉरिडोर विकसित किया है, क्या डीएमके इसकी कल्पना कर सकती है? तमिलनाडु जब विकसित होगा तभी भारत भी विकसित होगा. हमने तमिलनाडु को लाखों करोड़ रुपये दिए हैं. एनडीए ने कोयंबटूर के लिए दो वंदे भारत ट्रेनें दी हैं. कोयंबटूर से पोलाची तक औद्योगिक एक्सप्रेसवे के रूप में विकसित किया जाएगा. कांग्रेस इंडिया गठबंधन खतरनाक विभाजनकारी खेल खेल रहा है. डीएमके नफरत की राजनीति करती है. अगर एनडीए को तीसरा कार्यकाल मिलता है तो हम कोंगु और नीलगिरी क्षेत्र के लिए और भी तेजी से काम करेंगे.

# झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का किया एलान

*** राजमहल से झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा के खिलाफ खोला मोर्चा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** साहिबगंज जिला के बोरियो से झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने राजमहल से झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के खिलाफ बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है. उन्होंने दावा किया है कि इस चुनाव में उनकी जीत भी होगी.लोबिन ने कहा कि जब दुर्गा सोरेन के नहीं रहने पर सत्ता हेमन्त सोरेन को मिली तो उस हिसाब से आज बसंत सोरेन को मुख्यमंत्री होना चाहिए था. उन्होंने कहा कि पार्टी के कई लोगों ने टिकट के लिए कल्पना सोरेन से मिलने की सलाह दी. लेकिन मैं कल्पना सोरेन से क्यों मिलूं. वह पार्टी में क्या हैं ? लोबिन ने दावा किया कि उनकी बसंत सोरेन से मुलाकात हुई थी. बसंत सोरेन भी विजय हांसदा को टिकट देने के पक्ष में नहीं थे. इसके बावजूद उनको टिकट दिया गया.अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन कर लोबिन हेम्ब्रम ने न सिर्फ राजमहल सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की बल्कि हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन से लेकर पार्टी के अन्य बड़े नेताओं पर जमकर भड़ास निकाली. लोबिन हेंब्रम ने



कहा कि झामुमो की कार्यकारिणी की बैठक में जब उन्होंने लोकसभा सीट पर चर्चा करनी शुरू की तब मुद्दे ही बदल दिए गए. उन्होंने कहा कि बसंत सोरेन से भी बात की थी, उन्होंने भी माना कि विजय हांसदा की स्थिति राजमहल में ठीक नहीं है. ऐसे में जनता के आह्वान पर मैं निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा और जीत दर्ज करूंगा. लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि मैं बागी नहीं हूं, बागी तो झामुमो है जो जनता के विश्वास के साथ धोखा किया है. उन्होंने कहा कि हम तो हमेशा झामुमो, शिबू सोरेन की नीतियों पर चलने का काम किया. जिन लोगों ने भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई, उन्होंने माटी से गद्दारी की है.झामुमो के बागी विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि राजमहल से उनकी जीत तय है. विजय हांसदा तीसरे नंबर पर और भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी दूसरे नम्बर पर रहेंगे. बता दें कि लोबिन के ताल ठोकने से राजमहल की राजनीति गरमा गई है. झामुमो ने विजय हांसदा को तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है. जबकि भाजपा ने ताला मरांडी को मैदान में उतारा है. एसटी के लिए रिजर्व इस सीट पर लंबे समय से झामुमो का दबदबा रहा है. लेकिन लोबिन की इंट्री से चुनावी खेल के दिलचस्प होने की संभावना जताई जा रही है.

# केजरीवाल मामले में तत्काल सुनवाई नहीं करेगा सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसे अरविंद केजरीवाल को पिछले 24 घंटे में तीन बड़े झटके लगे हैं. मंगलवार को गिरफ्तारी और कस्टडी को चुनौती देने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट और फिर बुधवार को वकीलों से जुड़ी मांग वाली याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट से निराशा हाथ लगी. दोपहर में सुप्रीम कोर्ट से भी केजरीवाल के लिए इंतजार करने वाली खबर आई. दिल्ली के सीएम दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी. हालांकि, में केजरीवाल की



अर्जी पर तत्काल सुनवाई नहीं होगी. उन्हें अगले हफ्ते तक इंतजार करना होगा. सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल बेंच नहीं बनेगी. ऐसे में सोमवार से पहले सुनवाई होने की गुंजाईश नहीं है. बता दें कि मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी और कस्टडी को वैध ठहराया था और उनकी दलीलों को ठुकराते हुए याचिका खारिज कर दी थी.

संक्षिप्त खबरें

## ओवर लोड हाईवा से बाजार मे गिरे दो बड़ा पत्थर, बाल बाल बचे राहगीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार :** नौड़ीहा बाजार परिसर मे जुमाई शाँह के दुकान के समीप बहुत बड़ा दुर्घटना टली है। ओवर लोड हाईवा का परिचलन से आज अचानक दो बड़ा पत्थर गिरा और वाहन से थोड़ी दूर होने के कारण पैदल जा रहे राहगीर और बाइक पर सवार बाल बाल बचे, अगर किसी राहगीर के ऊपर गिर जाता तो बहुत बड़ा दुर्घटना घट सकता था। आगे बताते चले कि लगातार नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे अपनी मनमानी व बेलगाम ओवर लोड हाईवा सड़क पर दौड़ा रही है। अक्सर ऐसी खबरें सुनने के लिए मिलती है, पत्थर गिरने के बाद नौड़ीहा बाजार के ग्रामीणों के बीच काफी आक्रोशित देखें, प्रशासन से अपील है की है कि हाइवा ओवरलोड बंद कराया जाए और स्पीड लिमिट किया नहीं तो हमलोग उग्र आंदोलन करेगें।

## रामजानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर निकला भव्य कलश शोभा यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** केतात ग्राम पंचायत में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह राम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान बुधवार से शुरू हो गया. महायज्ञ सह अनुष्ठान को लेकर आज भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया.यात्रा की शुरुआत नवनिर्मित मंदिर प्रांगण से हुआ.गाजे बाजे के साथ यात्रा ग्राम भ्रमण के बाद एनएच 75 के किनारे किनारे बी मोड़,डंडीला, रेहला होते हुए पांच किमी दूर कोयल नदी तट पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश में जल भरा गया। जिसके बाद नंगे पांव श्रद्धालु शर पर कलश लिए हुए जयघोष के बीच वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां पारंपरिक अनुष्ठान के बाद यज्ञशाला में कलश की स्थापना हुई। कलश यात्रा में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, वरिष्ठ समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह,मंदिर निर्माण के प्रणेता शशिनाथ चौबे, महागठबंधन की लोस प्रत्याशी मानता भुईयां, जिला पार्षद विजय रविदास, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विभकर नारायण पांडेय, अशोक पांडेय, राघवेन्द्र चौबे, सतीश चौबे, विनय चौबे, मार्कण्डे चौबे, मनोज चौबे, अरविंद चौबे, डॉ प्रकाश परिमल, पूर्व प्रमुख सन्तोष चौबे, कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, बीस सूत्री उपाध्यक्ष रवींद्र शुक्ल गुड्डू, आलोक चौबे, शैलेन्द्र चौबे, नागेन्द्र चौबे, बम्बू चौबे, टाइगर चौबे, नरसिंह चौबे, संजीव चौबे, कश्यप चौबे, लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रो.नंदलाल शुक्ला, शुशील शुक्ला सहित हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, किसान के 150 गेहूं की बोझा जल कर हुआ खाक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार :** विशुनपुर पंचायत के झलदाग गाँव के निवासी भुंशी यादव नामक के अपने घर के समीप लगभग 150 गेहूँ की बोझा अचानक ग्यारह बजे दिन मे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और रखी हुई सारी गेहूँ की बोझा जल खाक हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय मुखिया श्री जितेंद्र कुमार भारती के पीड़ित किसान के द्वारा दिया। तत्काल मुखिया ने दूरभाष के माध्यम से घटना की जानकारी प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी शुभम बेला टोपन की दी गई। प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी श्रीमती टोपन ने पत्रकारों के दूरभाष के माध्यम से बताया कि पीड़ित किसान को सरकार के द्वारा मिलने वाली सरकारी लाभ उन्हे मुहैया कराने की बात कहा।तत्काल पंचायत के मुखिया श्री जितेंद्र कुमार भारती ने 50 केजी गेहूँ और एक हजार रूपए नगद दे कर सहयोग किया।

## सरैया गांव में युवकों ने सांसद बीडी राम का किया विरोध



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू सांसद बीडी राम को भाजपा का तिसरी बार पलामू से उम्मीदवार बनाने के बाद से ही भाजपा के अंदर उनका विरोध हो रहा है, हालांकि भवनाथपुर विधायक इस विरोध को पाटने का प्रयास कर रहे हैं। इसी विरोध के दौरान सोमवार शाम सांसद बीडी राम अपने समर्थकों के साथ भवनाथपुर प्रखंड के पंडरिया पंचायत के सरैया गांव में पहुंचे थे, जहां आधा दर्जन युवकों ने सांसद बने कई सवाल खड़े करते हुए विरोध करना शुरू किया। युवक विजय महतो, अतुल गुप्ता, अगस्त गुप्ता सहित अन्य युवकों ने सांसद बीडी राम पुछा दो बार सांसद बने,हम सभी लोगों ने आपको दो बार सांसद चुना लेकिन दस वर्षों में एक बार भी हालचाल नहीं पुछा। जब चुनाव आया तो हालचाल लेने पहुंचे हैं। कहा आपकी केंद्र में सरकार होते हुए तुलसीदामर डोलोमाइट खदान बंद हो गया, वर्ष 2014 में चुनाव के वक्त कहें थे जितेंगे तो भवनाथपुर में सिमटे फैक्ट्री लगवाएंगे लेकिन लेकिन दो बार सांसद रहे, तीसरी बार मैदान में आए है वो भी नहीं पुरा किया। युवकों ने कहा भवनाथपुर में सैकड़ों समस्या है जिस पर सांसद ने कहा समस्या है और रहेंगी। जिसपर युवकों ने कहा तो हम क्यों आपको वोट देंगे। भवनाथपुर में शिक्षा, स्वास्थ्य सब फेल है जिसपर सांसद ने चुप्पी साध ली। सरैया गांव में सांसद का विरोध का विडियो बना रहे अगस्त गुप्ता नामक युवक को सांसद ने वीडियो बनाने से रोका जिसपर उनका अंगरक्षक ने युवक का हाथ पकड़कर वीडियो डिलीट करवा दिया। हालांकि सरैया गांव में युवकों के विरोध के बाद सांसद बीडी राम 15-20 मिनट में ही चुपचाप निकल पड़े। इस अवसर पर भाजपा के विनय चौबे, उमेन्द्र यादव, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, रवी पाल। सहित अन्य लोग थे।

## मालवारिया में श्री दुर्गा महायज्ञ मंदिर स्थापना विग्रह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान हेतु निकला कलश यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** मालवारिया में श्री दुर्गा महायज्ञ व मंदिर स्थापना विग्रह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान हेतु बुधवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। कलश शोभा यात्रा यज्ञस्थाल से शुरू हुआ। यात्रा को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, जिला पार्षद सह प्रादेशिक भाजपा नेता अरविंद सिंह, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी,महायज्ञ कमेटी के संरक्षक मनोज सिंह और अध्यक्ष ललन सिंह ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया.शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ और जयघोष के बीच मुरमा, मालवरिया, पांडेयपुर सहित कई गांवों का भ्रमण कर नदी तट पहुंची.जहां वैदिक मंत्रोचारणो के बीच कलश में जल भरकर श्रद्धालु वापस यगस्थल पहुंचे। बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने यज्ञशाला का उद्घाटनोप्रांत श्रद्धालुओं को यज्ञशाला में प्रवेश कराया.जिसके बाद पूरे विधि विधान के साथ कलश को स्थापित किया गया.कलश स्थापना के साथ ही सात दिवसीय महायज्ञ शुरू हो गया। इस महायज्ञ की पूर्णाहुति 16 अप्रेल को होगी.इस दौरान यज्ञ कमेटी ने अतिथियों और साधु संतों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अमृत शुक्ला ने कहा कि जहां यज्ञ से अंतर्मन के साथ वातावरण भी शुद्ध हो जाता है वही धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में हरियाली खुशहाली आती है.मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विभाकर पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व मुखिया राजमणि सिंह, रामबचन राम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, वेदप्रकाश शर्मा, राजाराम मेहता, रामसेवक पासवान, शुशील ठाकुर, संतोष रजवार, अजब नारायण शुक्ला, प्रिंस शुक्ला, सोनाबच्चा शुक्ला सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## डीएलएओ ने बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ के साथ निर्वाचन कार्यो का किया समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार प्रसाद ने सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक के साथ निर्वाचन संबंधी कार्यो की समीक्षा बैठक किया. उन्होंने प्रत्येक बीएलओ को 10-10 फार्म 6 भरने का निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि किसी भी बीएलओ का जीरो एंट्री नहीं होना चाहिये.ऐसा नही होने पर सख्त कार्रवाई किया जायेगा.उन्होंने फॉर्म 12(घ) के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि वैसे लोग जो मतदान के दिन उपस्थित नहीं रहते हैं या मतदान केंद्र पर जाने में सक्षम नही है, वैसे लोगों का फॉर्म 12 (घ) भरकर जमा करना है. उन्होंने सभी बीएलओ को अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव पाठशाला का आयोजन कर उसका फोटो भेजने का निर्देश दिया. उन्होंने सभी बीएलओ को अपने-अपने बूथों पर मूलभूत सुविधाओं यथा शौचालय की साफ सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था से संबंधित सूचना उपलब्ध कराना है. उन्होंने बताया कि इस बार सभी पोलिंग पार्टिया अपने-अपने बूथों पर ही रुकेंगे, इसलिए उनके लिए शौचालय, बिजली व पानी की व्यवस्था प्रत्येक बूथ पर किया जाना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि ऐसे जो मतदाता क्षेत्र से किसी कारणवश बाहर चले गये है, जो वापस आ सकते हैं तथा ऐसे मतदाता जो हमेशा के लिए क्षेत्र छोड़कर चले गये हैं या जिनकी मृत्यु हो चुकी है,उनकी सूची बनाकर अपने-अपने पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा की बूथ अवेयरनेस ग्रुप जिसमें 4 स्वयंसेवक, सेविका, सहायिका, एएनएम, सहिया, मनरेगा मेट शामिल है, को मिलकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करना है.उन्होंने कहा कि यह अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही किया जायेगा।

## रामनवमी व ईद पर्व को लेकर खरौन्धी थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी एवं ईद सरहुल पर्व को लेकर खरौंधी थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई7 जिसमें दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोग, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन के लोग उपस्थित हुए।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा की ईद तथा रामनवमी के दौरान आचार संहिता का ख्याल रखते हुए कार्यक्रम आयोजित करें ताकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आचार संहिता का उल्लंघन ना हो। उन्होंने लोगों से कहा की जनप्रतिनिधि तथा प्रबुद्ध लोग अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेवारी लेते हुए विशेष कर असामाजिक तत्वों पर निगाह रखें। जहां भी गड़बड़ी की संभावना हो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने रामनवमी के जुलूस, ईद की नमाज से संबंधित पूरी जानकारी त्वरित थाना को उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा की शांति भाईचारा एवं सद्भावना के साथ त्यौहार मनाएं। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा की सामाजिक सद्भाव बिगड़ने, तथा अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान भड़काऊ भाषण, अश्लील गाने बजाने तथा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने से बचने की सलाह दी गई अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर अंचल अधिकारी सुनील कुमार , पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, मुखिया संघ अध्यक्ष सह कुपा पंचायत मुखिया प्रमोद राम, खरौंधी मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा साह, अरंगी मुखिया प्रतिनिधि शिव कुमार यादव,चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, रामकृपाल द्विवेदी, प्रविंद गुप्ता, शशि पासवान, अशोक ठाकुर, समाजसेवी डॉ रामनाथ मेहता, श्याम सुंदर राम, अनिल सिंह, एस आई प्रमोद कुमार महतो, निरंजन कुमार सिंह, सहित सभी पुलिस के जवान, तथा दोनों समुदायों के लोग एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रामनाम जाप से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है : देवव्रत पांडेय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** महावीर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित 3 वां रामचरितमानस नवाह परायण यज्ञ की शुरुआत की गयी। इसके पूर्व समिति के लोगो द्वारा यज्ञ आचार्य व पाठ कर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आचार्य देवव्रत पांडेय ने कहा कि जहां राम नाम का जाप होता है।वहां से नकारात्मक शक्तियां अपने आप दूर हो जाती है।चैत शुक्ल पक्ष में राम नाम का जाप करने से सभी भक्तजनों को मनवांछित फल व शांति की प्राप्ति होती है। मौके पर जिला संघ संचालक दिनेश प्रसाद कश्यप, डॉ शिवप्रसाद मेहता सत्येंद्र कुमार चंदेल, सचिन आनंद, संतोष गुप्ता पायल, राजेंद्र पाल श्रवन अग्रवाल, अरविंद ओझा, मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, वरिष्ठ सदस्य पप्पू सोनी, डॉ मलय कुमार राय, सचिव उत्तम कुमार, सहसचिव राजीव कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सोनी, राजेश कुमार सिंह, अनुज कुमार चौधरी, छोटे लाल केशरी, सनी कुमार चंदेल, किशन कुमार, पंकज गुप्ता, प्रदीप कुमार, पप्पू आदि मौजूद थे।

## राम कृष्ण सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष कृष्णकांत व युवा सनातनी सेवा का अध्यक्ष आनंद बनाए गए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर :** हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में, मौर्या फार्म हाउस, नीलाम्बर-पीताम्बरपुर में मंगलवार को राम कृष्ण सनातन धर्म महासभा का गठन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता व संचालन पंकज मिश्रा ने किया। रामकृष्ण सनातन धर्म महासभा अध्यक्ष कृष्णकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष पप्पू मिश्रा, संरक्षक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता, उपसचिव संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष कमेश यादव,सचिव पंकज मिश्रा,सह संयोजक बीरेंद्र वर्मा, काशी विश्वकर्मा, महामंत्री सुमित सिन्हा, मंत्री बिनोद राम को बनाया गया वहीं रामकृष्ण युवा सनातनी सेना अध्यक्ष आनंद कुमार, उपाध्यक्ष रोशन मेहता, सचिव कुलदीप यादव, मंत्री दीपक मेहता, महामंत्री निर्मल मेहता, उपसचिव अभिषेक ठाकुर, संयोजक राजू जायसवाल, सहसंयोजक राकेश मेहता, सह मंत्री अजय पासवान, मीडिया प्रभारी सुमित गुप्ता को बनाया गया है। रामकृष्ण सनातन धर्म महासभा संरक्षक पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने कहा कि यह समिति का गठन हिंदुत्व व गौ रक्षा के साथ 51 जोड़ी कन्याओं को सामूहिक विवाह करने के लिए किया गया है।साथ ही गोवर्द्धन महायज्ञ के आयोजन पर विचार-विमर्श हुआ। एक माह के अंदर 50000 धर्म रक्षकों को महासभा की सदस्यता दिलाने का लक्ष्य निर्धारित कर इसे पूर्ण करना और श्री रामनवमी के अवसर पर भव्य रावण दहण एवं भव्य गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन पर चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम विहिप मंत्री सुमित गुप्ता, मिथिलेश पासवान, काशी विश्वकर्मा, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, विश्व हिंदी परिषद प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार, संयोजक दीपक मेहता, लाला प्रसाद यादव, नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान, संदीप यादव, देवराज साव, विरेंद्र राम, बसंत शर्मा, अजीत सिंहा, लाल बिहारी, सुधीर तिवारी, रोशन मेहता, पूर्व मुखिया अजय पासवान, रमेश कुशवाहा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## जपला एके सिंह कॉलेज में विश्वविद्यालय स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को जपला एके सिंह कॉलेज जपला में आई क्यू ए सी एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जलवायु परिवर्तन विषय पर एक दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉक्टर केसी झा, मुख्य वक्ता के रूप में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के पीजी हेड डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह, गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय गढ़वा के डॉक्टर अरुण कुमार सिंह, संत तुलसीदास महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संतोष मिश्रा, जीसीपीए कॉलेज छतरपुर के प्राचार्य जितेंद्र प्रसाद मुख्य रूप से शामिल हुए।सेमिनार की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सूर्य मणि सिंह ने की। तथा कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के अध्यापक प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि डॉक्टर आनंद कुमार ने किया। आज के दिन जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, सतत विकास, ग्रीनहाउस इफेक्ट और जलवायु संकट इन सारी विषयों पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला।

## 1896 बोतल देशी शराब को हुसैनाबाद पुलिस ने पकड़ा, एक गिरफ्तार

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को रात्रि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल से स्कोर्ट कर के ब्लु रंग का टाटा नेक्सोन गाडी में अवैध शराब का खेप को हुसैनाबाद (जपला) से लोडकर नहर रोड के रास्ते गांव सोनवर्षा, लोटनिया तथा एकौनी में स्थित पुजा भट्ठा होकर बिहार ले जाने की तैयारी में है। प्राप्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए हुसैनाबाद अनुमंण्डल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए कार से देशी शराब टनाका का 37 पेटी व 120 बोतल कुल 1896 पीस बोतल बरामद किया, साथ ही पुलिस को ग्रे रंग का वन पल्स मोबाइल एवं ब्लू रंग का टाटा नेक्सोन गाडी के साथ सन्नी सिंह उम्र 25 वर्ष पिता-दिलिप सिंह पता गांव चचेरिया थाना हैदरनगर जिला-पलामू को विधिवत गिरफ्तार कर हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी और सफलता पूर्वक निर्वहन करती ब्लॉक प्रमुख दीपा कुशवाहा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विशुनपुरा :** वर्तमान दौर में आपने राजनैतिक रूप से जुड़े कई नेताओं को कभी सफाई कर्मियों के साथ झाड़ू लेकर तो कभी मजदूरों के साथ कुदाल लेकर तो कभी किसानों के साथ खेत में काम करते फोटो खिंचवाते देखा होगा ऐसे नेताओं को गरीबों की याद और उनकी समस्या सिर्फ उसी समय याद आती है जब ये फोटो खिंचवा रहे होते है ।जैसे ही ये उनके पास से थोड़ी दूर हटते है उनकी समस्या उनका दर्द भूल जाते है और भोले भाले लोग इनके राजनीतिक बातों में आकर भावनात्मक रूप से शिकार हों जाते है और इनके समर्थन में आ जाते है पर उनकी समस्याएं जस के तस बनी रहती है ।पर ऐसे नेताओं से एकदम अलग हैं विशुनपुरा ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी ये खेत में खलिहान फोटो खिंचाने के लिए नही बल्कि वास्तव काम करने के लिए जाती हैं और तभी खेत से वापस आती है जब काम पूरा हो जाता है विदित हो की 1997 में उग्रवादियों द्वारा कारित एक हत्या कांड में इनके ससुर बिहारी लाल मेहता आजीवन कारावास का सजा काट रहे है जो घर के पूरी जिम्मेवारी को संभालते थे और ऐसे में अभी प्रखंड से लेकर घर तक की सारी जिम्मेवारी ब्लॉक प्रमुख के ऊपर है जिसका सफलता पूर्वक निर्वहन कर रही हैं। बहुत आग्रह करने के बाद आज सुबह प्रमुख ने अपना खेत में गेंहू काटने की फोटो खींचने और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की इजाजत दी। जैसा की आप जानते है आज कल गेंहू कटनी का समय चल रहा है तो इनकी सुबह के 4 बजे से 8 बजे तक गेंहू काटना 9 बजे से 12 बजे तक प्रखंड के बच्चो को पढ़ाना फिर 12 बजे के बाद ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय में बैठना, जन शिकायतों को सुनना उनकी समस्याओं का त्वरित निदान करवाना , प्रखंड क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करना लोगो की समस्याओं को सुनना और सही मंच पर उनकी समस्याओं को रखना ब्लॉक प्रमुख दीपा कुशवाहा की आम दिनचर्या सी बन गया है जो प्रखंड के युवाओं के लिए प्रेरणा का श्रोत है। सबसे बड़ी विशेषता इनकी यह है की इतने व्यस्तम समय और कार्य भार के बावजूद ये विचलित नहीं होती न घबराती है जो भी जनता जब आए उनका सम्मान पूर्वक समस्याओं को सुनना और उसके प्रति गंभीर रहने की इनकी तरीका इन्हे औरों से अलग करती है।

## रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति का हुआ बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** रामनवमी एवं ईद सरहुल पर्व को लेकर खरौंधी थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोग, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन के लोग उपस्थित हुए। बैठक मे उपस्थित लोगों को ईद, वासंतिक नवरात्र तथा रामनवमी को आचार संहिता तथा सरकार द्वारा निर्देशित गाइडलाइन के तहत मनाने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा की ईद तथा रामनवमी के दौरान आचार संहिता का ख्याल रखते हुए कार्यक्रम आयोजित करें ताकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आचार संहिता का उल्लंघन ना हो। उन्होंने लोगों से कहा की जनप्रतिनिधि तथा प्रबुद्ध लोग अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेवारी लेते हुए विशेष कर असामाजिक तत्वों पर निगाह रखें। जहां भी गड़बड़ी की संभावना हो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने रामनवमी के जुलूस, ईद की नमाज से संबंधित पूरी जानकारी त्वरित थाना को उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा की शांति भाईचारा एवं सद्भावना के साथ त्यौहार मनाएं। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा की सामाजिक सद्भाव बिगड़ने,तथा अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान भड़काऊ भाषण, अश्लील गाने बजाने तथा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने से बचने की सलाह दी गई अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर अंचल अधिकारी सुनील कुमार , पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, मुखिया संघ अध्यक्ष सह कुपा पंचायत मुखिया प्रमोद राम, खरौंधी मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा साह, अरंगी मुखिया प्रतिनिधि शिव कुमार यादव, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, रामकृपाल द्विवेदी, प्रविंद गुप्ता, शशि पासवान, अशोक ठाकुर, समाजसेवी डॉ रामनाथ मेहता, श्याम सुंदर राम, अनिल सिंह, एस आई प्रमोद कुमार महतो, निरंजन कुमार सिंह, सहित सभी पुलिस के जवान, तथा दोनों समुदायों के लोग एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## साक्षरता कर्मियों द्वारा प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान के प्रति मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला साक्षरता समिति के निर्देश के आलोक में प्रखंड साक्षरता समिति खरौंधी के द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। बुधवार को स्लोगन लेखन, मेहंदी व पेंटिग के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत अरंगी, खरौंधी, चन्दनी, राजी, सुंडी, करिवाडीह, सिसरी, कूपा, मझिगावां, खरौंधी आदि पंचायतों में प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मतदाताओं को लोक सभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। आकर्षक रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता लोगों के आकर्षण का केंद्र है। इस संबंध में खरौंधी प्रखण्ड समन्वयक रंजू गुप्ता ने बताया की स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्रामीण स्तर पर लोगों को जागरूक करना जरूरी है।पंचायत साक्षरता समिति के प्रेरकों, भीटी, साक्षरता कर्मियों के माध्यम से हर गांव व टोला में मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### रिम्स निदेशक को हाईकोर्ट में उपस्थित होना पड़ा

रांची। रिम्स की व्यवस्था में सुधार हो इसको लेकर हाई कोर्ट भी गंभीर है। मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में रिम्स के निदेशक को हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित होना पड़ा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उनसे रिम्स में चिकित्सा उपकरणों की स्थिति क्या है के अलावा अदालत ने उनसे यह भी बताने को कहा है कि रिम्स में सुधार के लिए क्या-क्या कदम उठाए जाने चाहिए। अदालत ने उन्हें सभी जानकारी चार सप्ताह में शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। दरअसल रिम्स में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, बुनियादी सुविधा दिलाने, एमआरआई मशीन सहित अन्य चिकित्सा उपकरण को ऑपरेशनल रखने को लेकर ज्योति शर्मा की ओर से जनहित याचिका दायर हुई है।

### जेएफटीए में तीन दिवसीय नाटक महोत्सव केवल 50 रुपये में देखें

रांची। 12, 13 और 14 अप्रैल की शाम 5 बजे रांची रंगमंच गुलजार होने जा रहा है। कडरू स्थित झारखंड फिल्म एंड थिएटर एकेडमी के प्रांगण में स्थित स्टूडियो थिएटर में तीन दिवसीय फ्रपूर्णकालिकफ्र ड्रामा फेस्टिवल, जिसके तहत तीनों दिन रोज एक पूर्णकालिक नाटक का मंचन किया जायेगा। मोती महल डीलक्स तंदूरी ट्रेल, क्लब रोड, रांची और जएस न्यूट्रिएंट वाटर के सहयोग से आयोजित इस ड्रामा फेस्टिवल में शामिल तीन पूर्णकालिक नाटकों में से 12 अप्रैल को मंचन होगा, विजय विजन रचित नाटक शून्यकाल, 13 अप्रैल को चीरंजित द्वारा रचित फ्रचक्रव्यूहफ्र और 14 अप्रैल की शाम को होगा के एम मिश्र रचित नाटक हाल बेहाल घोड़े की नाल। तीनों ही नाटकों की परिकल्पना व निर्देशन राजीव सिन्हा ने की है। मात्र 50 रुपए की टिकट लेकर दर्शक तीनों दिन तीनों नाटकों का लुत्फ उठा सकते हैं।

# पचास लाख रुपए के साथ एक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छतः स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमण्डल, रांची में शहरी जलापूर्ति योजना की राशि में करीब 20 करोड़ रूपए गबन से संबंधित सदर थाना में दर्ज किया गया। एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि इस पूरे मामले की उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक, नगर राजकुमार मेहता के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम द्वारा संतोष कुमार उम्र 46 वर्ष, पता जग्गी कम्पाउण्ड अपर चुटिया, थाना चुटिया, जिला राँची, स्थाई पता जैतीपुरबारा, पोस्ट सुपी, थाना काको, जिला जहानाबाद (बिहार) के गिरफ्तारी हुई। प्राथमिकी अभियुक्त संतोष कुमार को सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत इन्द्रपुरी रोड नंबर-01 में अवस्थित अभ्युक्ति के ससुराल के पास से 15,00,000/- (पन्द्रह लाख) रू0 के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर कांड में गबन की राशि 35.98,500/- (पैतीस लाख अंठानवे हजार पाँच सौ) रू0 मात्र बरामद किया गया है। इस तरह कुल बरामदगी 50,98,500/-रू0 नगद हुई है।

गिरफ्तार किये गये अपराधकर्मियों का नाम एवं पता

**बरामद एवं जप्त सामान की विवरणी:** 50,98,500/- (पचास लाख अठानवे हजार पाँच सौ) रू0 नगद,अभियुक्त का वीवो कंपनी का मोबाईल

**छापामारी दल में शामिल सदस्य:** संजीव कुमार बेसरा, पुलिस उपाधीक्ष, सदर, राँची, प्राणरंजन कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, राँची , कुलदीप कुमार, पुलिस निरीक्षक सह-थाना प्रभारी, सदर, दीपक नारायण सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक, सदर थाना, सन्नी कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक, गोदा थाना, गजेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक, खेलगाँव थाना , दीपक राणा, पुलिस अवर निरीक्षक, सदर थाना, सत्येन्द्र सिंह, सहायक अवर निरीक्षक, सदर थाना, फैजल साह, सहायक अवर निरीक्षक, तकनिकी शाखा, आरक्षी / 1586 संदीप कुमार, सदर थाना,आरक्षी/3349 प्रभाषु कुमार,आरक्षी/3604 हेमन्त कुमार यादव,आरक्षी प्रवेश कुमार पासवान, तकनिकी शाखा, आरक्षी अजमत अंसारी तकनिकी शाखा, आरक्षी सुभाष कुमार, तकनिकी शाखा, सदर थाना सशस्त्र बल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची का क्यूआरटी टीम शामिल था।

# सुबह में ईद की नमाज अदा की जायेगी और दोपहर में सरहूल की झांकी निकाली जायेगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को प्रकृति पर्व सरहुल का मनाया जाएगा,इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है। प्रकृति प्रेमियों ने बुधवार को उपवास रखा। आज 11 अप्रैल को रांची शहर में भव्य शोभायात्रा निकली जायेगी। सरहुल प्रकृति प्रेमी आदिवासियों का त्योहारों में से एक है। आदिवासी समुदाय के लोग सरहूल पर्व को इतना महत्वपूर्ण मानते हैं कि अपने सारे शुभ कार्य की शुरुआत इसी दिन से करते हैं। पूजा में भाग लेने वाले और मौजा पहनने वाले सभी लोग आज व्रत रखेंगे। शाम को सरना स्थलों पर जलराखाई पूजा होगी। इस पर्व में यह अनुमान लगाया जाता है कि इस साल वर्षा कितनी होगी । खेती बारी का कैसा प्रभाव रहेगा। इसलिए गांव के पहान विशेष अनुष्ठान करते हैं। जिसमें ग्राम देवता की पूजा की जाती है और कामना की जाती है कि आने वाला साल और वर्षा अच्छा हो। इस क्रम में पाहन सरना स्थल में मिट्टी के घड़े में पानी रखते हैं पानी के स्तर से ही आने वाले साल में बारिश का अनुमान लगाया जाता है। पूजा समाप्त होने के दूसरे दिन गांव के पाहन घर-घर जाकर फूलखोंसी करते हैं ताकि उस घर और समाज में खुशी बनी रहे। पूजा के बाद रांची शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न बस्ती,टोला, मुहल्ला से पैदल शोभा यात्रा निकाली जायेगी। नामकुम ,लोवाडीह, कांटाटोली,कोकर, लालपुर, करमटोली, डंगरा टोली, सिरम टोली, बरियातू, बड़गाई, चुटिया,बहुबाजार, हरमू, अरगोड़ा, हटिया ,रातू, हेसाग, पिस्का मोड़,कांके,घाघरा, डोरंडा आदि क्षेत्रों से सरना झंडा, आदिवासी संस्कृति की झांकी लेकर सभी शहीद अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए सभी जुलूस सिरमटोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल तक जायेंगे यहां प्रकृति पूजा करने के बाद देर शाम तक सभी अपने-अपने मौजा में लौट आयेंगे। वहीं सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात की गई है। बता दें की सुबह ईद की नमाज पढ़ी जायेगी जो करीब ईदगाहों की बात करें तो नमाज के बाद करीब 11.30 बजे तक भीड़भाड़ रहेगी सभी घर लौट आयेंगे। दोपहर में सरहूल की झांकी निकाली जायेगी और जगह जगह स्वागत शिविर लगाया जाएगा।

# डॉ आशा लकड़ा ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने बुधवार को दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की और सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी।

# बिशप हार्टमैन स्कूल में सरहुल व ईद को लेकर छात्रों ने दी प्रस्तुति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** नामकुम थाना क्षेत्र स्थित बिशप हार्टमैन स्कूल में छात्रों के द्वारा सरहुल को लेकर नृत्य एवं गन का प्रदर्शन किया गया। स्कूल में मौजूद फादर एवं शिक्षकों के द्वारा सरहुल प्रकृति पर्व की मान्यता तथा उसे मनाने के पीछे का लक्ष्य को बताया गया।

कुछ शिक्षकों एवं स्कूल के वाइस प्रिंसिपल से बातचीत के दौरान बच्चों के पढ़ाई लिखाई एवं उनके अन्य स्तर पर प्रोत्साहित करने के बारे में जानकारी दी। वाइस प्रिंसिपल ने बताया कि बच्चों को वे न सिर्फ पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हैं बल्कि अन्य किसी क्षेत्र में



अगर उनका रुझान हो तो वे उसे पर भी मेहनत करते हैं और उन्हें एक पहचान दिलाने की कोशिश करते हैं। शिक्षकों को द्वारा बताया गया कि कैसे बच्चों को एक बेहतर इंसान बनने के लिए भी वह कड़ी मेहनत करते हैं। कुछ छात्रों ने बताया कि उन्हें यह स्कूल में पढ़कर काफी अच्छा लग रहा है । वहीं सरहूल,ईद की बधाई दी गई। छात्रों द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम कर मनमोह लिया।

# केंद्रीय सरना समिति ने सरहुल को लेकर जारी किया दिशा-निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** कचहरी स्थित आरआईटी बिल्डिंग में बुधवार को केंद्रीय सरना समिति के कार्यालय में सरहुल पूजा महोत्सव को धूमधाम और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल शोभा यात्रा में नशापान करके शामिल न हो। साथ ही उन्होंने कहा कि सरहुल के जुलूस और शोभा यात्रा में महिलाएं लाल पाड़ साड़ी, पुरुष धोती -गंजी में शामिल हो। सरहुल शोभायात्रा में पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल, नगाड़ा और मांदर के साथ नृत्य संगीत करें। छोटे-छोटे बच्चों के पॉकेट में नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखकर डाल दें। आधुनिक गाना ना बजाये, डीजे से बचें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव मौजा के खोडहा दल अपने दल का स्वयं सुरक्षा सुनिश्चित करें। अपने-अपने खोडहा दल में ही नृत्य संगीत करें और उसमें दूसरों को घुसने ना दें। तिर्की ने प्रशासन से मांग किया है कि सीसीटीवी और ड्रोन कैमरा से सरहुल शोभा यात्रा की निगरानी किया जाए।

# बाबा साहब अंबेडकर के सपनों को पूरा कर रही मोदी सरकार : बाउरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय सभागार में बुधवार को भीम आर्मी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं इंटक के प्रदेश सचिव विरेंद्र पासवान के नेतृत्व में दलित समाज से सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कार्यालय सभागार में आयोजित मिलन समारोह में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी एवं प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहु ने सभी को पार्टी का पट्टा, माला पहनाकर एवं ऑनलाइन सदस्यता कराकर पार्टी में शामिल कराया। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूरा करने का काम केंद्र की मोदी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि दलित समाज की सबसे बड़ी हितैषी भारतीय जनता पार्टी है जिसे पिछले 10 वर्षों की मोदी सरकार ने अपने कार्यों से साबित किया है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में दलित विरोधी, पिछड़ा विरोधी, युवा एवं महिला विरोधी सरकार चल रही है जिसका इस आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जनता भारी मतदान कर जवाब देने का काम करेगी। प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर हर दिन लोग बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ रहे हैं। आज समाज के हर तबके में उत्साह का माहौल है और नरेन्द्र मोदी हमारे सर्वमान्य नेता हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पर देश को भरोसा है, जनता को भरोसा है। भाजपा में शामिल होने वाले भीम आर्मी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों के अपने कार्यकाल में सबसे ज्यादा दलितों के उत्थान के लिए काम किया है जिससे प्रभावित होकर हम सबने भाजपा की सदस्यता ग्रहण

# राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल ने लापरवाह स्कूलों के खिलाफ की कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट (एनईपी) की जिलेवार जमीनी पताल के लिए राज्य के विभिन्न जिलों के लिए गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण के तीसरे दिन बुधवार को भी लगातार सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण जारी रहा। तीसरे दिन पदाधिकारियों द्वारा कई स्कूलों के विरुद्ध लापरवाही बरतने और अनुशासनहीनता के मामले में कार्रवाई करते हुए शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। स्कूलों को एक हफ्ते के अंदर कार्य प्रगति से पदाधिकारियों को अवगत कराने का निर्देश दिया गया है। कार्य संतोषजनक ना पाए जाने की स्थिति में संबंधित स्कूलों के एचएम और शिक्षकों के वेतन को रोकने की अनुशंसा की गयी है। पदाधिकारियों ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, मेराल, गढ़वा और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, मधुपुर, देवघर को व्यवस्था में सुधार लाने के लिए एक हफ्ते का समय दिया है। एसएस 2 उच्च विद्यालय, बोलबा, सिमडेगा में प्रोजेक्ट इंपैक्ट के संचालन एवं विद्यालय में कम नामांकन पर टीम ने नाराजगी जताते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक को शोकॉज जारी किया है।

**जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय दुमका के प्रभारी प्राचार्य सस्पेंड:** दुमका में अनुश्रवण के लिए गए पदाधिकारियों की अनुशंसा पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दुमका के जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य महेंद्र राजहंस को सस्पेंड कर दिया है। उनके स्थान पर वरीय सहायक शिक्षक बब्बन कुमार को स्कूल का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है। विद्यालय निरीक्षण के लिए गयी राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम ने प्रभारी प्राचार्य को कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में दोषी पाया। दल के पदाधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि विद्यालय का पुस्तकालय बेहद खराब स्थिति में था। उसे शिफ्ट करने का आदेश दिया जा चुका है लेकिन प्रभारी प्राचार्य ने पुस्तकालय शिफ्ट करने में ढिलाई बरती और अबतक इस कार्य को पूरा नहीं किया। इसे राज्य शिक्षा परियोजना के आदेशों की अवहेलना का गंभीर विषय बताते हुए प्रभारी प्राचार्य को तत्काल सस्पेंड करने की अनुशंसा की गयी।

# प्रधानमंत्री महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की आमदनी पर क्यों नहीं बोलते : कांग्रेस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री दुनिया के हर विषय पर भाषण देते हैं। लेकिन वह महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आमदनी, महिला पहलवानों की यौन शोषण पर क्यों नहीं बोलते है। प्रधानमंत्री विकसित भारत की बात करते हैं लेकिन देश की अर्थव्यवस्था खतरें में है। इसकी भनक प्रधानमंत्री को सुनाई नहीं देती है। सिन्हा बुधवार को रांची के कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वित्तीय और निवेश सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी की ताजा रिपोर्ट यह बताती है कि घरेलू ऋष्ण का स्तर सकल उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत हो गया हैं। घरेलू बचत भी 47 साल के निचले स्तर तक पहुंच गई है। पैसा बचाना तो दूर भारतीय परिवार धीरे-धीरे कर्ज में डूबते जा रहे हैं। देश विनाशकारी नोटबंदी की मार से अबतक निकल नहीं पाई। भयंकर महंगाई बेरोजगारी पर प्रधानमंत्री चुप हैं। किसान सड़कों पर हैं और प्रधानमंत्री अपने पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने में मशगूल हैं। चंदे के पैसे से गैर भाजपा सरकार को गिराया जा रहा है। विपक्ष के विधायक को खरीदा गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से पांच प्रश्न पूछे। इनमें बीफ कंपनियों से प्रधानमंत्री इलेक्टोरल बॉन्ड से 250 करोड चंदा क्यों लिये, महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपित बृजभूषण की गिरफ्तारी अब तक क्यों नहीं हुई, रक्षा बजट में कटौती क्यों की गई, अग्निवीर की जगह स्थायी नियुक्ति क्यों नहीं शामिल है।

# सरहुल आज, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची, राहुल कुमार के दिशा-निर्देशानुसार सरहुल पर्व के मद्देनजर 10 अप्रैल 2024 को अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक एवं अपर प्रशासक रांची नगर निगम रांची, सौरभ प्रसाद द्वारा शहर के विभिन्न सरना स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक रांची, के.वी रमन, सहायक प्रशासक रांची नगर निगम रांची, निहारिका तिर्की, सूरज प्रकाश चौधरी, उप समहर्त्ता जिला नजारत, रांची एवं अन्य संबंधित पुलिस/प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक एवं अपर प्रशासक रांची नगर निगम रांची, सौरभ प्रसाद द्वारा सिरम टोली, सरना टोली एवं हातमा स्थित सरना स्थलों का निरीक्षण किया गया। यहां आला अधिकारियों द्वारा सरना समितियों से बेहतर व्यवस्था हेतु बातचीत भी की गयी। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची, को सरना समिति द्वारा सरना स्थलों पर लाइट, सड़क समतलीकरण, जलापूर्ति, मोबाइल टॉयलेट आदि की बेहतर व्यवस्था को लेकर समतियों द्वारा राय दी गयी। उन्होंने कहा कि इस आलोक में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सरना स्थलों पर हर सुविधा के लिए खाका



तैयार कर लिया गया है, सभी सरना स्थल पर व्यवस्था अच्छी व्यवस्था की जाएगी ।अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची, ने कहा कि अधिकारियों एवं सरना समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर सरना स्थल पर आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची, ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि सरहुल पर्व के दौरान सरना स्थल पर आने वाले लोग पूजा करने के बाद सुगम तरीके से अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो सके, ऐसी व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं को आने जाने में किसी तरह की परेशानी ना हो उसका ख्याल रखा जाएगा। नगर निगम द्वारा लोगों के लिए वाहन की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि आपसी समन्वय के साथ सरहुल पूजा के लिए सभी तैयारियां ससमय पूरी कर ली जाए। सरहुल पर्व के मद्देनजर जितने भी सरना समितियां हैं, उनके साथ बैठक की गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को लगाया जायेगा, आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं, साथ ही ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा ताकि असामाजिक तत्व किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं उठा पाए । ट्रैफिक किसी तरह से बाधित ना हो रूट को ध्यान में रखते हुए डायवर्ट किया जाएगा और इस संदर्भ में पूर्व में ही मीडिया में सूचना दी जाएगी। सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की ध्वनि प्रदूषण न हो इसे लेकर सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक करें एवं लाउडस्पीकर एक्ट का अनुपालन अवश्य किया जाए। कोई भी कानून का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# तीस रोजे के साथ माहे रमजान का हुआ अलविदा, धूमधाम से आज मनेगा ईद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को पूरे भारत में एक साथ ईद-उल-फितर मनाया जाएगा। ईद को को मीठी ईद के रूप में भी जाना जाता है। इस्लामी कैलेंडर के मुताबिक हिज़री कैलेंडर के अनुसार दसवें महीने यानी शव्वाल के पहले दिन ये पूरी दुनिया भर में मनाया जाता है।

इस्लामी कैलेंडर में ये महीना चांद देखने के साथ शुरू होता है। जब तक चांद नहीं दिखे तब तक रमजान का महीना खत्म नहीं माना जाता। रमजान में तीस या उन्नतीस रोजे होते हैं लेकिन इस। बार तीस रोजे रखने का मौका मिला है। इसी तरह रमजान के आखिरी दिन चांद दिख जाने पर अगले दिन ईद मनाई जाती है। ऐसा भी माना जाता है कि इस दिन हजरत मुहम्मद सल. अलैहिस्सलाम मक्का शहर से मदीना के लिए निकले थे।

**क्यों मनाई जाती है ईद :** मक्का से मोहम्मद पैगंबर सल. अलैहिस्सलाम के प्रवास के बाद पवित्र शहर मदीना में ईद-उल-फितर का उत्सव शुरू हुआ। माना जाता है कि पैगम्बर हजरत मुहम्मद सल. अलैहिस्सलाम ने बद्र की लड़ाई में जीत हासिल की थी। इस जीत की खुशी में सबका मुंह मीठा करवाया गया था, इसी दिन को मीठी ईद या ईद-उल-फितर के रुप में मनाया जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार हिजरी संवत 2 यानी 624 ईस्वी में पहली बार (करीब 1400 साल पहले) ईद-उल-फितर मनाये जाने की बात बताई जाती है। पैगम्बर हजरत मुहम्मद सल. अलैहिस्सलाम ने बताया है कि उत्सव मनाने के लिए अल्लाह ने कुरान में पहले से ही 2 सबसे पवित्र दिन बताए हैं। जिन्हें ईद-उल-फितर और ईद-उल-जुहा कहा गया है। इस प्रकार ईद मनाने की परंपरा अस्तित्व में आई। ईद का त्योहार सबको साथ लेकर चलने का संदेश देता है। ईद पर हर मुसलमान चाहे वो आर्थिक रुप से संपन्न हो या न हो, सभी एकसाथ नमाज पढ़ते हैं और एक दूसरे को गले लगाते हैं।

**दान करने का मौका:** हर मुसलमान को धन, भोजन और कपड़े के रूप में कुछ न कुछ दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कुरान में ज़कात अल-फ़ित्र को अनिवार्य बताया गया है। जकात यानी दान को हर मुसलमान का फर्ज कहा गया है। ये गरीबों को दिए जाने वाला दान है, जो ईद की नमाज से पहले कर देना है। मुस्लिम अपनी संपत्ति को पवित्र करने के रूप में अपनी सालाना बचत का एक हिस्सा गरीब या जरूरतमंदों को कर के रूप में देते हैं। ईद की शुरुआत सुबह दिन की पहली नमाज के साथ होती है। जिसे सलात अल-फ़ज़्र भी कहा जाता है। इसके बाद पूरा परिवार कुछ मीठा खाता है। वैसे ईद पर खजूर खाने की परंपरा है। फिर नए कपड़ों में सजकर लोग ईदगाह या जामा मस्जिद जहां पूरा समुदाय एक साथ ईद की नमाज़ अदा करते है। नमाज के बाद, ईद की बधाईयां गले लगकर दी जाती है।

# मिट्टी के धरोहर सम्मान से सम्मानित हुए अर्चित आनंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अर्चित आनंद को नई दिल्ली के लोककला मंच में सम्मानित किया गया।प्रकृति की रक्षा हेतु अपना सर्वश्रेष्ठ देने की दिशा में अर्चित आनंद की मेहनत और लगन को अंतरराष्ट्रीय संस्था आवर मिट्टी फ़ाऊंडेशन ने पहचाना और सम्मान दिया।आप सभी को ज्ञात हो कि श्री अर्चित जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण पर पिछले बीस वर्षो से देश के विभिन्न राज्यों विशेषकर झारखंड काम कर रहे हैं।इस अवसर पर अर्चित आनंद ने सभी का आभार व्यक्त किया साथ ही बताया कि



आज के परिवेश में दुनिया में प्रकृति के हर स्वरूप का दोहन हमसब कर रहे हैं,हमें अपने सुरक्षित भविष्य के लिए इसको रोकना होगा।विकास वर्तमान की जरूरत है पर अंधकारमय भविष्य की कीमत पर नहीं।इस अवसर पर श्री प्रमोद कुमार सुमन,डॉ ज्वाला प्रसाद सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।कार्यक्रम का समापन संगीत प्रस्तुति से नीदरलैंड से आये लोकगायक़ राजमोहन की मधुर प्रस्तुति से हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### कल्याणपूर मे सरहुल पूजा महोत्सव आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपूर मे आज सरहूल पूजा महोत्सव मनाया जाएगा।कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारी लगभग पुरी कर ली गई है।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि अपराह्न 12ः00 बजे सरहुल पूजा के मौके पर शोभायात्रा निकाली जाएगी,जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल होंगे।यह शोभा यात्रा इलाके का भ्रमण करने के बाद कल्याणपुर सरना स्थल पहुंचेगी, जहां सरहुल पूजा महोत्सव को लेकर समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास उपस्थित होंगे।इसके अलावा कई जनप्रतिनिधि व सीसीएल अधिकारी भी समारोह में अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।आयोजन समिति के लोगों ने क्षेत्र के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### कल्याणपूर मे ईद मिलन समारोह आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में आज ईद पर को लेकर मुस्लिम नवयुवक कमेटी के द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया है।इसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सुबह 10 बजे से समारोह की शुरुआत की जाएगी।इस कार्यक्रम में कई सीसीएल अधिकारी,श्रमिक प्रतिनिधि,जनप्रतिनिधि, राजनीतिक पार्टी सहित स्थानीय ग्रामीण शामिल होगे।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कल्याणपुर अंजुमन के सदर इदरीस अंसारी,सेक्रेटरी नईम अंसारी,शकील अंसारी, मुस्ताक आलम सहित अन्य लोग इसकी तैयारी में लगे हुए हैं।

### खूंटी में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त के निर्देशानुसार विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। जिला अन्तर्गत अवैध खनन पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में जांच दल द्वारा कर्रा प्रखंड के लापाबरका टोली में अवैध रूप से बालू खनिज परिवहन करते कुल 16 वाहनों पर कारवाई की गई। बालू के अवैध खनन परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिलान्तर्गत मुख्य मार्गों पर छापेमारी कर अवैध वाहनों को जब्त किया गया है। सम्बन्धित के विरुद्ध अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अवैध बालू खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी तथा इस में संलिप्त कारोबारियों, वाहनों, वाहन मालिकों एवं परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन सख्त है।

### सविमं करकट्टा में हर्षोल्लास से मना हिंदू नव वर्ष

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में भारतीय हिंदू नव वर्ष हर्षोल्लास से मनाया गया. प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह व उप प्रधानाचार्य गौरीशंकर कामिला ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा हेडगेवार के तस्वीर पर पुष्पार्चन किया. प्रधानाचार्य ने कहा कि आज का दिन भारतीय हिंदुओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है.इस तिथि को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी. आज ही चैत्र नवरात्र प्रारंभ होता है, भगवान श्री राम का राज्याभिषेक दिवस है, महाराजा विक्रमादित्य द्वारा विक्रम संवत का शुभारंभ किया गया है. आज ही के दिन धर्मराज युधिष्ठिर का राजतिलक हुआ था.आज संत झुलेलालजी, सिखों के द्वितीय गुरु अंगद देव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिवस है.आज महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना की गई थी. आज चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा और विक्रम संवत 2081 का पहला दिन है. विद्यालय के संजीवकुमार सिंह, पूनम पाठक सहित छात्र-छात्राएं भी हिंदू नव वर्ष के बारे में विचार व्यक्त किए. प्रधानाचार्य ने सभी को धन्यवाद दिया.कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख उत्सवों में से यह एक महत्वपूर्ण उत्सव है.कार्यक्रम में संध्या सिंह, सियाराम सिंह, गोविंदकुमार चौहान, बसंती कुमारी, नूतन सिंह, उमेश कुमार आदि उपस्थित थे.

### मजदूर नेता ने दिया मांदर व नगाड़ा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने खलारी के मुंडा टोली के ग्रामीणों को सरहुल पूजा मनाने के लिए अपनी ओर मांदर और नगाड़ा दिया.मांदर और नगाड़ा पाकर गांव की सरहुल पूजा आयोजन करने वाले ग्रामीण काफी खुश हुए. अब्दुल्ला ने ग्रामीणों को सरहुल पूजा की शुभकामनाएं दी.

### बजाज फाइनेंस ने अधिकांश कार्यकाल के लिए निश्चित जमा दरों को बढ़ाया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बजाज फाइनेंस लिमिटेड, देश के सबसे बड़े वित्तीय सेवाओं के समूहों में से एक बजाज फिनसर्व लिमिटेड का हिस्सा, ने अधिकांश कार्यकाल में सावधि जमा (एफडीएस) दरों में वृद्धि की घोषणा की है। 3 अप्रैल, 2024 को प्रभावी, कंपनी ने 25-से -35 महीने के कार्यकाल में 25-से -35 महीने के कार्यकाल में 60 आधार अंक और 40 आधार अंकों के लिए वरिष्ठ नागरिकों के लिए एफडी दरों में वृद्धि की है। गैर-वरिष्ठ नागरिकों की दरों में 25-35 महीने के कार्यकाल में 45 आधार अंक, 18-22 महीने के कार्यकाल में 40 आधार अंक, और 30-33 महीने के कार्यकाल में 35 आधार अंकों की वृद्धि हुई है। इस कदम को मौजूदा बाजार स्थितियों में स्थिर और बेहतर रिटर्न को सुरक्षित करने के लिए बचतकर्ताओं का मौका प्रस्तुत करता है। वरिष्ठ नागरिक 8.85% तक की एफडी दरों का लाभ उठा सकते हैं और गैर-वरिष्ठ नागरिक 42 महीने के कार्यकाल में डिजिटल रूप से बुकिंग करके 8.60% तक की दरों का लाभ उठा सकते हैं। 31 मार्च, 2024 तक, बजाज फाइनेंस में 83.64 मिलियन का ग्राहक फ्रेंचाइजी था और भारत में सबसे बड़ा जमा-टेकिंग एनबीएफसी था, जिसमें 60,000 करोड़ रुपये की जमा राशि के साथ। बाजाज फाइनेंस में हेड-फिक्स्ड डिपॉजिट और निवेश सचिन सिक्का ने कहा, हम उन्हें बेहतर अनुभव, अधिक मूल्य और उनकी बचत के लिए एक सुरक्षित विकल्प की पेशकश करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखते हैं।÷

### कर्रा महतो टोली में शॉर्ट सर्किट से घर में आग लगने से लाखों का नुकसान

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत कर्रा महतो टोली में बुधवार दोपहर लगभग 12:30 बजे शॉट सर्कीट से सुंदरू साहू के घर पर आग लग गयी. जिससे घर पर रखे दो मोटर वाहन पल्सर एवं टीवीएस सहित घर पर रखे लाखो रुपए के बर्तन जल कर राख हो गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार सुंदरू साहू बर्तन का कारोबार करते हैं और जलटंडा साप्तहित बाजार गए थे एवं उनकी पत्नी बिजली देवी हर दिन की तरह महतो टोली स्थित अपनी दुकान पर थी. तभी बुधवार 12:30 बजे लोगों ने देखा कि सुंदरू साहू के घर से धुवा निकल रही है और जलने की आवाज आ रही है इसकी सूचना आग की तरह पूरे मुहल्ला में फैल गया लोगों ने बगल के घर से पानी का पाइप लगाकर आग पर काबू पाया. घर के बाहर कार एवं माल वाहक गाड़ी जंजीर से बंधकर खड़ी थी जिसे ग्रामीणों की सूझ बुझ से जलने से बचाया गया. इसके बाद में अग्निसमन गाड़ी से पूरी तरह से आग पर काबू पाया गया. सुंदरू साहू के परिवार वालों से मिली जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट है एवं इससे लगभग पंद्रह लाख रुपये के संपत्ति का नुकसान हुआ है ज्ञात हो कि सुंदरू साहू मूल रूप से जरियागढ़ के निवासी हैं जो कुछ वर्षों से कर्रा महतो टोली में अपना घर बनाकर रह रहे हैं और अपना व्यवसाय चला रहे हैं

## पिपरवार कोयलांचल में आज मनाया जाएगा ईद का त्योहार

# शरारती तत्व एंव मनचलो पर होगी कड़ी कारवाई : प्रशांत मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा त्योहार ईद आज मनाई जाएगी।ईद को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार की शाम ईद का चांद दिखने के साथ ही लोग इसकी तैयारी में लग गए।कोयलांचल क्षेत्र के सभी बाजारो मे भीड़ देखी गई।लोग सेवई सहित अन्य सामानो की खरीदारी करते देखे गये।इधर ईद का चांद दिखने के साथ ही कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदो और ईदगाह में नमाज अदा करने को लेकर संबंधित अंजुमन कमेटी के द्वारा समय की घोषणा कर दी गई है।जानकारी के अनुसार बचरा जामा



मस्जिद में सुबह 7:30 बजे,राय जामा मस्जिद में सुबह 8:30 बजे,नूरी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 8:00 बजे,बड़ी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 7:30 बजे,न्यूमंगरदाहा मस्जिद में सुबह 7:45 बजे,बहेरा ईदगाह में सुबह 8:30 बजे,पुरानीराय मस्जिद में 8:30 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।संबंधित अंजुमन कमेटी के लोगों ने क्षेत्र के लोगों से समय से पूर्व उपस्थित होकर ईद की नमाज अदा करने की अपील की है।

**सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में ईद त्यौहार को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किया गया है। पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह के बाहर पुलिस बल के जवानों को सुरक्षा में तैनात किया जा रहा है।इसके अलावा शरारती तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।उन्होंने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी हुई है।किसी भी प्रकार के अफवाह और धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है।त्योहार से पूर्व पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने सशस्त्र बल के जवानों के साथ इलाके का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

## अड़की पुलिस ने 7.5 लाख का अवैध अफीम व 28.5 लाख का डोडा बरामद किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के लुपुंगड़ीह में पुआल और झाड़ी में अवैध रुप से मादक पदार्थ अफीम एवं डोड़ा छुपाकर रखने की गुप्त सूचना खुंटी पुलिस अधीक्षक अमन कुमार प्राप्त हुई थी जिसके सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु एसएसबी 26 वीं वाहिनी डी कंपनी उलिहातु के सहायक समादेष्टा संतोष मासुले एवं अड़की थाना के पुलिस अवर निरीक्षक जय कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया जिसने सशस्त्र बल के त्वरित कार्रवाई करते हुए लुपुंगडीह गांव में बुधराम मुंडा के घर के करीब 20 मीटर की दूरी पर खलिहान में रखे पुआल से 1.5 किलोग्राम अफीम और 17 बोरा में 187 किलोग्राम अवैध डोडा बरामद किया गया जिसका बाजार मुल्य क्रमशः 750000 रूपए और 28050000 रुपया है। मामले पर पुलिस अग्रतर कारवाई में जूटी है।

# ईद का चांद देखे जाने पर लोगों ने पटाखा फोड़ कर खुशियां मनाई









**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** बुधवार देर शाम ईद की चांद देखे जाने की पुष्टि पर लोगों ने पटाखा फोड़ कर खुशियां मनायी व एक दूसरे को ईद की बधाई दी। चांद देखे जाने के बाद इटकी के विशेष ईद बाजार में लोगों की चहल-पहल बढ़ गयी। लोग त्यौहार के लिए आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी में जुट गये। इधर ईद-उल-फितर की नमाज के लिए समय का निधारण कर लिया गया है। इटकी के मुख्य ईदगाह में सुबह 8:30 बजे ईद की विशेष नमाज अदा की जाएगी। इटकी जामा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे, मस्जिद ए जाफर में 7:45 बजे मदीना मस्जिद में 8 बजे, कुर्गी मस्जिद में 7:30 बजे, कुंदी जामा मस्जिद में 8:30 बजे, मदरसा जामिया अजीजिया में 7 बजे, टिकरा व टुरुगुरु में 8:15 बजे, फिरदौश नगर स्टेशन में 8:30 बजे, रानीखटंगा में 8:45 बजे ईद-उल-फितर की विशेष नमाज अदा की जायेगी।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का तमाड़ के गांव-गांव में व्यापक जनसंपर्क अभियान

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री एवं खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने हुरूणडीह, बाबुरामडीह, बारेडीह, कुन्दला, देगाडीह और सिरकाडीह में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। हमें तीसरी बार फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। आज पूरे दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, यह सब एक मजबूत नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। मुंडा ने कहा कि बीते दस वर्षों में हमारी सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखने का काम किया है।वर्षो से जिस आदिवासी समाज की उपेक्षा की गयी, उस समाज को सम्मान दिलाने का काम मोदी सरकार ने किया है । आज देश की सबसे बड़े संवैधानिक पद पर एक आदिवासी महिला बैठी हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने देश की आज़ादी में अहम् भूमिका निभाई थी। दिवासी समाज के स्वाभिमान के लिए, उनके योगदान के लिए खूंटी के माटी के वीर % धरती आबा% बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के अवसर पर आज पूरा देश 'जनजातीय गौरव दिवस' मना रहा है।यह हम सभी खूंटीवासियों के लिए गौरव की बात है।ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि आज 500 सालों के लंबे प्रतीक्षा के बाद राम मंदिर का निर्माण हुआ है।इस मोके पर महेन्द्र नाथ शाहदेव, बिनोद सिंह सासद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा,विधाधर मांझी, निवारण सेठ, लखी चरण मुंडा, नवीन हजाम, रवि पातर, शशि कुमार महतो, एवं गणोश सोलो की आदि उपस्थित थे।

## अड़की थाना क्षेत्र के सूदूरवर्ती इलाके से पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के सूदूरवर्ती कोचांग मुचिया तुबिल डोल्डा आदि गांवों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर लम्बु उर्फ राडुंग बोदरा उर्फ टीरा बोदरा के दस्ते के कुछ उग्रवादी लेवी का रुपया वसूलने के लिए आने वाले हैं इसकी गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली जिसके सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रशिक्षयामान पुलिस उपाधीक्षक रामप्रवेश कुमार की अगुवाई में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें निरीक्षक किशुन दास,अड़की थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव, पुलिस अवर निरीक्षक रौशन खाखा और सशस्त्र बल बलों की मौजूदगी में त्वरित कार्रवाई करते हुए डोल्ड बगड़ी मोड़ के समीप दो संदिग्धों को पकड़ा और उनके पास से एक देशी कट्टा दो जिंदा गोली छह पीएलएफआई रशीद और लेवी के दो हजार रुपए नगद बरामद किया।दोनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर पुलिस को पता चला कि इनमें से एक अड़की थाना क्षेत्र के रुमचु के रहने वाले गंगाधर मुंडा को 22 वर्षीय बेटा सामु मुंडा और दुसरा भी रुमचु गांव के रहने वाले बुधराम सिंह पुर्ती का 32 वर्षीय पुत्र बोयार सिंह पुर्ती है जिनका अपराधिक इतिहास है और इनके विरुद्ध अड़की और मुरहू थाना में मामला दर्ज है।इधर खुंटी पुलिस लोकसभा चुनाव से पूर्व दो उग्रवादियों की गिरफ्तारी को बड़ी सफलता मान रही है।

## गणेश स्पोर्टिंग क्लब की खिलाड़ी वर्षा कुमारी का एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र मे हुआ चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय की बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ी वर्षा कुमारी का चयन खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के द्वारा हजारीबाग मे संचालित आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के लिए किया गया है।वर्षा कुमारी को अब सरकार की ओर से निःशुल्क 12वीं कक्षा तक पढ़ाई,रहने के लिए हॉस्टल की व्यवस्था,पौष्टिक भोजन,खेल किट एवं अनुभवी कोच के माध्यम से ओलंपिक में मेडल जीतने के लिए पूरी तैयारी करायी जाएगी।वर्षा कुमारी ने पिछले महीने सरकार के द्वारा मोराहबादी मैदान रांची में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय ट्रायल चयन प्रतियोगिता में शामिल हुई थी,जिसमें वर्षा कुमारी के बेहतर प्रदर्शन करने पर चयन किया गया है।इस ट्रायल चयन प्रतियोगिता में झारखंड राज्य से कई जिलों के एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए




थे।गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया है कि इससे पहले वर्षा कुमारी ने गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के द्वारा जिला एवं झारखंड राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपने जिला एवं अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर चुकी है।इस खुशी में कोच गणेश कुमार महतो के द्वारा वर्षा कुमारी को शॉल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।वर्षा कुमारी खलारी प्रखण्ड क्षेत्र के राय बस्ती की निवासी हैं।वह अपने पिता विनय कुमार महतो उर्फ (गंधौरी महतो) एवं माता का यशोदा देवी के साथ राय मे रहती है।वर्षा के पिता मजदूरी करते हैं।कोच गणेश कुमार महतो ने बताया कि अब तक खलारी पिपरवार कोलांचल क्षेत्र से लगभग 40 खिलाड़ियों का चयन सरकार के द्वारा संचालित आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के लिए किया जा चुका है एवं सभी चयनित खिलाड़ियों को सरकार के द्वारा सुविधा प्रदान की जारी है।

## अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना अंतर्गत बासुडीह गांव में बुधवार को सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया! जिसमें लगभग 65 लीटर देशी शराब को जप्त किया गया एवं 900 केजी के लगभग जावा महुआ को नष्ट किया गया । सिल्ली पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है जानकारी के अनुसार अवैध शराब के खिलाफ सिल्ली पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## महावीर मंदिर निर्माण व समिति का गठन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के चट्टानी टोला कारेयाडीह पतराहातू सिल्ली रांची मे बुधवार को महावीर मंदिर निर्माण एवं पुजा समिति का गठन करने का बैठक लालचन महतो कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।अध्यक्ष के लिए सहजा लोहरा का नाम। महादेव महतो ने। प्रस्ताव किया एवं लखीराम महतो ने किया सर्वसम्मति से सहजा लोहरा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सचिन के लिए हरेन महतो एवं लखीराम महतो चुना गया। महिला मैं अध्यक्ष शिला देवी सचिव सविता कोषाध्यक्ष प्रभा देवी।बैठक में सैकड़ों कि संख्या महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी

(जिला शस्त्र शाखा)

आम सूचना

नवीकरण पंजी के अनुसार असत्यापित अनुज्ञप्तिधारियों का नाम एवं पता (खूँटी जिला को छोड़कर)

| क्र0 | अनुज्ञप्तिधारी का नाम एवं पता | अनुज्ञप्ति सं0 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | श्री उपल अमर ज्योति सुरीन, पिता–पी0एन0 सुरीन, सिरम टोली रॉची | 1937/1982 |
| 2 | हरेन्द्र सिंह, पिता–श्री रामेश्वर सिंह, ग्राम–पटना, थाना–फतवा | 2867/DM/Asr |
| 3 | श्री माधो प्रधान, पिता–मसता प्रधान, बिहार, रेजिमेन्ट, सी0ओ0 / 56 ए0पी0ओ0 | 187/DM/KATHWA |
| 4 | राजेश कुमार सिंह, पिता–सुरेश प्रसाद सिंह, तिलकापुर, भागलपुर, | - |
| 5 | अशोक, कुमार बिहारी, पिता–महेन्द्र भारती, ग्राम–गुरूघाट जिला–सिवान, बिहार | D127/BNCRPF Tamilang Manipur |
| 6 | जॉन कच्छप, पिता–स्व0 चन्द्रशेखर राव, देवरिया | 929/1981 |
| 7 | धर्मेन्द्र राय, पिता–स्व0 चन्द्रशेखर राव, देवरिया | Madhepura p.s-0017/1983 |
| 8 | जॉकिन टोपो बी0डी0ओ0,, पलामू, ग्राम–पालेडीह, थाना– | 139/1983 |
| 9 | श्री देवेन्द्र भूषण सिंह, पिता–यदुनन्दन सिंह, ग्राम–पकड़ी, आरा, भोजपुर | 344/344 p.s-sakra |
| 10 | धरमेन्द्र राव, पिता–स्व0 चन्द्रशेखर राव, ग्राम–सन्हौला, राजनगर, जिला –देवरिया | 4/1985 p.s-Madhepura |
| 11 | बृजबिहारी सिंह, पिता–सुभाष सिंह, ग्राम–खुसुमा आरा | K-182/DMS of 10399 |
| 12 | शमीम अख्तर, मो0इस्लाम | 3/90 Girdih |
| 13 | अशोक प्रसाद, स्व0 राजकुमार सिंह, थाना–जयनगर, हजारीबाग | 3/84 ps.-JaiNagar |
| 14 | गोबिन्द चन्द्र महतो, पिता–स्व0 करम सिंह महतो, ग्राम–नवाडीह, थाना तमाड़ खूँटी | XX147 |
| 15 | नेलशन टोपनों, पिता–विश्वास टोपनों, टकुवा बनटोली, कोलेबिरा, | K-110-M/DM8/08 |
| 16 | सबरन नाग, पिता–स्व0 रामनाथ नाग, बिहार, 56 ए0पी0ओ0 | 119/4254083 |
| 17 | सहजाद अजहर, पिता–मो0 कलिमुल हासिल, ग्राम–सिमली, थाना–भिटठा, पटना | AR-1117/99 J &K |
| 18 | गोबिन्द नाथ शाहदेव, पिता–बड़ालाल कृष्णा नाथ शाहदेव, लेक रोड रॉची | 7689/Ranchi |
| 19 | मो0 तयाब खान, पिता–मो0 ताहिर खान, 32 बटा0 सी0आर0पी0एफ0, भुनेश्वर | 269/259 |
| 20 | रन्धु सिंह, 95 बटा0 सी0आर0पी0एफ0 मुरादाबाद | 108 Mehrawali Delhi 672/I |
| 21 | विजेन्द्र सिंह, पिता–ए0एन0 सिहं, ग्राम–यादव नगर, भगवानपुर, मुज्जफरपुर, थाना–सदर | 881580212 |
| 22 | अमुश केरकेट्टा, पिता–स्व0 जोसेफ केरकेट्टा, मुरमुकेल, तेतरटोली, थाना–बसिया, गुमला | DMR-7/2/09 |
| 23 | श्री हरिद्वार सिंह, पिता–मोतीलाल सिंह, सुरजपुर रोहतास | UIN NO.- 051920034869012018 |

अनुज्ञप्तिधारी तीन दिनों के अन्दर अपने पता से संबंधित थाना में शस्त्र को सत्यापन कराते हुए जमा करेंगे। सत्यापन एवं जमा नहीं कराने पर शस्त्र अधिनियम 1959 एवं शस्त्र नियामवली 2016 के सुसंगत धाराओं / नियम के तहत रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

ह0 / –

जिला शस्त्र दण्डाधिकारी, खूँटी।

PR 323731 District(24-25)D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संपादकीय

## सियासी आबंटन की सरहदें

**हिमाचल** में सत्ता संग्राम की सीढियों पर सामाजिक विवेचन की अद्भुत पहल भी देखी जा रही है। यहां मतदाता अपनी जातियों के आधार पर समूह और वर्ग पर केंद्रित सियासी काफिले बना रहे हैं। आश्चर्य यह कि हम विधानसभा क्षेत्रों में नए राजनीतिक आबंटन की सरहद पर खड़े हैं। शुरुआत कांगड़ा से हुई, तो कांग्रेस के सामने कई समूह बोलियां लगा रहे हैं। भाजपा के मापतौल पहले ही अपने अंकगणित को पूरा कर चुके हैं, लेकिन कांग्रेस के घर में जातिवाद की खिड़कियां आपस में झगड़ रही हैं। विधानसभा के धर्मशाला सीट पर कई जातियां और वर्ग कांग्रेस के सोच पर मंडरा रहे हैं। पहली बैठक गद्दी समुदाय की तरफ से हुई, तो कांग्रेस बनाम भाजपा के बीच यह वर्ग अपने सियासी वजूद की वेदना के साथ सामने खड़ा हो गया। अब ओबीसी समाज ने कांग्रेस की दीवारों पर हक जताते हुए पोस्टर चस्पां करके कई नाम उकेरे हैं। सत्ता से सामाजिक दायरों तक मापतौल का एक पैमाना चुनाव हो सकता है, लेकिन क्या हिमाचल अब इस रूप में पहचाना जाएगा। बेशक किसी भी समुदाय, जाति या गोत्र में पैदा होकर कोई व्यक्ति विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल हो सकता है, लेकिन सत्ता का बंटवारा अब बहस का विषय है। स्वयं राहुल गांधी ने कांग्रेस के आधार को पिछड़ों, दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यकों की शुमारी में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है, तो इस तर्क पर हिमाचल में पार्टी के टिकट आबंटन पर असर पड़ सकता है। पहले भी कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से चंद्र कुमार कांग्रेस की टिकट पर सांसद बन कर सामाजिक न्याय के प्रतीक रहे हैं। गद्दी समुदाय से किशन कपूर लोकसभा से हाल ही में निवृत्त हुए हैं। जातीय समीकरणों के आधार पर ही अगर टिकटें सुनिश्चित होतीं, तो प्रदेश को जीएस बाली जैसा नेता नहीं मिलता। यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि नेता को जाति, वर्ग या समुदाय बनाता है। नगरोटा बगवां की लगभग आधी आबादी ओबीएस वर्ग से संबंध रखती है, लेकिन जीतने वाले के लिए जातियां दोयम साबित हो रही हैं। समाज वहां अगर सही नेतृत्व ढूंढते हुए जाति भूल रहा है, तो उसे सलाम। आश्चर्य यह कि हिमाचल में नेतृत्व के लिए सत्ता पक्ष ने दो ही जातियां आज तक उपयोगी मानी। सरकारों का इतिहास बताता है कि हिमाचल में सबसे अधिक बार राजपूत मुख्यमंत्री ही बने, जबकि दो बार ब्राह्मण वर्ग के शांता कुमार इस पद पर रहे। नेता तो अन्य जातियों, वर्गों और समुदाय में भी शक्तिशाली व पारंगत हुए, लेकिन इस राज्य की कमान उन्हें अब तक नहीं मिली। ओबीसी तथा गद्दी समुदाय से कई दिग्गज नेता हुए, लेकिन उनके मंत्रालय भी प्रभावशाली साबित नहीं हुए। राजनीति का बदलता परिदृश्य हिमाचली समाज की पेशकश में नेताओं का फिर से मुआयना कर रहा है। सर्वमान्य होने से पहले जो नेता जातियों या वर्गों की वर्दी पहनकर उछलकूद कर रहे हैं, उन्हें पहचाना जाए या जिन्होंने सीढियां चढ़ते हुए यह साबित किया कि वे इस तरह की तफतीश से ऊपर हैं। गाहे-बगाहे हम चुनावों की परिपाटी में समाज के बीच अनावश्यक बंटवारे को देख लेते हैं। समाज को अब साधने और हांकने के लिए राजनीति नित नए बहाने ढूंढ रही है और इसकी विडंबना से हम ऐसे जनप्रतिनिधियों के पल्ले पड़ गए हैं, जो या तो परिवारवाद या जातिवाद की उपज हैं। खास तौर पर स्थानीय निकाय चुनावों के जरिए जिस तरह के पार्षद सामने आ रहे हैं, उन्हें देखकर यह विश्वास नहीं होता कि वे अपने विजन से प्रदेश को आगे बढ़ा पाएंगे। विडंबना यह है कि हिमाचल में न तो बिरादरियां इनसान बना रही हैं और न ही विभिन्न वर्ग नागरिक समाज को जवाबदेह बना रहे हैं। राजनीति की दौड़ में बैसाखियां चाहिएं। कोई जाति की पहनकर टिकट मांग रहा है, तो कोई वर्ग या समुदाय की वर्दी पहनकर पहचान पाना चाहता है। प्रदेश के लिए सुकून की बात यह कि अधिकांश चुनावों में जातियों तथा वर्ग के झंडे पीछे करके समाज ऐसे सोच को ठुकरा रहा है। बेहतर लोकतंत्र के लिए जातियों के एहसास या पैदाइशी वर्ग के स्वाभिमान से कहीं हटकर सोचना पड़ेगा, जो फिलहाल मुश्किल होती कवायद लग रहा है।


भाजपा के मापतौल पहले ही अपने अंकगणित को पूरा कर चुके हैं, लेकिन कांग्रेस के घर में जातिवाद की खिड़कियां आपस में झगड़ रही हैं। विधानसभा के धर्मशाला सीट पर कई जातियां और वर्ग कांग्रेस के सोच पर मंडरा रहे हैं। पहली बैठक गद्दी समुदाय की तरफ से हुई, तो कांग्रेस बनाम भाजपा के बीच यह वर्ग अपने सियासी वजूद की वेदना के साथ सामने खड़ा हो गया। अब ओबीसी समाज ने कांग्रेस की दीवारों पर हक जताते हुए पोस्टर चस्पां करके कई नाम उकेरे हैं। सत्ता से सामाजिक दायरों तक मापतौल का एक पैमाना चुनाव हो सकता है, लेकिन क्या हिमाचल अब इस रूप में पहचाना जाएगा। बेशक किसी भी समुदाय, जाति या गोत्र में पैदा होकर कोई व्यक्ति विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल हो सकता है, लेकिन सत्ता का बंटवारा अब बहस का विषय है। स्वयं राहुल गांधी ने कांग्रेस के आधार को पिछड़ों, दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यकों की शुमारी में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है, तो इस तर्क पर हिमाचल में पार्टी के टिकट आबंटन पर असर पड़ सकता है।


### कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई

## ममता सरकार को फिर अदालत की फटकार

योगेंद्र योगी


पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी करी थी, इस पर ममता ने कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेंकने की शपथ ली थी। ममता ने हिंसा और अराजकता से गुजर रहे बंगाल को कम्युनिस्टों से मुक्ति दिलाई। कम्युनिस्टों के खिलाफ जिस आंदोलन से ममता ने सत्ता की सीढ़ियां चढ़ी, अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए ममता ने वही रास्ता अपना लिया है।


**देश** में पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है जहां बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर अदालतों की सर्वाधिक फटकार और निर्देशों का सामना करना पड़ा है। अराजकता की ऐसी हालत एक दशक पहले तक कभी उत्तर प्रदेश और बिहार की हुआ करती थी। पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी करी थी, इस पर ममता ने कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेंकने की शपथ ली थी। ममता ने हिंसा और अराजकता से गुजर रहे बंगाल को कम्युनिस्टों से मुक्ति दिलाई। कम्युनिस्टों के खिलाफ जिस आंदोलन से ममता ने सत्ता की सीढियां चढ़ी, अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए ममता ने वही रास्ता अपना लिया है। संदेशखाली की घटना के बाद हाईकोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी ममता सरकार के खिलाफ की है, उससे जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था रसातल में जा रही है। ममता की पार्टी तृणमूल का एकमात्र उद्देश्य रह गया है अपने विरोधियों की आवाज बंद करना, इसके लिए चाहे गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल ही क्यों न करना पड़ा। संदेशखाली मामले को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। अदालत ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को खुद से नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में एक प्रतिशत भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है और पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 प्रतिशत जिम्मेदार हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम ने तल्ख लहजे में कहा कि अगर इसका एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर आप एससी-



एसटी नेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो यह 100 फीसदी शर्मनाक है। वहीं इस दौरान एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि उनके पास अनेक महिलाओं ने यौन उत्पीडन की शिकायत की है। ये लोग कह रहे हैं कि अगर महिलाओं ने बयान दिया तो उनके पति-बच्चों का सिर काटकर फुटबाल खेलेंगे। राज्य की ओर से वकालत करते हुए महाधिवक्ता (एजी) ने कहा कि हमें देखना होगा कि संदेशखाली में क्या हुआ। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता कहा था। सभी पक्षों की बातें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने शाहजहां के वकील से सख्त लहजे में कहा कि आप एक आरोपित की ओर से सवाल पूछ रहे हैं। सबसे पहले अपने आसपास की परछाइयों से छुटकारा पाएं। इसके बाद दूसरे लोगों की शिकायतों के बारे में बात करें। अगर हलफनामे में एक भी आरोप सच है तो वह भी शर्मनाक है। सरकार कहती है कि यहां महिलाएं सुरक्षित हैं। यदि हलफनामे में कोई आरोप साबित हो जाता है, तो ऐसे सभी दावे झूठे होंगे। हालांकि सुनवाई पूरी होने के बाद भी हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के मास्टरमाइंड और तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख ने कहा था कि वह राजनीतिक साजिश का शिकार है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। उसे जानबूझकर फंसाया जा रहा है। पूछताछ के दौरान शाहजहां ने पांच जनवरी को संदेशखाली में केंद्रीय एजेंसी कर्मियों पर हमला करने वालों के साथ किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया था। शाहजहां ने अधिकारियों से कहा था कि वह इस हमले की दिल से निंदा करता है और चाहता है कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिले। ईडी ने शाहजहां से उसकी कंपनी सबीना एंटरप्राइजेज के जरिए काली कमाई को सफेद करने के मामले में पूछताछ की। जिस पर शाहजहां ने कहा कि सब झूठ है। अनुसूचित जाति-जनजाति के पैनल ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश की थी। इसके लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पैनल ने एक रिपोर्ट सौंपी थी। पैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है था कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पैनल का यह भी कहना था कि आरोपियों पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कानून के तहत मुकदमा चलाया जाना चाहिए। देश में पश्चिम बंगाल ऐसा राज्य है जहां राज्यपाल ने केंद्र सरकार को कई बार बिगड़े हालात की जानकारी दी है। विपक्षी दलों की शासित राज्यों में भी राज्यपालों और सत्तारूढ़ दल की सरकारों में अनबन होती रहती है, किन्तु संवैधानिक पद पर रहते हुए जितने खराब संबंध पश्चिम बंगाल में रहे हैं, उतने किसी भी राज्य में नहीं रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी सभा में कहा कि जो लोग संदेशखाली की महिलाओं के उत्पीडन के जिम्मेदार हैं, उनको अब अपना बाकी जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हाल ही में पूरे देश ने देखा कि कैसे टीएमसी और राज्य सरकार ने संदेशखाली की महिलाओं का शोषण करने वाले लोगों को बचाया। लेकिन उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिन लोगों ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है, उन्हें अब अपना शेष जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। चुनाव प्रचार के दौरान ममता बनर्जी पूर्व में भी जहर उगलने में पीछे नहीं रही हैं।

दृष्टि कोण

## पक्षी आपका इंतजार कर रहे हैं, दुनिया से भागना नहीं है इनके 'पास जाना'

**अपनी** जिंदगियों में हम इतने व्यस्त होते हैं कि पक्षियों को देखने का हमारे पास वक्त ही नहीं होता। रोजमर्रा के कार्यों में हम इतने खोए रहते हैं कि अपने आस-पास मौजूद पक्षियों की दिलचस्प दुनिया को नहीं देख पाते। अपने घरों की बालकनी में खड़े होकर, या सड़क पर यों ही घूमते हुए या कार पर जाते हुए, ऐसा हो ही नहीं सकता कि आपको कोई पक्षी दिखाई न दे। एक बार आप उन्हें देखना शुरू तो करें, धीरे-धीरे आप उन्हें पहचानने लगेंगे, उनमें फर्क करने लगेंगे। फिर एक दिन ऐसा आएगा, जब वे आपको पहचानने लगेंगे और तभी उनकी जादुई दुनिया आपके सामने खुद-ब-खुद अपने रहस्य खोलने लगेगी। पिछले साल सितंबर की बात है। मैं कैलिफोर्निया स्थित अपने घर के पास ही एक संरक्षित आर्द्र भूमि के अंतिम छोर तक गया और तरह-तरह के पक्षियों को देखने लगा। इससे पहले मैं गर्मियों में अपने कुत्ते को घुमाते हुए दूरबीन साथ में लेकर लंबी पैदल यात्रा करना पसंद करता था, लेकिन यह पहली बार था, जब मैं सिर्फ और सिर्फ पक्षियों को देखने निकला था। अमूमन माना जाता है कि पक्षियों को लगातार निहारते रहने वाला व्यक्ति एक पेशेवर या विशुद्ध पक्षी प्रेमी होता है। पर मैं ऐसा नहीं मानता। किसी क्षेत्र में रुचि रखने वाला व्यक्ति उसमें पारंगत हो, यह जरूरी तो नहीं। मेरा यह मतलब नहीं कि पेशेवर बनने के लिए कौशल जरूरी नहीं है। मैं तो यह कह रहा हूं कि कौशल न भी हो. पर गंभीर प्रयास और इरादे तो दिखने ही चाहिए। मसलन, नाच तो कोई भी सकता है, पर जरूरी नहीं कि हर नाचने वाला नर्तक हो। ठीक यही बात मुझ पर लागू होती है। पूरी जिंदगी पशुओं व पक्षियों में मेरी रुचि रही है, पर अपने भीतर पक्षियों को लेकर पेशेवर विशेषज्ञता मैं कभी विकसितु नहीं कर पाया। दो दशकों तक एक विज्ञान लेखक के रूप में मैंने पक्षियों के बारे में विस्तार से लिखा है, लेकिन मेरे लिए वह पल विशेष महत्व रखता है, जब मैंने सिर्फ पक्षियों लिए अपना समय और अपनी ऊर्जा समर्पित करने का फैसला किया। यह पहली बार था, जब पक्षियों को लेकर मैंने पेशेवर ढंग से सोचना शुरू किया। पेशेवर ढंग से मेरा आशय है कि पक्षियों को देखने में एक



तरह की विशेषज्ञता का मैंने अभ्यास करना शुरू किया। पिछले सात महीनों में मैंने पक्षियों की तकरीबन 452 प्रजातियां देखी हैं। पक्षियों को देखने का मेरा अनुभव इस प्रकार हो चुका है कि में आवाज सुनकर ही बहुत-सी पक्षी प्रजातियों की पहचान कर सकता हूं। मैं बड़े और छोटे पीले पैरों, घरेलू और बैंगनी फिंच, कूपर और तेज-चमड़ी वाले बाजों में स्पष्ट अंतर कर सकता हूं। दुर्लभ पक्षियों की तलाश में भी मैंने काफी समय गुजारा है। हालांकि पक्षियों के बारे में मुझे पहले से भी काफी जानकारी थी। पक्षियों के आवासों और उनके तौर-तरीकों के बारे में काफी कुछ समझता भी हूं। सोशल मीडिया पर पक्षी प्रेमियों के कई समूहों का भी हिस्सा हूं और उनसे बातें भी करता रहता हूं। पक्षी-प्रेमी होने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है पक्षियों का ज्ञान और इसके लिए पक्षियों को जानना महत्वपूर्ण है। पक्षियों को जानने के लिए उन्हें देखना शुरू करना जरूरी है। मेरे पक्षी-प्रेम ने मुझे कैलिफोर्निया में ऐसे स्थानों का पता लगाने के लिए प्रेरित किया, जहां पक्षी हो सकते हैं। मैं पक्षियों को देखने में इतना खो जाता हूं कि मुझे गर्मी, सर्दी, भूख और प्यास से कोई फर्क नहीं पड़ता। जब मैं पहली बार किसी नई प्रजाति को देखता हूं, तो मुझे एक अजीब शांति का अनुभव होता है, मानो मैंने कोई नशा किया हो। जब मैं सुबह अपने घर से बाहर निकलता हूं, तो आस- पड़ोस में पक्षियों के चहकने पर ध्यान देता हूं, जो हमेशा वहां रहते थे, लेकिन जिन पर पहले मैंने कभी ध्यान नहीं दिया। पक्षी प्रेमियों के लिए ऋतुओं को समझना अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि ऋतु परिवर्तन विशेष प्रजातियों के आगमन और प्रस्थान का एक महत्वपूर्ण संकेत है। मैं मौसम में होने वाले छोटे-छोटे बदलावों और निवास स्थान के फर्क पर विशेष ध्यान देता हूं। पक्षियों से दोस्ती करनी हो, तो आप एक प्रयोग कर सकते हैं। आप जहां भी रहते हों, अपनी बालकनी या छत पर अनाज के कुछ दाने और पीने का थोड़ा पानी पक्षियों के लिए रखना शुरू कीजिए। हो सकता है कि शुरुआती कुछ दिन एक भी पक्षी न आए, लेकिन आप क्रम न तोड़िए। एक दिन आप देखेंगे कि कुछ पक्षियों ने आना शुरू किया, फिर कुछ और दिन बाद पक्षियों की संख्या बढ़ने लगेगी, और कुछ पक्षी तो लौट-लौट कर आने लगेंगे। उन पक्षियों के पास न जाइए, पर उनके व्यवहार को दूर से देखने-समझने की कोशिश करते रहिए। जब मैंने पक्षियों को देखना शुरू किया, तो मुझे लगा था कि अधिकांश पक्षी प्रजातियों को शायद ही देख पाऊं। मेरा मानना था कि रॉबिन और वेस्टर्न ब्लूबर्ड जैसे पक्षियों को देखना आसान होगा, वहीं ब्लैक स्कीमर या पेरेग्रीन फाल्कन या लॉगरहेड श्राइक, सुनहरी चीलों, बड़े सींग वाले उल्लुओं जैसे दुर्लभ पक्षियों को देखना मुश्किल होगा, पर पक्षियों के प्रति मेरी जिज्ञासा ने इसे सरल बना दिया। रैत की पहाड़ी पर नाचते हुए क्रेनों को देखकर और प्रशांत महासागर में उनकी गोताखोरी देखते हुए उत्सुकता भरा मेरा प्रश्न कि 'मैं उसे कभी नहीं देख पाऊंगा' अब 'मैं उसे कहां पा सकता हूं?'

कुछ अलग

## इलैक्टोरल बॉण्ड

**चुनावी** बॉण्ड असंवैधानिक करार कर उनसे राजनीतिक दलों को चुनाव फण्डिंग न किए जाने के सुप्रीमकोर्ट के आदेश के बाद यह संज्ञान में रहना चाहिए कि कम से कम मान्य चुनावी प्रक्रियाओं के संदर्भ में चुनावी बॉण्ड से मिला धन शुचिता वाला धन न होकर काले धन के समतुल्य ही था। दुखद यह रहा कि जब प्रजातांत्रिक चुनावों में काले धन का वर्चस्व हर बीतते चुनावों के साथ बढ़ता ही जा रहा था, चुनावी बॉण्ड की गुमनामी धनराशि भी उसी रूप में इसमें मददगार भी हो रही थी। जब ये एन चुनावों के पहले जारी होते थे, तब तो खासकर इनसे पाए करोड़ों रुपयों से राजनीतिक दलों को चुनाव लडने में आसानी होती थी। लगभग पांच साल देरी से आए इस निर्णय से पहले चुनावों में गैर-बराबरी जारी थी। इससे कई दलीय उम्मीदवारों की हार-जीत पर असर भी पड़ा होगा। जब चुनावी फण्डिंग की चुनावी बॉण्ड योजना आई थी, तो संसदीय परम्परा के विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का विचार था कि राजनीतिक दल चुनावों में कालेधन का भारी उपयोग करते हैं। राजनीतिक दलों को इन बॉण्डों को देने वालों का नाम जाहिर करना बाध्यकारी नहीं है, अतः पारदर्शिता का अभाव तो रहेगा ही। जिनका गैर-कानूनी काम किया गया है वे भी तो नेताओं के कहने पर उनके दलों को बॉण्ड दे सकते हैं। फर्जी कम्पनियों के माध्यम से राजनीतिक बॉण्ड खरीदकर राजनीतिक आकाओं के दलों को उपकृत करने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। ऐसा धन राजनीतिक इस्तेमाल के लिए शुचिता वाला धन कैसे हुआ? अक्टूबर 2023 में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी का बयान था कि इलैक्टोरल बॉण्ड के पहले जो कुछ पारदर्शिता थी वह भी खत्म हो गई। पहले राजनीतिक दलों को बीस हजार रुपए और उससे ज्यादा धन देने वालों की सूची चुनाव आयोग के पास होती थी। वह उनको सार्वजनिक भी करता था, परन्तु इलैक्टोरल बॉण्ड जारी होने के बाद यह अनिवार्यता और पारदर्शिता भी नहीं रही। समाचारों में ही था कि नवम्बर 2023 में जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे, वहां जब्त राशि पिछले विधानसभा चुनावों के मुकाबले सात गुणा ज्यादा थी। यदि सालों के अंतराल के बाद 31 अक्टूबर 2023 से चुनावी बॉण्ड की वैधता पर पुनः शुरू हुई सुनवाई पूरी होने के बाद भी उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने अपना निर्णय 2 नवम्बर 2023 को सुरक्षित न रखा होता तो शायद नवम्बर 2023 के विधानसभा चुनावों के पहले चुनावी बॉण्ड जारी भी न होते। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की 29 शाखाओं से 29वीं बार 6 नवम्बर से 20 नवम्बर 2023 के दौरान चुनावी बॉण्डों की बिक्री, खरीददारी हुई थी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में जो दो नवम्बर के काफी बाद हुए थे, कुछ राजनीतिक दलों को चुनावी बॉण्ड का फायदा मिल ही गया। पहली बार चुनावी बॉण्ड मार्च 2018 में बिके थे। इसके बाद वे विभिन्न सालों में विभिन्न अवधियों में बिकते रहे। अप्रैल 2021 में भी गैर-सरकारी संस्था एडीआर (एसोसियेशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स) ने सुप्रीमकोर्ट में दायर याचिका में तब कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा के चुनावों के पूरे होने तक इलैक्टोरल बॉण्ड की बिक्रियों पर रोक लगाने की मांग की थी, किन्तु बेंच ने उसे खारिज कर दिया। केन्द्र ने एक अप्रैल 2021 से 10 अप्रैल 2021 तक बॉण्ड जारी भी किए थे। अदालत ने टिप्पणी भी की थी कि यह दलील मानना मुश्किल है कि मतदाताओं को राजनीतिक चंदों का स्त्रोत जानने का अधिकार नहीं है। बहरहाल कोर्ट के फैसले का स्वागत है। -

देश दुनीया से

## आयुर्वेद नहीं है बिकाऊ


आयुर्वेद की छवि मटियामेट करने में इस प्रकार के झूठे दावों का बड़ा हाथ है। बिना वैज्ञानिक पुष्टि किए इन्हीं दावों के कारण जीवन के परिरक्षण में महारत हासिल एक विज्ञान को इतने अधिक बुरे दिन देखने पड़े जितने कि अंग्रेजी शासन के दौरान इस विधा ने नहीं देखे थे। एक तथ्यात्मक बात है, इस संसार में अमरता का कोई ज्ञान उपलब्ध नहीं है। जो कोई इस संसार में आया है, उसका जाना भी तय है। इसलिए दीर्घायु के दावे करना और दीर्घायु का कोई जोड़ खोज निकालने का दंभ भरना, अपनी दुकान चला लेने की दृष्टि से यह एक अनोखा अनुप्रयोग भले हो सकता है, लेकिन यह वैज्ञानिक दृष्टि में जीवन किसी पोंजी स्कीम में लगा डालने जैसा है जिसके अंत में अपनी ही नुकसान होना तय है।


**स्वास्थ्य** परिरक्षण एवं जीवनशैली से संबंधित विषयों पर इलाज के बड़े बड़े वादे इस देश में किए जाते रहे हैं। शर्तिया इलाज के नाम पर टंगे पोस्टर और फ्लेक्स जीवन सुधार देने के नाम पर झूठी आस बंधाते यहां-वहां टंगे दिख जाएंगे। आयुर्वेद की छवि मटियामेट करने में इस प्रकार के झूठे दावों का बड़ा हाथ है। बिना वैज्ञानिक पुष्टि किए इन्हीं दावों के कारण जीवन के परिरक्षण में महारत हासिल एक विज्ञान को इतने अधिक बुरे दिन देखने पड़े जितने कि अंग्रेजी शासन के दौरान इस विधा ने नहीं देखे थे। एक तथ्यात्मक बात है, इस संसार में अमरता का कोई ज्ञान उपलब्ध नहीं है। जो कोई इस संसार में आया है, उसका जाना भी तय है। इसलिए दीर्घायु के दावे करना और दीर्घायु का कोई जोड़ खोज निकालने का दंभ भरना, अपनी दुकान चला लेने की दृष्टि से यह एक अनोखा अनुप्रयोग भले हो सकता है, लेकिन यह वैज्ञानिक दृष्टि में जीवन किसी पोंजी स्कीम में लगा डालने जैसा है जिसके अंत में अपना ही नुकसान होना तय है। वादों से भरे भाषणों ने पहले ही हमारा बेहद नुकसान किया है। अब औने-पौने दावों में न आकर स्वास्थ्य को नुकसान होने से बचाना, यह जिम्मेदारी हमारी बनती है। स्वयं आयुर्वेद में किसी व्याधि की चिकित्सा के संदर्भ में किसी झूठे दावे का उल्लेख पढने में नहीं आता। अतः पुराने ग्रंथों से बाहर, कालांतर में लिखी गयी शर्तिया इलाज की पुस्तकें पढ़ कर ऐसे दावों के झांसे में आने से पहले हमें वैज्ञानिक बुद्धि का प्रयोग अवश्य करना होगा। चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत मुझे बीस वर्ष से अधिक का समय बीत गया। हजारों लोगों का उपचार किया। अनगिनत सलाहियत की। लेकिन आज तक मेरे हाथ कोई ऐसा नुस्खा नहीं लगा जिसे मैं रामबाण इलाज कहकर सारी दुनिया में प्रचारित-प्रसारित करके अपनी दुकान चला लूं। मेरे अनुभव ने मुझे केवल इतना मात्र सिखाया कि कोई दो भिन्न शरीर उपचार के प्रति एकसमान प्रतिक्रिया प्रदान नहीं करते। दो लोगों में व्याप्त एक ही रोग भी एक समान व्यवहार नहीं करता। आयुर्वेद में तो रोगी की प्रकृति के साथ रोग की प्रकृति और विकृति का भी मापतोल करने का निर्देश है। इतना ही नहीं बल्कि रोग निदान करते समय ऋतु और दिनमान को पढने का विचार भी आयुर्वेद में निर्देशित है। जब रोग तथा रोगी के सम्बन्ध में इतने निर्देश हैं तो विचार करके देखिए, उपचार प्रणाली के चुनाव में कितने निर्देशों का अनुपालन करना बताया गया होगा आयुर्वेद में! ऐसे में किसी को शर्तिया इलाज का झांसा देकर रोगी या उसके तीमारदारों को बरगलाना, आयुर्वेद कम से कम इतना निकृष्ट आचरण तो कतई नहीं सिखाता। तब ऐसे में प्रश्न उठता है कि वे कौन लोग हैं जो भोली-भाली जनता के मन में शर्तिया इलाज के दावों से भरे कथित रामबाणों का शरसंधान करके उनके जीवन को संकट में डालने का उद्योग रचते हैं? ऐसे कितने ही पीड़ित होंगे इस संसार में जिन्हें इन लोगों ने ठगा ही नहीं बल्कि सर्वस्व लूट कर उन्हें धीमी मृत्यु की ओर अग्रसर तो किया ही, साथ ही कलंक का टीका आयुर्वेद के माथे मढ़ दिया। देश में वायदा बाजार पर नकेल कसने के लिए नियम और कानूनों की कमी तो कोई नहीं लेकिन सामने वाले के रसूख और बाजार में उसकी उपादेयता के सामने सभी नियम-कानून बौने पड़ जाते हैं। तंबुओं के बाहर शर्तिया इलाज का आयुर्वेदिक दवाखाना के बोर्ड टंगे रहते हैं।



तंबुओं के भीतर हिमालय के गर्भ से प्राप्त दुर्लभ जड़ी-बूटियों का बाजार सजा रहता है। अब तो ये दुकानें कॉर्पोरेट साईज में सेबी पर एनलिस्टिड फर्मों की हैसियत भी रखती हैं और जानलेवा बीमारियों के लिए शर्तिया इलाज वाली दवा-गोलियां धड़ल्ले से बाजार में बेचती हैं। ऐसी दवा खाकर जीवन को पोंजी स्कीमों में निवेश कर देने वालों की इस देश में कमी कोई नहीं। कुछ तो ऐसे भी हैं जो ऐसी दवाओं को राष्ट्रभक्ति के नाम पर पेट के हवाले कर देते हैं। ऐसा करने का उनके पास तर्क भी है : 'आयुर्वेद का कोई साइड इफेक्ट तो है नहीं!' मेरी नजर में आत्महत्या के लिए इससे बड़ा और कोई कुतर्क नहीं दिया जा सकता। जीवनशैली से संबंधित रोगों के लिए यदि कोई दवा ईजाद हो चुकी होती तो मैं यह दावे से कह सकता हूं कि ऐसे शोध का नवोन्मेष निश्चित ही आयुर्वेद के नाम पर लिखा होता। दुर्भाग्य केवल इस बात का है कि यदि रोग ही खराब जीवन-शैली के कारण उपजा है तो ऐसे रोग की रोकथाम निश्चित तौर पर दवा-गोलियों के माध्यम से तो नहीं ही की जा सकती। जीवनशैली में सुधार ही एकमात्र उपाय है। तथा इस सुधार का अर्थ एकाध रोज सांस अंदर-बाहर खींच लेना नहीं। चंद दिनों के सुधार से आप कुछ न हासिल कर पाएंगे। अनुपालन योग्य जीवनशैली को नियम बनाना होगा।

आप का नजरीया

## बाबा 'एलोपैथी' विरोधी क्यों?

**बाबा** रामदेव कई मायनों में श्रद्धेय हैं। कमोबेश इस दौर के 'योग-पुरुष' हैं, जिन्होंने एक कड़ी साधना को इतना आसान बना दिया है कि औसत पार्क या सभा-स्थलों पर असंख्य लोग योगासन करते देखे जा सकते हैं। नतीजतन स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है। ऐसे 'योग-साधक' को सर्वोच्च अदालत में माफीनामा देना पड़े और न्यायिक पीठ उसे स्वीकार करने के बजाय महज 'जुबानी जमा खर्च' करार दे, तो शीर्ष अदालत की इस कड़ी चेतावनी को समझना बेहद जरूरी है। बाबा की कंपनी 'पतंजलि आयुर्वेद' एक लंबे समय से भ्रामक प्रचार करती रही है कि उसके पास ग्लूकोमा, मधुमेह, रक्तचाप, अर्थराइटिस और अस्थमा सरीखी घातक बीमारियों के स्थायी इलाज हैं। दरअसल बाबा रामदेव ही पतंजलि के उत्पादों के सार्वजनिक चेहरा हैं। विज्ञापनों में वह दावे करते देखे जा सकते हैं कि उनकी औषधियां साक्ष्य आधारित, शोधपरक और लोगों पर परखी जा चुकी हैं। इन विज्ञापनों के व्यापक प्रभाव भी होते हैं, क्योंकि करोड़ों लोगों की बाबा में आस्था है। बाबा के दावों को सच मानते हुए असंख्य लोग पतंजलि की दवाएं खरीदते और इस्तेमाल करते हैं। नतीजतन आज बाबा की कंपनियों का टर्नओवर हजारों करोड़ रुपए है। पतंजलि दवाओं के प्रचार करने के साथ-साथ बाबा रामदेव आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' के खिलाफ विष-वमन भी करते रहे हैं। बाबा ऐसा क्यों करते हैं? पतंजलि के अलावा, झंडु, बैद्यनाथ, हमदर्द, डाबर आदि प्रख्यात कंपनियां भी आयुर्वेद औषधियों का व्यापक स्तर पर उत्पादन करती हैं। उन्होंने तो कभी भी 'एलोपैथी' के खिलाफ जहर नहीं उगला। सर्वोच्च अदालत ने इस भ्रामक और गलत प्रचार के लिए बाबा रामदेव को मना भी किया था, लेकिन बाबा और पतंजलि समूह के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण देश की शीर्ष अदालत के निर्देशों का ही उल्लंघन करते रहे हैं। बाबा के आयुर्वेद बनाम एलोपैथी की यह लड़ाई, 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' के जरिए, बीते दो सालों से सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। अब बात बाबा के माफीनामे से भी आगे निकल चुकी है। मौजूदा दौर जीवन-शैली के रोगों का है, लिहाजा योग, आयुर्वेद, शरीर को विष-मुक्त करना और हर्बल थेरेपी आदि ज्यादा लोकप्रिय हैं। लोग उनके जरिए स्वास्थ्य-लाभ पा रहे हैं। देश की मोदी सरकार ने भी आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और सिद्ध आदि चिकित्सा प्रणालियों का एक ही मंत्रालय-आयुष-में विलय कर दिया है। 'जन औषधि केंद्रों' के जरिए जेनरिक दवाएं भी लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। बेशक स्वास्थ्य की देखभाल में इन प्राचीन चिकित्सा प्रणालियों की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन बाबा जैसे पैरोकार आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' को गालियां देते हुए अथवा जहर बेचने वाले करार देकर अपने 'आयुर्वेद' को नहीं बेच सकते। जिस देश में नीमहकीमी और विज्ञान-विरोधी मानसिकता अनियंत्रित हो, उसमें नियामक प्रोटोकॉल से कोई भी समझौता नहीं किया जा सकता। नियामक संस्थाएं पतंजलि की औषधियों की जांच करें। यह उनका संवैधानिक अधिकार भी है।

# डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीआरडीए स्थित डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त संस्थान, एसोशिएसन जिला इकाई चतरा के साथ लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वृद्ध मतदाता, नए मतदाता, दिव्यांग मतदाता, कलादल, प्रेस मीडिया एवं अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि 20 मई को अपना बहुमूल्य वोट देकर लोकतंत्र का हिस्सा बने और लोकतंत्र को मतबुत करें की अपील की। मतदान दिवस के दिन सभी मतदाता अपने घर से बाहर निकलकर निर्भिक एवं भयमुक्त होकर अपने अपने बूथों पर जाकर अपना मत का प्रयोग अवश्यक करें। वल्नरेबल बूथ को चिन्हित किया जा चुका है। मतदाता निर्भिक एवं भयमुक्त होकर मतदान करें इसके लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अगर किन्ही मतदाता को किन्ही के द्वारा दबाव या प्रलोभन दिया जाता है तो अविलम्ब इसकी जानकारी प्रशासन को दें। डराने, धमकाने, दबाव डालने वाले लोगों को बख्सा नहीं जाएगा। किसी भी प्रकार की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन से संबंधित शिकायत मिलती है तो अविलम्ब सीविजिल ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करें। शिकायत दर्ज होने के 100 (एक सौ) मिनट के अंदर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं छुटे हुए मतदाताओं से भी अपील किया गया कि वैसे मतदाता जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे उपर है और उनका नाम अभी तक मतदाता सूचि में शामिल नहीं हो सका है वो अपने नजदीकी मतदान केन्द्र या बीएलओ, ऑनलाइन के माध्यम से प्रपत्र-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूचि में शामिल करा सकते है। इसके अलावे उन्होने कहा शारीरिक रूप से असक्षम मतदाताओं को मत का अधिकार दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी की जा रही है। साथ ही वैसे पदाधिकारी, कर्मी जिनका मतदान दिवस के दिन ड्यूटी लगाई गई है उसका भी पोस्टल बैलेट हेतु मतपत्र प्रपत्र-12 के माध्यम से उनके मत का अधिकार दिलाने की आवश्यक तैयारी की जा रही है।वर्ष 2009 के बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिससे अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का अधिकार को समझ कर मत का प्रयोग कर सके। पहले मतदान फिर जलपान, चुनाव पर्व है चतरा को गर्व है समेत कई अन्य नारें उप विकास आयुक्त के द्वारा लगाए गए। अपर समाहर्ता ने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग अभी से ही ठान लें कि अपने मत का प्रयोग शत प्रतिशत करेंगे। साथ ही अपने घर, आस-पास के लोग को भी जागरूक कर उनके मत का अधिकार दिलायेंगे।कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया गया। वहीं संगीत बोल घर से निकलकर वोट करना होगा पर ताईकमांडो के खिलाड़ियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुती की गई।

## करोड़ों की लागत से बनाए जा रहे भवन में बरती जा रही है अनियमितता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड मुख्यालय के समीप करोड़ों की लागत से बनाए जा रहे कर्मचारी भवन में संवेदक मुकेश साव के द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। बताते चले की भवन निर्माण कार्य में घटिया किस्म के बालू के अलावे कई सामग्री लगाई जा रही है। साथ ही साथ भवन निर्माण कार्य में साक्ष्य छिपाने को लेकर अभी तक बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिससे साफ स्पष्ट होता है कि संवेदक भवन निर्माण कार्य में अपने मनमानी से कार्य कर रहें है। जब पत्थलगड़ा प्रखंड के जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी एवं प्रमुख मनीषा कुमारी को इस मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने उक्त स्थल का निरीक्षण कर जांच करवाने की बात कही है।

## नए मतदाताओं के खोज के लिए किया जा रहा होम टू होम मतदाता सर्वेक्षण कार्य



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सभी 103 मतदाता केंद्र में नए मतदाताओं की खोज के लिए तीन स्तर पर मतदाता सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। प्रथम स्तर पर सर्वेक्षण वीश एलश ओश कर रहे है। द्वितीय स्तर पर वीश एलश ओश सुपरवाइजर व तृतीय स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी और सीश ओश के द्वारा किया जा रहा है। प्रखंड के सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास ने बताया कि इस सर्वेक्षण में 18 वर्ष पूरा कर चुके नए मतदाताओं के मतदाता सूची में नाम जोड़ने का यूथ स्तर पर कार्य किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

## प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरप के बरामदगी में एक गिरफ्तार




**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के हर्षनाथ पुर देल्हो घाटी के समीप गुप्त सूचना के आलोक में सिमरिया पुलिस ने 12 सौ बोतल ऑटो में लदा प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरप को बरामद किया है। वहीं ऑटो चालक दिनेश पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने बताया है कि सूचना के आलोक में एक ऑटो में 12 सौ प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरप जब्त किया गया है। वहीं ऑटो चालक दिनेश पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ दिनेश पासवान के अलावे अन्य के विरुद्ध एनडीपीएस 21(ष) और नार्कोटिव ड्रग्स के 27 B(2) के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

## साइबर क्राइम ने अपने कई नम्बरों से प्रखण्ड ऑपरेटर बदरुद्दीन के नाम से रुपये की ठगी की

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड कार्यालय के प्रखण्ड ऑपरेटर के पद पर कार्यरत ऑपरेटर बदरुद्दीन के नाम से इन दिनों साइबर क्राइम के युवक द्वारा मोबाइल नम्बर7026811469, 9589953299 नम्बर से कई लोगों को लाखों का चूना लगाया है। साबर क्राइमर ने ऑपरेटर बदरुद्दीन के नाम से फर्जी फोन गांव के किसानों को कर कहता है कि आपका पीएम किसान से रुपया आया हुआ है ।इसके लिए आपसे कुछ जरूरी कागजात मांगा गया है ।आप तुरंत मोबाइल के द्वारा मेरे बताए अनुशार काम करें रुपया आपका खाता में चला जाएगा। जैसे हैं उक्त किसान बदरुद्दीन के नाम पर विश्वास कर अपने मोबाइल से आगे का प्रोसेस में जाता है वैसे हीं उसका एकॉउंट खाली कर देता है। वैसे में ब्लॉक ऑपरेटर बदरुद्दीन ने कहा है कि मेरे नाम से कोई भी फर्जी फोन कर तो उसका सत्यापन अन्य नजदीकी लोगों से सत्यापन कर लें ।वहीं किसी को मेरे नाम पर एक रुपया या मोबाइल में छेड़छाड़ ना करें। यदि आप रुपये के लालच में करते हैं तो इसका जिम्मेवार आप खुद होंगे। हालांकि साइबर क्राइमर के विरुद्ध सिमरिया थाना में ऑपरेटर बदरुद्दीन ने प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## चतरा संसदीय चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर

### जिले के सभी मंडल प्रभारी के साथ भाजपा कार्यालय में हुई मैराथन बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को प्रचंड जीत दिलाने को लेकर जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में जिले के सभी मंडल प्रभारियों की मैराथन बैठक हुई ।बैठक में सभी मंडल प्रभारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्ष सहित सहित सभी प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक कर सभी बूथों पर अजय जीत हासिल करने का मंत्र सिखाया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ,चतरा संसदीय क्षेत्र के सहसंयोजक अशोक शर्मा, जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रदीप सिंह, अक्षयवट पांडे,जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर राम सहित सभी मंडल के प्रभारी सह प्रभारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने कहा कि चतरा जिला के 914 बूथों पर भाजपा को जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई। सभी मंडल प्रभारी को यह निर्देशित किया गया है कि सभी शक्ति केंद्र,बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर और आपसी समन्वय बना बनाकर सभी मतदाताओं के भाजपा के नियत और नीति के बारे में आम लोगों तक जानकारी दी जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा है कि चतरा संसदीय क्षेत्र सहित देश की हर एक जनता को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रही योजनाओं से लाभ उठाया है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सिर्फ घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में लोगों तक पहुंचाएं और भाजपा की जीत अवश्य मिलेगी।इस मौके पर चतरा संसदीय क्षेत्र के सह संयोजक अशोक शर्मा ने कहा कि सभी मंडल प्रभारियों को पिछले चुनाव परिणाम को देखते हुए सभी बूथों को ए ग्रेड की श्रेणी तक लाएं।कार्यक्रम में सभी मंडल प्रभारियों ने भी अपने अपने सुझाव दिए।गौरतलब है कि भाजपा ने जिले के सभी मंडल में प्रभारियों को दायित्व दिया गया है ताकि एक एक घरों तक भाजपा अपनी सशक्त टीम खड़ा करेगी।

## रामनवमी, सरहुल व ईद को लेकर बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** थाना परिसर में बुधवार को रामनवमी, सरहुल, ईद को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार और संचालन थाना प्रभारी नीतीश कुमार प्रसाद ने किया।थाना प्रभारी नीतीश कुमार प्रसाद ने कहा की रामनवमी एवं सरहुल, ईद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अफवाहो पर ध्यान नहीं देने एवं किसी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन को सूचित करने को कहा। ताकि किसी अप्रिय घटना घटने से पूर्व प्रशासन उस पर अंकुश लगा सके।थाना प्रभारी ने डीजे वालो को सख्त निर्देश दिया है कि अश्लील गाना न बजाएं, अगर अश्लील गाना बजाया तो कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहू, भरत यादव, बिनोद साव, अखिलेश यादव, अनिल यादव, पंकज गुप्ता, रणधीर कुमार सिंह, अरविंद गुप्ता, एंव दोनों सामूदाय के लोग उपस्थित थे।

## धूमधाम से निकाला गया मंगला शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** चैत्र रामनवमी महापर्व के शुभ अवसर पर दूसरे मंगलवार बड़े धूमधाम से राम भक्तों के द्वारा मंगला शोभायात्रा निकाला गया। शाम 7:00 बजते ही पूरा क्षेत्र जय श्री राम के उद्घोषों से गुंजायमान हो उठा। शोभा यात्रा के दौरान भगवा झंडों एवं पारंपरिक हथियारों से लैस राम भक्त युवकों के साथ-साथ दुर्गा युवा वाहिनी की बहनों ने भी अपना शौर्य प्रदर्शन किया। शोभा यात्रा दुर्गा बाड़ी मंदिर परिसर से निकलकर शास्त्री चौक, बाजार, महावीर मंदिर का भ्रमण कर रात्रि 9:00 बजे समापन हो गया। इस दौरान भगवा पगड़ी बांधे युवकों ने विभिन्न कर्तव्य दिखाकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किया गया था। शोभा यात्रा के दौरान उत्साही राम भक्त पूरे अनुशासन में रहे जिससे पुलिस को कहीं भी मशक्कत नहीं करनी पड़ी। मौके पर बजरंग दल के विभाग सहसंयोजक सूरज साहू, प्रदीप जायसवाल, महावीर मंडल अध्यक्ष नितिन साहू, अंकित जायसवाल, उज्जवल धनुष, निरंजन जायसवाल, आर्यन, राहुल राज, रोहित सोनी, मयंक सोनी, रिंकू कुमार, सत्यम गुप्ता, मुक्तेश्वर लाल, दुर्गा युवा वाहिनी के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, दुर्गा वाहिनी संयोजिका पल्लवी गुप्ता, माही गुप्ता, कीर्ति साहू, पलक कुमारी, पीहू कुमारी समेत सैकड़ो बजरंगी एवं राम भक्त मौजूद रहे।

# रामनवमी, ईद, सरहुल व चैती दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना परिसर में बुधवार को बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर की अध्यक्षता में रामनवमी,ईद उल फितर,चैती दुर्गा पूजा एवं सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक रखी गई। बैठक में बोलते हुए अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा कि क्योंकि चुनाव का समय चल रहा है इसको लेकर पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है इसको ध्यान में रखते हुए त्यौहार मनाएंगे। वहीं उन्होंने कहा की त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रशासन कटिबद्ध है सोशल मीडिया पर विशेष नजर है ।वही बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने कहा कि चुनाव को लेकर आचार संहिता के तहत किसी भी जुलूस में डीजे बजाने पर पाबंदी लगी हुई है। आचार संहिता का पालन करते हुए आप सभी त्योहार मनाए। ध्यान रहे कि त्यौहार शांतिपूर्ण व शौहार्द वातावरण में मने ।किसी भी तरह से विधि व्यवस्था बिगाड़ने वालों से प्रशासन शख्ती से निपटेगा। वही मौके पर बोलते हुए गणेशपुर के समाजसेवी रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा की बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में हर वर्ष चैती दुर्गा पूजा का त्यौहार मनाया जाता है। जिसको लेकर 17 एवं 18 अप्रैल को रामनवमी मेला एवं 19 अप्रैल को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। वहीं हिंदू नेता शैलेश सिंह उपेंद्र रंगीला ने कहा की बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में इस वर्ष रामनवमी पूजा किस झांकी एवं शोभायात्रा नहीं निकाली जाएगी । क्योंकि कुछ दिन पूर्व महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता राजेंद्र साहू की हत्या अपराधियों द्वारा कर दिया गया जिससे हम सभी आहत हैं जिसको लेकर पूरे हिंदू समुदाय के लोगों ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में शोभायात्रा नहीं निकाला जाएगी। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव ने कहा कि बालूमाथ के दिवाकर नगर स्थित सरना भवन से दुर्गाबाड़ी तक गुरुवार को सरहुल को लेकर जुलूस निकाला जाएगा जिसमें सैकड़ो लोग शामिल होंगे यह जुलूस हमेशा की तरह शांतिपूर्ण निकालने का हम लोगों का प्रयास पूरा रहेगा ।विधि-व्यवस्था को लेकर नो एंट्री लगाया जाए एवं त्योहार वाले दिन हडिया एवं दारू बेचने वालों पर कार्रवाई हो। वही मो.इमरान ने कहा की ईद उल फितर को लेकर बालूमाथ के पाँकी रोड स्थित ईदगाह में नमाज अदा की जाएगी जिसमें बालूमाथ प्रखंड के सभी मुस्लिम धर्मालंबी शामिल होंगे जिसमें नमाज के दौरान नो एंट्री लगाया जाए । इसके अलावा बैठक को सुरेंद्र उरांव लालदेव गंजू समेत कई लोगों ने संबोधित करते हुए त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने में प्रशासन को सहयोग करने की बात कही।

## आंगनबाड़ी सेविका पर अज्ञात बाइक सवारों ने किया हमला

**महुआडांड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र स्थित रामपुर चौक के समीप दो अज्ञात बाइक सवारों ने पहले तो कार का पीछा किया, और उसे ओवरटेक करने के बाद हथौड़े से कार पर हमला कर दिया। जिसमें कार का शिशा, साइड मिरर व दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया जिसके बाद दोनों वहां से फरार हो गए। घटना के संबंध में सोहर पाठ पंचायत अंतर्गत ग्राम पत्थरटोली आंगनबाड़ी सेविका बरीयो देवी ने बताया कि वह महुआडांड़ बाजार से अपने घर सोहरपाठ लौट रही थी तभी दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार कर को ओवरटेक करते हुए रोका और हथौड़े से कार पर हमला कर दिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाती हमलावर वहां से भाग निकले। हालांकि इस हमले में किसी को भी शारीरिक क्षति नहीं हुई।

## अविराम कॉलेज में मना प्रकृति पर्व सरहुल

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवा प्रखंड के अविराम ग्रामीण विकास स्वयं सेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फॉमेर्सी हूटाप चंदवा में प्राकृतिक सरहुल पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सराय फूल के पूजन से की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव इन्द्रजीत भारती मौजूद थे। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के सचिव श्री भारती ने सबों को प्रकृति को सुरक्षित रखने का संकल्प लेने की बात कही। मौके पर अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग प्राचार्य अमोला शिल्पी एक्का, प्राचार्य भावना कुमारी समेत समस्त शिक्षक एवं प्रशिक्षु छात्र-छात्राए उपस्थित थे।


## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर हुई बैठक

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सभागार महुआडांड़ में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बीएजीएस के सदस्यों एवं वॉलिटियस के साथ बैठक किया गया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु सभी बूथ, टोला, वार्ड में प्रतिदिन स्विप एक्टिविटी एवं जागरूकता कार्यक्रम करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही छूटे हुए व्यक्तियों का एवं जिनका उम्र 18 वर्ष हो गया है वैसे सभी नए मतदाताओं का प्रपत्र 6 भरने हेतु बताया गया।

## मतदान कर्मि व मतपेटी को अतिनक्सल क्षेत्र से बज्रगृह तक सुरक्षित पहुंचने को लेकर अभ्यास किया

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम लोक सभा चुनाव में अतिनक्सल क्षेत्र से मतदान कर्मियों व मतपेटी सहित जवानों को सुरक्षित बज्रगृह तक पहुंचाने को लेकर बुधवार को महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम कुरूंद, रेंगाई स्कूल सहित ओरसापाठ स्कूल मैदान से सेना के हेलीकॉप्टर द्वारा उतारने का अभ्यास किया गया। मौके एसडीओ रतन कुमार सिंह, डीएससी हिमांशु चन्द्र मांझी, बीडीओ अमरेन डांग, थाना प्रभारी अविनाश कुमार सहित अन्य मतदान कर्मी और पुलिस जवान उपस्थित थे।

## सरना समिति सह पढ़हा की सरहुल पर्व की रुप रेखा को लेकर वासावोड़ा में बैठक आयोजित



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरहुल पर्व को लेकर आदिवासी वासावोड़ा में एक बैठक आयोजन किया गया। जिसमें सरना समिति सह पढ़हा के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रकृति का पर्व सरहुल पर्व का कार्यक्रम की रुप रेखा कि जानकारी दी गई। आगामी 11 अप्रैल 2024 को है जो कार्यक्रम इस प्रकार है-: पूजा एवं विनती 8:00 से 10:00 बजे सरना पूजा पूर्वाह्न 10 बजे है। अतिथि स्वागत 12:30 बजे से 1 बजे तक सरहुल पर्व आशीर्वचन अपराह्न 1:00 से 2:00 तक सरहुल शोभा यात्रा वासावोड़ा से निकलकर लातेहार जिला मुख्यालय के मुख्य पथ होते हुए उर्दाटांड़ के सरना विद्यालय के प्रांगण में नृत्य मंडली कार्यक्रम के पश्चात संध्या 5:00 बजे पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में लातेहार पूर्वी से जिला परिषद विनोद उरांव सरना समिति के उपाध्यक्ष सुदेश्वर उरांव कोषाध्यक्ष मोती उरांव युवा समाजसेवि रमेश उरांव, बंदे उरांव मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता रैली निकालकर आमजन को मतदान करने के प्रति किया गया जागरूक

**स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गारु प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी गारु, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, स्वयं सहायता समूह महिला, आंगनबाड़ी सेविका, बीएलओ, प्रखंड सह अंचल कर्मी एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर आमजनों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, उम्र 18 पूरी है वोट देना जरूरी है, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन के साथ ग्रामीणों द्वारा जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में 20 मई को अपने घरों से निकलकर वोट करने की अपील की गई।

## बालू उठाव कर रहे ट्रैक्टर मालिकों ने सीओ पर चालान रहते गाड़ी जब्त करने का लगाया आरोप

**ट्रैक्टर मालिकों ने उपायुक्त से गाड़ी मुक्त कराने का लगाई गुहार**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत औरंगा नदी व भटको गांव समीप औरंगा नदी से मनिका पुलिस व जिला प्रशासन की संयुक्त कारवाई में नदी से बालू का उठाव कर ले जा रहे आठ ट्रैक्टरों को जब्त किया है। पकड़े गये सभी ट्रैक्टर मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। पंचायत के मुखिया द्वारा दिया गया चालान को नहीं दिया गया मान्यताः ट्रैक्टर मालिक इधर नदी से बालू उठाव करने के दौरान पकड़े गये ट्रैक्टर मालिकों ने कहा है कि पंचायत के मुखिया के द्वारा दिया गया चालान हमलोगों के पास था परन्तु उस चालान को मान्यता नहीं दी गई। और हमारी गाड़ी को जब्त कर कानूनी कार्रवाई की गई है जो सरासर अन्याय है। वहीं ट्रैक्टर चालकों ने बताया कि हमलोग चालान दिखा रहे थे परन्तु छापामारी दल के द्वारा बोल दिया गया कि इस चालान का मान्यता नहीं है।आगे ट्रैक्टर मालिकों ने बताया कि मनिका प्रखंड के नाक नीचे कई बालू माफिया बालू को सरेआम सड़क किनारे डम्प कर बालू बेच रहे हैं। जिसपर न तो पुलिस और न ही जिला प्रशासन कोई कारवाई करती है। उल्टे सरकार द्वारा बालू उठाव करने की जिम्मेवारी संबंधित पंचायत को सौंपी हुई है। उनके द्वारा पंचायत से चालान कटा कर आवास निर्माण हेतु बालू का उठाव किया जा रहा था। ऐसे में जिला प्रशासन की द्वारा उक्त कारवाई की जा रही है जो उनलोगों के समझ के परे है।बतादें कि ईधर जिला व पुलिस प्रशासन के द्वारा बालू उठाव कर रहे एक साथ आठ ट्रैक्टरों को पकड़े जाने से अन्य बालू के कारोबारियों में हड़कंप व्याप्त है। वहीं उक्त कारवाई से विकाश कार्यों के साथ साथ अबुआ आवास योजना के ससमय निर्माण पर भी खासा प्रभाव पड़ने की संभावना है। **क्या कहते हैं सीओ संतोष कुमार शुक्ला :** जिला व पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में शामिल सीओ संतोष कुमार शुक्ला ने कहा कि दो गाड़ी चालकों के पास मुखिया द्वारा दिया गया चालान था लेकिन वह भी चालान के अनुसार दुसरे क्षेत्र में बालू लेकर जाने के क्रम में गाड़ी पकड़ी गई है। पंचायत से काटे गये चालान की समय सीमा क्षेत्र होती है।उक्त संबंधित नदी के पंचायत बालू के लिए चालान अपने ही पंचायत तक के लिए काट सकते हैं। औरंगा नदी से अवैध बालू का उठाव करने से संबंधित जिला प्रशासन को मिली सुचना के आधार पर उक्त कारवाई में बालू से लदा आठ ट्रैक्टरों को जब्त कर कार्रवाई की गई है।

# मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर हजारीबाग जिला में मतदाताओं की भागीदारी एवं वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने, सहित नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस क्रम में स्वीप कोषांग, हजारीबाग के द्वारा आज बुधवार को स्वीप साईकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली झील परिसर से लगभग 6ः30 बजे सुबह प्रारंभ हुई जिसमें 100 से अधिक युवक युवतियों ने हिस्सा लेकर मतदाता जागरूकता हेतु शहर का भ्रमण किया। इस दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। स्वीप नोडल अधिकारी सुलोचना मीणा,सहायक नोडल पदाधिकारी रोहित कुमार ने इस मतदाता जागरूकता साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह साइकिल रैली झील परिसर से होते हुए पुराना समाहरणालय चौक,इंद्रपुरी चौक, झंडा चौक, बंसीलाल चौक, डिस्ट्रिक मोड होते हुए नए समाहरणालय भवन में समापन किया गया। साइकिल रैली में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान पवन कुमार,द्वितीय स्थान सुबोध कुमार एवं तृतीय स्थान दिनेश कुमार ने प्राप्त किया। स्वीप नोडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रशस्ती पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। रैली के समापन के उपरांत समाहरणालय भवन के मुख्य द्वार पर युवक युवतियां ने एकत्रित होकर मतदाता प्रतिज्ञा का शपथ पाठ किया तथा उन्होंने इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की भी शपथ ली। मौके पर झील परिसर में मतदाता सेल्फी प्वाइंट लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहे तथा सभी प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता कैप का भी वितरण किया गया।छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने लिए फार्म 6 भरने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल का जागरुकता रथ के माध्यम से वृहत प्रचार किया गया।इस दौरान खेल पदाधिकारी कैलेश राम,खेल कार्यालय के प्रधान सेवक शेखर कुमार, प्रशिक्षक नीरज राय व अन्य मौजूद रहे।

## ईद का त्योहार को लेकर बड़कागांव पुलिस चौकस, तैयारी पूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मुस्लिम धर्मलंबियों की विशेष त्योहार ईद बड़कागांव में आज मनाई जाएगी जिसे लेकर मुस्लिम धर्म लंबियों के द्वारा त्योहार को लेकर खरीदारी पूरी कर ली गई है। सेवई, लच्छा, ड्राई फरूट, दूध के अलावा नए वस्त्र की खरीदारी लोगों के द्वारा की गई है। आज सभी मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी जिसे लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। शांतिपूर्वक ईद संपन्न कराने को लेकर सभी मस्जिदों में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात किए गए हैं। वही आम लोगों को जागरुक करते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने लोगों से सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज, अनर्गल बयान बाजी नहीं करने की सख्त हिदायत दी है। पकड़े जाने पर एडमिन समेत आरोपी सदस्य पर साइबर क्राइम एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई कर उसे जेल भेजा जाएगा।

## पंचमाधव रामनवमी पूजा का हुआ समिति गठित, अध्यक्ष बने वीरेंद्र यादवे



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव महारामनवमी पुजा के समिति का गठन प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी शिव मंदिर प्रांगण में की गई, जिसकी अध्यक्षता करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने किया। वही संचालन प्रकाश ठाकुर ने किया, सभी के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रशासन के गाइडलाईन के अनुसार मेले का आयोजन किया जायेगा। मेले को सफल बनाने करने के लिए सर्वसम्मति से समिति की गठन की गई। समिति जिसमे अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, सचिव पूरन राम, कोषाध्यक्ष छोटन गोप का चयन किया गया। मेले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़े को पुरस्कृत करने का भी प्रावधान किया गया है, ज्ञात हो कि इस मेले में बसरिया,जरहिया, कोलंगा शिवपुर, सलोन, धोबीयाडीह सें आये झांकी जुलुस का मिलन पंचमाधव शिव मंदिर के पास किया जाता हैं, यहां पर सभी राम भक्त जुलुस, झांकी लाकर खेल प्रदर्शन कर अपनी कला दिखाते हैं।मौके पर पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, कामेश्वर रविदास, नागेश्वर रजक, मोहन प्रजापति, अजय प्रजापति, विशेश्वर यादव, जानकी यादव, कैलाश यादव, दीपक यादव, धीरेंद्र यादव, विपुल राणा, कपिल राणा, सिकंदर यादव,अनुज कुमार, संतोष यादव,दिनेश यादव,राजेश यादव, संतोष कुमार रजक, विनोद यादव,उपेंद्र यादव, राजकुमार, मुकेश कुमार, इंद्रदेव यादव, सुनील राणा, विकास कुमार, रामधानी साव, चितो प्रजापति सहित सभी सहयोगी सदस्य व राम भक्त शामिल रहे।

## बरही के रसोइया धमना में सैकड़ो लीटर पानी हो रहा बर्बाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गर्मी आ गई है, लेकिन इस भीषण गर्मी में जहां लोग एक - एक बूंद पानी पीने के लिए तरस रहे है, दूरदराज इलाके से पानी लाने को मजबूर है, पानी खरीदकर अपना काम चला रहे है, वहीं बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के पुराना पंचायत भवन के समीप लगा सोलर जलमीनार से प्रत्येक दिन सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। स्थानीय निवासी मिथिलेश कुमार ने बताया की पिछले एक महीने से इस सोलर जलमीनार से पानी ओवरफ्लो हो रहा है लेकिन इस बात की चिंता किसी भी पंचायत जनप्रतिनिधियों को नही है। जिससे आस पास के ग्रामीणों में पंचायत जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी है। उन्होंने बताया की इस बात की सूचना स्थानीय मुखिया गोविंद साहू को भी दी गई है। परंतु अभी तक कोई सकारात्मक पहल नही किया गया है। वही ग्रामीणों ने बताया कि जिस पाइप से घरों में पानी जाता है, वह जाम हो गया है जिसके कारण हम लोगों को भी पानी नहीं मिल पा रहा है, इस भीषण गर्मी में हम लोगों को काफी समस्या हो रही है, यहां तक की चापानल का बोरिंग लेवल भी नीचे चला गया है। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर मुखिया गोविंद साहू ने बताया कि इस बात की सूचना संवेदक को दे दी गई है बहुत जल्द इस समस्या से यहां के लोगों को निजात मिल जाएगा।

## 12 अप्रैल से शुरू होगा चैती छठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

साल में दो बार छठ का पर्व मनाया जाता है। पहला चैत्र मास में और दूसरा कार्तिक मास में, हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को छठ पर्व मनाने की परंपरा है। आमतौर पर कार्तिक मास की छठ का अधिक महत्व है। इस छठ को भी लोग बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं। इस व्रत का आरंभ नहाय खाय के साथ होता है और लगातार 36 घंटे तक निर्जला उपवास व्रत रखने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महिलाएं अपना व्रत खोलती हैं। पंडित यदुनंदन मिश्रा ने बताया कि12 अप्रैल शुक्रवार को नहाय-खाय,13 अप्रैल शनिवार को खरना,14 अप्रैल रविवार को संध्या अर्ध्य, और 15 अप्रैल सोमवार प्रातः उदयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

## सऊदी अरब में फंसे झारखंड के मजदूरों की चिंता बरकरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** परिवार का बोझ तथा अपने माता-पिता एवं परिवार जनों के अरमानों को साकार करने के उद्देश्य से विष्णुगढ़ के युवा रोजगार के लिए पलायन को मजबूर है। इसी क्रम में सिरैय निवासी भीम ठाकुर जो दलालो के चंगुल में फंस गये हैं, चंगुल में फंसे युवक के परिजनों ने उसे आजाद करवाकर सकुशल घर वापसी के लिए सरकार से गुहार लगाई है।बताते चलें कि बच्चों की ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए एक खुशहाल जिंदगी का सपना लिए हजारीबाग जिले के अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड के सिरैय निवासी स्वर्गीय छत्रु ठाकुर के 35 वर्षीय पुत्र भीम ठाकुर जो पिछले नौ महीने पूर्व सऊदी अरब में कमाने के लिए गए थे।उसको लगा कि हम वहां कमा कर अपने बच्चों का पेट पाल सकते हैं, लेकिन उसको क्या पता था कि सऊदी अरब जाने के कुछ दिन बाद ही उसका मालिक हैवान बन जाएगा और उसको यातनाएं देगा।तड़पता हुआ भीम अपने परिजनों को मोबाइल से फोन करता है और गुहार लगाता है,कि मेरी मदद कीजिए, हमें बचा लीजिए।अब परिवार वाले भी सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं।भीम ठाकुर की विधवा माता चिंता देवी ने बताया कि नौ महीने पूर्व एजेंट के माध्यम से हमारा बेटा सउदी अरब गया था। जहां उन्हें बंधक बनाकर काम कराया जा रहा हैं।ना ही उन्हे वेतन दिया जा रहा हैं,और ना ही ठीक ढंग से खाने पीने दिया जा रहा हैं।उपर से विरोध करने पर उन्हें यातनाएं झेलनी पड रही हैं।बेटे ने फोन पर बताया कि कफील( मालिक ) ने उनके उपर मुकदमा कर दिया है।भीम ठाकुर परिवार का इकलौता चिराग हैं। जो परिवार का पालन पोषण के लिए रोजी रोटी की तलाश में सऊदी गया हुआ था। इधर उसके पिता भी चल बसे।भीम के छोटे- छोटे दो पुत्र प्रिंस कुमार 9 वर्ष और प्रतिक कुमार 6 वर्ष का हैं।प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकन्दर अली ने कहा कि विदेश में नौकरी की जांच-पड़ताल किए बगैर एजेंट पर भरोसा करने वाले कई लोग वहां मुश्किल में फंस रहे हैं।विदेशों में झारखंड के प्रवासी मजदूरो को बंधक बनाने और वेतन नहीं देने के मामले हमेशा सामने आते रहे हैं।उन्होने सरकार से मदद करने की अपील की है।अभी भी सऊदी अरब में झारखंड के 45 मजदूरों में फंसे हुए हैं।ऐसे में तत्काल सभी फंसे मजदूरों की सकुशल वतन वापसी करायी जाय।

## 8 साल की नूरी ने रखा रमजान के पूरे एक महीने का रोजा



**बड़कागांव :** खुदा से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती। रमजान माह में रोजेदार भी रोजा रख कर खुदा की इबादत कर रहे हैं। इसमें नन्हे रोजेदार भी पीछे नहीं है। गर्मी के इस मौसम में बड़ों के साथ बच्चे और बुजुर्ग भी रोजा रख रहे हैं। वहीं नन्हे रोजेदार भी रोजा रखकर मुल्क में शांति, तरक्की की दुआ मांग रहे हैं। इस दौरान बड़ों के साथ बच्चे भी नमाज व कुरान की तिलावत करते नजर आ रहे हैं। हाफिज फजल उर रहमान और सलमा खातून की 8 वर्षीय पुत्री नूरी फातिमा ने रमजान के पूरे महीना का रोजा रख कर मिसाल कायम की। इतना ही नहीं नूरी रोजा रखते हुए प्रतिदिन स्कूल भी जाती रही। नूरी अलेक्स पब्लिक स्कूल बड़कागांव की छात्रा है। नूरी से पूछे जाने पर बताया की अपनी मर्जी से में रोजे रख रही थी। किसी का कोई दबाव उसके ऊपर नही था। नूरी के माता पिता काफी खुश नजर आए।

## वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**हजारीबाग :** ईद एवं रामनवमी के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया शिविर का शुभारंभ राकेश शेट्टी ने रक्तदान कर किया।तत्पश्चात सूरज कुमार विवेक कुमार सोनी, सूयस, मोहम्मद इरशाद आलम राजीव रंजन अरबी उमेश कुमार आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। ब्लड बैंक में बी नेगेटिव रक्त उपलब्ध नहीं था ऐसे में राकेश शेट्टी से संपर्क किया गया उन्होंने सारा काम छोड़ तत्काल ब्लड बैंक में आकर रक्तदान किया।

## भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता का निधन

**बड़कागांव :** भाजपा के पूर्व नापोकला पंचायत अध्यक्ष 50 वर्षीय बैजनाथ यादव उर्फ बरजू का ब्रेन ट्यूमर होने के कारण निधन हो गया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू ने गहरा दुख व्यक्त किया और कहा उनके निधन से बड़कागांव उरीमारी मंडल में ईमानदार एवं कर्मठ कार्यकर्ता को खो दिए। सदैव इनकी कमी हम सब को खलेगी। उनके निधन पर भाजपाइयों ने शोक व्यक्त किया है जिसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, महामंत्री सुमन गिरी, दिनेश करमाली, भुपाल स्वर्णकार, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, त्रिवेणी महतो, श्रीकांत निराला, विनोद ठाकुर, भागीरथ ठाकुर, कृष्ण गुप्ता, गणेश प्रसाद गुप्ता, जगतनंदन गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

## छवनिया में कलश यात्रियों को लाठी डंडे के साथ रोकने को लेकर थाना में मामला दर्ज

**बड़कागांव :** छवनिया गांव में मंगलवार को कलश यात्रियों के साथ हुई घटना को लेकर बड़कागांव पुलिस ने बड़कागांव थाना में मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आठ नामजद एवं 50 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम के द्वारा थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। वहीं घटना की विरोध में बड़कागांव मुख्य चौक पर हिंदू धर्मलंबियों ने अपनी स्वेच्छा से बुधवार सुबह कुछ घंटे दुकाने बंद कर विरोध जताया और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की ।

## अखाड़ाधारियों व रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्षों के बीच सामग्री का वितरण हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बड़ा अखाड़ा प्रांगण मे रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष व सभी अखाड़ा के अध्यक्ष व सचिवों को इस वर्ष रामनवमी के अध्यक्ष पद के दावेदार रहे मीत यादव के द्वारा लाठी, तलवार, महावीर ध्वज, हनुमान चालीसा, व गमछा का वितरण किया गया. कार्यक्रम कि शुरुआत महंत विजयानंद दास के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करवा कर किया गया. इस अवसर पर मीत यादव ने कहा कि इस वर्ष अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा हुआ है वे बाल रूप में हम सबों के बीच आए हैं. उनके बाल रूप प्रतिमा देख वे राम के काम के लिए प्रेरित हुए और इस वर्ष की रामनवमी की जिम्मेदारी वह अपने युवा कंधे पर लेना चाहते थे परंतु ऐसा होना सका लेकिन उन्होंने सभी अखाड़ाधारी व पूर्व अध्यक्षों का आभार जताते हुए कहा कि उनके ऊपर जिन लोगों ने भरोसा जताया उनका वह आभार व्यक्त करते हैं.उन्होंने आगे कहा कि जब उन्होंने अध्यक्ष पद की दावेदारी पेश की थी उस वक्त यह वादा किया था कि इस त्यौहार की भव्यता को और बढ़ाने का प्रयास करेंगे और इसे एक नया आयाम देंगे इस वादे को पूरा करने के लिए समस्त अखाड़ाधारी व रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्षों के बीच एक छोटी सी भेंट दी है. उन्होंने समस्त राम भक्तों से अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष की रामनवमी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए और जहां कहीं भी रामभक्तों को रामनवमी से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो वह उन्हें दूर करने का हर संभव प्रयास करेंगे . वहीं रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा कि रामनवमी का इतिहास काफी स्वर्णिम रहा है हम सबों को इस वर्ष रामनवमी सौहार्दपूर्ण भक्तिमय व नशामुक्त वातावरण में मानना है. रामनवमी को ऐतिहासिक बनाने में सबों का सहयोग जरूरी है हम सब मिलजुल कर रामनवमी मनाएंगे . रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष शशि भूषण केसरी ने इस मौके पर कहा कि सभी राम भक्त आपसी सामंजस्य से एक दूसरे का सहयोग करते हुए रामनवमी मनाये. पूर्व अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि राम एक आदर्श पुरुष है मर्यादित है और हम सब रामनवमी उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं तो हमें भी रामनवमी में मर्यादित रहना है.

## युवा पत्रकार रितेश खण्डेलवाल ने रक्तदान कर 6 माह के शिशु को दिया जीवन दान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** युवा पत्रकार सह हजारीबाग यूथ विंग के कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल ने मंगलवार को देर शाम बरकट्ठा निवासी पत्रकार संतोष पांडे के 6 महीने के नन्हे सुपुत्र श्रेयांश कुमार को रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। संतोष पांडे की धर्मपत्नी का पिछले माह ही निधन हो गया था। इसके बाद से लगातार बच्चे की तबीयत खराब चल रही थी। मंगलवार को पत्रकार सुशांत सोनी के द्वारा जानकारी मिलने के उपरांत रितेश खंडेलवाल ने तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर बच्चे की जान बचाई।

## विष्णुगढ़ हजारीबाग के छात्रों का इसरो के शैक्षिक भ्रमण पर उत्कृष्ट प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग डीएमएफटी विभाग के द्वारा तीन चरणों में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की गई थी। जिसमें प्रथम चरण विद्यालय स्तर,द्वितीय चरण प्रखंड स्तर एवं तृतीय चरण जिला स्तर पर आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में जिले के कुल 54 विद्यालयों से 108 छात्रों ने भाग लिया था। आयोजित प्रतियोगिता में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ से दो छात्राएं राशि कुमारी वर्ग दशम और कोमल कुमारी वर्ग नवम विद्यालय स्तर से चयनित की गई थी जो बाद में प्रखंड स्तर में भी चयनित होकर जिला स्तर तक गई। अंतिम रूप में जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को डीएमएफटी हजारीबाग द्वारा दिनांक 31 मार्च 2024 से 5 अप्रैल 2024 तक शैक्षिक भ्रमण हेतु भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) श्री हरिकोटा, क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र तिरुमला एवम तिरुपति मंदिर ले जाया गया। 5 दिनों तक शैक्षिक भ्रमण कर विद्यालय की छात्राएं राशि कुमारी, कोमल कुमारी और सहायक शिक्षिका शालिनी गुप्ता की 6 अप्रैल 2024 अपने-अपने घर वापसी हुई। छात्राओं की इस सफलता के लिए विद्यालय प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, सहायक शिक्षक रामदेव प्रसाद, अजय कुमार, मनोज कुमार, पवन कुमार, शिक्षिका मंजू कुमारी एवम शांति कुमारी ने छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गहमागहमी के बीच रामनवमी महासमिति बरही का चुनाव संपन्न, अध्यक्ष बनें विनय साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मंगलवार को धनबाद रोड स्थित भगवती मंदिर परिसर में रामनवमी महासमिति बरही के गठन को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ट समाजसेवी भुनेश्वर साहू ने किया। बैठक में बजरंग अखाड़ा मल्लाह टोली गया रोड, अंजनी अखाड़ा तिलैया रोड, श्रीराम अखाड़ा अंबेडकर नगर बाराटांड़, हनुमान सेना हजारीबाग रोड, भगवती मंदिर एवं महाबीर मंडल धनबाद रोड एवं रसोइया धमना रामनवमी पूजा समिति के पदाधिकारियों सहित राम भक्तों ने भाग लिया। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद को लेकर पूरे गहमा गहमी रही। वहीं सर्वसमिति से अध्यक्ष पद के लिए चुनावी प्रक्रिया करने का निर्णय लिया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए विनय साहू एवं भगवान केशरी के नाम प्रतावित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के तहत विनय साहू को 4 मत मिला और भगवान केशरी को 2 मत प्राप्त हुआ और एक मत नोटा में डाला गया अर्थात रद हुआ। इस प्रकार विनय साहू 4-2 से विजय हुए और रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने। इस मौके पर जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे के साथ रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विनय साहू को माला एवं भगवा पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष विनय साहू ने कहा कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष रामनवमी का त्योहार ऐतिहासिक रहेगा। बरही चौक चौराहे पर विद्युत साज सज्जा होगी। महावीरी पताकों से पूरा क्षेत्र को पाटा जाएगा। रामनवमी के दिन झांकियों के आयोजन के वक्त महासमिति के द्वारा शरबत व पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। महासमिति के मुख्य मंच के समीप एक स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा। परंपरागत अस्त्र शस्त्र के संचालन में अगर कोई घायल हो जाता है तो उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एंबुलेंस भी मुस्तैद रहेगा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष रमेश ठाकुर, वरिष्ट समाजसेवी भगवान केशरी, विनय साव, अर्जुन साव, सुनील साहू, गुरुदेव गुप्ता, अमित जायसवाल, मंटू सिंह, छोटन ठाकुर, बलराम केशरी, राजेश केशरी, शशि जयसवाल, अकाश जयसवाल सहित सभी अखाड़ों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी और सदस्यगण उपस्थित थे।

## लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशिभूषण केशरी ने दी नव संवत्सर की शुभकामना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हिंदू राष्ट संघ के प्रदेश अध्यक्ष,पूर्व रामनवमी महासमिति अध्यक्ष एवं लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी के द्वारा एक बैठक बुढ़वा महादेव मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई । बैठक में श्री केशरी ने सभी सनातनी रामभक्तो एवं मातृ शक्ति को संबोधित कर हिन्दू नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा का दिन हम हिन्दुओं के लिए साल का पहला दिन है। हमें अपनी संस्कृति और सनातन धर्म पर गर्व होना चाहिए । बैठक में श्री केशरी ने रामनवमी महासमिति अध्यक्ष जीतु यादव को बधाई देते हुए कहा कि रामनवमी का पर्व हर रामभक्तो का और हर सनातन धर्म प्रेमियों का पर्व है । हजारीबाग की रामनवमी हमेशा ऐतिहासिक रही है । हर वर्ष की तरह इस बार भी हिन्दू राष्ट संघ का मंच बिहार दुर्गा स्थान के पास होगा जो चौबीसों घंटे रामभक्तो की सेवा में तत्पर रहेगा।कहा कि रामनवमी की झांकियों को देखने के लिए हमारे ग्रामीण माताएँ, बहन, बेटीया सभी आती है । उनकी सुरक्षा का दायित्व हम सबो का है । इनके साथ किसी भी तरह की अभद्रता बर्दाश्त नही की जाएगी।हिन्दू राष्ट संघ बहन बेटियों की रक्षा में हमेशा खड़ा रहा है और रहेगा ।

## चैत्र रामनवमी महासमिति के कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्थानीय बड़ा अखाड़ा के समीप हजारीबाग रामनवमी महासमिति 2024 के कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक सह हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व बरही विधायक मनोज यादव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेता सह समाजसेवी प्रदीप प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, समाजसेवी प्रशांत प्रधान के साथ सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों को रामनवमी महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव के द्वारा भगवा वस्त्र एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल ने महासमिति के अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि इस बार की रामनवमी भी पहले की तरह भव्य एवं ऐतिहासिक होगी। विशिष्ट अतिथि के मनोज यादव ने भी अपने संबोधित भाषण में महासमिति के तमाम कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी लोग आपसी सहयोग से रामनवमी को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपनी भरपूर सहयोग करेंगे।भाजपा नेता सह समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी का एक गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा कि इस बार की रामनवमी भी पहले से ज्यादा बेहतर तरीके से मनाई जाएगी। समाजसेवी प्रशांत प्रधान ने कहा कि श्री अयोध्या धाम में श्री राम लला विराजमान हुए हैं तो निश्चय हीं इस बार की रामनवमी ऐतिहासिक होगी।वहीं रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव व सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि अपने सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और बड़े बुजुर्गो के आशीर्वाद से मैं अपनी जिम्मेदारी बेहतर तरीके से निभाउंगा।अंत में उन्होंने सभी सभी लोगों से सहयोग की अपील की।कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ साथ शहर के तमाम प्रबुद्धजन उपस्थित रहे ।

## चुनाव में ब्राह्मण समाज के लोंगो को भी सभी राजनीतिक पार्टियों को टिकट देना चाहिए : प्रदीप शर्मा



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने सभी राजनीतिक पार्टियों से मांग करते हैं कि, ब्राह्मण समाज के लोंगो को भी टिकट दे, जबकि भारतीय संस्कृति, वेद- पुरान, रीति रिवाज को बचाए रखना,इस समाज का मूल उद्देश्य हमेशा से ही राजनीतिक नहीं, व्यापार नहीं ब्लकि आदर्श शिक्षा का ज्ञान बाटना है ब्राह्मण सदा सामाजिक-आर्थिक और शस्त्र व शास्त्र न्याय, उच्च विचार, धर्म और उपासना के पति रहा है , लोक सभा चुनाव का समय है ऐसे में हर तरफ समाज को आगे कर टिकट की मारा मारी चल रही है द्य जो कि इस मामले में ब्राह्मण समाज सबसे पीछे खड़ा है, क्या झारखंड में भी ब्राह्मण समाज को भी अपने जातिगत लाभ पाने का अधिकार है कि नहीं जब कि ब्राह्मण समाज ही सस्त्र ओर शास्त्र एवं राजनीतिक के ज्ञाता हैं।

## कृष्ण विद्या मंदिर में ओलंपियाड प्रतिभागियों के बीच हुआ पुरस्कार वितरण




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ के श्री कृष्ण विद्या मंदिर के प्रांगण में ओलंपियाड प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किया गया। विज्ञान ओलंपियाड में 16 छात्रों ने मेडल प्राप्त किया तथा अन्य छात्रों ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया। साथ ही विज्ञान ओलंपियाड में छात्रों ने 87.5त्र रैंक प्राप्त किया। गणित ओलंपियाड में 3 छात्रों ने मेडल एवम् 36 छात्रों ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया।अंग्रेजी ओलंपियाड में 4 छात्रों ने मेडल प्राप्त किया तथा 10 छात्रों ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया। स्वर्ण पदक लाने वाले की संख्या 10 है। इसके प्रतिभागी आर्यन गुप्ता कक्षा षष्ठ, रानी कुमारी कक्षा सप्तम, दिवाकर पांडे कक्षा नवम, साक्षी प्रिया कक्षा द्वितीय, आदित्य राज कक्षा षष्ठ, सूरज राज कक्षा पंचम, आदित्य राज-II कक्षा षष्ठ, आरोही कुमारी कक्षा सप्तम, प्रियांशु कुमारी कक्षा अष्टम एवम अभिषेक तिवारी कक्षा नवम है।रजत पदक लाने वालों की संख्या 7 है जिसके प्रतिभागी माही राज कक्षा द्वितीय, अंश चौधरी कक्षा पंचम, अवंतिका उपाध्याय कक्षा षष्ठ, नैंसी कुमारी कक्षा षष्ठ, दिव्यांका कुमारी कक्षा सप्तम, कृति साक्षी कक्षा अष्टम एवम श्वेता चौधरी कक्षा नवम है।कांस्य पदक लेने वालों की संख्या 6 है जिसके प्रतिभागी स्वाति गोराई कक्षा द्वितीय, तृप्ति तृष्णा कक्षा पंचम, आशी सिंह कक्षा षष्ठ, सेजल कुमारी कक्षा षष्ठ, निशु कुमारी कक्षा अष्टम एवं मेघा कुमारी कक्षा नवम है। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी ने छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के क्रियाकलाप को आवश्यक व उपयोगी बताया।

## भुरकुंडा से बिरसा परियोजना जा रही क्रेन मशीन सयाल में हुई दुर्घटनाग्रस्त, कोई हताहत नहीं



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल प्रक्षेत्र की भुरकुंडा परियोजना में बुधवार को आई नई मशीन को उतारने के लिए बिरसा परियोजना से गये सबसे बड़ी क्रेन मशीन वापस लौटते समय सयाल में दूर्घटनाग्रस्त हो गई। वहीं यह घटना सयाल के आठ नंबर स्थित मिडिल स्कूल के समीप हुई।जहां मिडिल स्कूल बने गार्डवाल को क्षतिग्रस्त करते हुए एक पेड़ से जा टकराई। वहीं ड्राइवर के सुझबुझ से सड़क पर चलने वाले कई लोग बाल बाल बचे। वहीं यह घटना शाम करीब साढ़े पांच बजे कि है। बता दें कि इस क्रेन मशीन को चला रहे आपरेटर ने बताया कि सयाल आठ नंबर के समीप तीखी मोड़ पर क्रेन का ब्रेक फेल हो गया। खबर लिखे जाने तक बिरसा परियोजना के इंजीनियर व कामगार क्रेन को ठीक करने में लगे हुए थे।

## मनीष जायसवाल ने सयाल में चलाया जनसंपर्क अभियान

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद पद पर खरा उतरे हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मंगलवार देर शाम सयाल बाजार एवं टिपला मे जनसम्पर्क अभियान चलाया और सयाल में पार्टी एवं सयाल के प्रबुद्ध जनों से मुलाकात किया। एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के किये गए कार्यो को लोगो के बीच मे बताया एवं लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। वहीं इस मौके पर आजसू केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सतीश सिन्हा, सुखदेव प्रसाद, बालेश्वर महतो, अमरेश सिंह, अनूप कुमार पिंटू सिंह, बिनोद कुमार, सतीश मोहन मिश्रा, संतोष शर्मा, आजसू पार्टी रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, इंद्रदेव पासवान, कमलेश सिन्हा, राजन पांडेय, प्रवीण सिंह, रोशन शर्मा, रोहित सिंह, अजय भगत, मोनू कुमार, रोहित सिंह, रोशन सिन्हा आदि दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## उपयुक्त रामगढ़ ने शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उस पर धारित शस्त्र का सत्यापन दो दिनों के अंदर करने का आदेश दिया




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त आयोजन के मद्देनजर वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी जिन्होंने अन्य जिला/ राज्य से शस्त्र अनुज्ञप्ति प्राप्त कर शस्त्र धारित किया हैं एवं वर्तमान में रामगढ़ जिला में निवास करते हुए शस्त्र का उपयोग कर रहे हैं। वैसे सभी अनुज्ञप्तिधारियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा आदेश दिया गया है कि वे रामगढ़ जिला के जिस भी थाना क्षेत्र में निवास करते हो वे संबंधित थाना में अपना शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उस पर धारित शस्त्र का सत्यापन दो दिनों के अंदर करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे।समय व्यतीत होने के उपरांत पुलिस अधिकारियों के द्वारा जांच अभियान चलाए जाने के दौरान यदि किसी व्यक्ति के पास अन्य जिला/ राज्य द्वारा निर्गत अनुज्ञप्ति एवं उस पर आधारित शस्त्र पाया जाएगा तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम 2016 की सुसंगत धाराओं के तहत शस्त्र को जप्त कर अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई के साथ-साथ अनुज्ञप्ति धारी के विरुद्ध विधि सम्मत करवाई की जाएगी।

# पतरातू थाना क्षेत्र के डाड़ीडीह से अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़, डॉ बिमल कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम डाडीडीह सरना स्कूल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ घुमता हुआ देखा गया और यह कोई बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सत्त रूप से छापामारी अभियान चलाकर पतरातू थाना अंतर्गत सरना स्कूल डाडीडीह के पास से एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकडाये व्यक्ति के तलाशी के क्रम में उनके कमर से एक लोडेड देशी पिस्टल एवं एक लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ है। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछताछ करने पर अपना नाम जुनैद अंसारी उम्र-29 वर्ष, पिता-जहरुद्दीन अंसारी, सा0-पालू टोला मधनिया पतरा, पतरातू रामगढ़ बताया। अवैध रूप से विना लाईसेंस के हथियार रखने के आरोप में पकड़ाये व्यक्ति को विधिवत् गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया गिरफ्तार अपराधी से बरामद समानों में 9 एम एम का एक देशी पिस्टल, 9 एम एम का तीन जिंदा गोली , 315 बोर का एक देशी कट्टा , 315 का एक जिव्वगिरफ्तार अभियुक्त का पुराना अपराधिक इतिहास भी है। पिठोरिया थाना कांड सं0-05/19 दि0-09.03.2019 धारा-379 भा0द0वि0 , पिपरवार थाना कांड सं0-32/ 21, दि0 - 28.11. 2021 , धारा - 366/ 370/ 34 भा द वि मामला दर्ज है। इस छापामारी दल में शामिल विरेन्द्र कुमार राम अनु0 पु0 पदा0 पतरातू , पु0नि0 योगेन्द्र सिंह, पतरातू अंचल , पु0अ0नि0 शिवलाल कु0 गुप्ता, थाना प्रभारी, पतरात, पु0अ0नि0 प्रदीप कुमार, पतरातू थाना, हवलदार संजय कुमार ठाकुर, आरक्षी-267 अरूण कुमार , ची0 8/1, रामपाल महतो ,चौ0 8/8 पंकज पाण्डेय, पतरातू थाना के मौजूद थे।

## रामगढ़ महाविद्यालय में बना वृक्षों के साथ मैत्री बंधन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय में सरहुल की पूर्व संध्या पर वृक्षों के साथ मैत्री बंधन मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पेड़ को रोली-चंदन से तिलक लगाया और मौली बांध कर संकल्प लिया कि प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षों की हर संभव देखभाल करेंगे। विद्यार्थियों ने अपने हर जन्मदिन पर पौधा या वृक्ष लगाने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि मैत्री बंधन एक अटूट बंधन है जो मित्रता के विभिन्न भावों में अंकित होता है। व्यक्तियों की तरह पेड़ पौधों और पशु पक्षियों के साथ भी मित्रता होती है मधुर संबंध होते हैं। यही कारण है कि आज पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रयास की जा रही। एक दूसरा कारण यह भी है की पर्यावरण संरक्षण से मनुष्य को ही लाभ है। कार्यक्रम की नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय ,डॉ अनामिका ने किया। स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# रांची में उलगुलान न्याय यात्रा को लेकर झामुमो जिला समिति रामगढ़ की हुई बैठक


प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** झामुमो जिला समिति रामगढ़ की आवश्यक बैठक होटल ला मेरीटल हॉल मेन रोड ब्लॉक चौक रामगढ़ में की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू ने एवं संचालन जिला सचिव विनोद कुमार महतो ने किया। बैंठक में जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कु में आहवान किये की दिनांक 21/04/2024 को रांची में उलगुलान न्याय यात्रा में रामगढ़ जिले के सभी प्रखण्डो से 25,000/- (पचिस बजार) कार्यकताओं की जत्था राँची कुच करेंगे। रांची ध्रुवा मैदान में इंडिया गठबन्धन के तरफ से ऐतिहासिक उलगुलान न्याय यात्रा बनाने का काम करना है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमन्त सोरेन के साथ जो केन्द्र सरकार के द्वारा सरकारी तंत्र का दुरपयोग कर हमारे माननीय के साथ अन्याय के साथ मानसिक दोहन करने का कार्य किया जा रहा है। इसी के जवाब में झारखण्ड की आम-अवाम उलगुलान न्याय यात्रा तहत केन्द्र सरकार का विरोध, स्वरूप न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाना हम सभी कार्यकताओं को है। हम सभी एक साथ मिलकर एक दुसरे को सहयोग कर इस न्याय यात्रा को यादगार बनाते हुए केन्द्रीय सरकार को एहसास कराना है कि न झारखण्ड झुका है, और न हो झारखंडी झुकेगा। अगामी लोक सभा की तैयारी के तहत आज सभी एक साथ शपथ लिया है कि इंडिया गठबन्धन के उम्मिदवार जय प्रकाश भाई पटेल को हजारीबाग लोकसभा से ऐतिहासीक जीत दिलाने के लिए घर घर जाकर राज्य सरकार के सफल योजनाओं को आम अवाम को बताकर भारी मतों से जिताने का काम करेंगे।इस बैठक में झामुमो परिवार द्वारा इद्वारा इंडिया गठबन्धन के उम्मीदवार को फूल-माला गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस बैठक मुख्य रूप से राजकुमार महतो, भुनेश्वर प्रसाद , बाबु करमाली ,महेश ठाकुर, मधु साव , गीता विश्वास पिंकी बेसरा, गीता देवी, वीणा देवी , रेनु देवी, चित्रगुप्त, महतो , संतोष कुमार, मो मोइन अहमद मोना मिर्धा, हरिलाल बेदिया आदि उपस्थित थे।

## ईद का चांद देखकर आतिशबाजी कर लोगों को चांद की मुबारकबाद दिया : रेहान अली चिश्ती

प्रभात मंत्र संवाददाता



**कुजू :** ईद की पूर्व संध्या को चाँद रात के नाम से जाना जाता है जिसका अर्थ है चाँद की रात। यह विशेष महत्व रखता है और रमज़ान के अंतिम दिन को चांद का दीदार कर ईद-उल-फितर दुनिया भर में मनाया जाता है। चांद दिखने का समय अलग-अलग होता है ईद का चांद नजर आया लोग खुशी से झूम उठे और कोयलांचल के मांडू, तोपा, हुवाग, सोनडिहा, भदवा, घाटों, भेलगढ़ा, परेज, अंसार नगर,वा कुजू में तिशबाजी शुरू हो गई जिसके बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देनी शुरू कर दी। रात में बाजार भी गुलजार हो गया और लोगों ने देर रात तक खरीदारी की चांद देखकर एक दूसरे को मोबारक देने वालों में मोहम्मद रेहान अली चिश्ती, मोहम्मद ए .एम. चिश्ती, मोहम्मद असरफ, इमरान अली इदरीसी, एहतेशाम अली उर्फ शेर खान, मोहम्मद कैफी, मोहम्मद असफहान उर्फ गोपु , मोहम्मद रियाज टेलर उर्फ राजा, असगर अली, अब्बास खलिफा, मोहम्मद सहाबू खिलाफा, फिरोज खान, एजाज खान,समद अंसारी, कारी मतलूब रज़ा, मुन्ना खान, मोहम्मद मनीर खिलाफा ,फरीद खान, हसनैन खान, सहित दर्जनों लोग शामिल थे। वहीं कुजू जमा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज 9ः00 बजे ,कुजू आजाद बस्ती में 8ः30 बजे नमाज अदा की जाएगी।

## श्री अग्रसेन स्कूल में होमियोपैथी दिवस मनाया गया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** होम्योपैथी चिकित्सा के जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की जयंती पर बुधवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता मोटिवेटर व होमियोपैथी चिकित्सक मुख्तार सिंह ने कहा कि होमियोपैथी की ताकत को अब पूरी दुनिया जानने और मानने लगी है। इसकी मीठी गोलियों में बहुत दम है। यह मौसमी बीमारियों से लेकर गंभीर से गंभीर रोग को भी ठीक कर देती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत होती है कि मरीज पर इसका साइड इफैक्ट नहीं के बराबर होता है। यह काफी सस्ती चिकित्सा पद्धति है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बाद होम्योपैथी का उपयोग करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है।कोविड के दौरान केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने आर्सेनिक एलबम का नाम इलाज के लिए सुझाया था, जो एक होम्योपैथी मेडिसन है। उन्होंने कहा कि होमियोपैथी में केवल बीमारी का ही नहीं, बल्कि बीमार व्यक्ति की मानसिक अवस्था, जेनेटिक बातें, पसंद-नापसंद तमाम बातों को जानने-समझने के बाद दवा दी जाती है। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि होम्योपैथी सुरक्षित व काफी प्रभावी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति मानी जाती है। लेकिन जागरूकता की कमी के कारण इस चिकित्सा पद्धति को लेकर लोगों में काफी भ्रम भी देखने-सुनने को मिलता है। ऐसे में होम्योपैथी के बारे में लोगों में बेहतर समझ और जागरूकता पैदा करने का प्रयास होना चाहिए। शैक्षणिक निदेशक एसके चौधरी ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य होमियोपैथी और एलोपैथी के बीच अंतर को समझाना और होमियोपैथी चिकित्सा की ओर रुझान पैदा करना है। मौके पर प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान, शिक्षक कुमुल कुमार, प्रकाश ओझा उपस्थित थे।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया यथा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में वोट करेगा रामगढ़, 20 मई चुनाव का पर्व देश का गर्व आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई ।इस दौरान बीएलओ द्वारा घर घर घूम कर वैसे मतदाता जिनका अभी तक मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है वैसे मतदाताओं को चिन्हित कर फॉर्म 6 भर कर नया मतदाता पहचान पत्र बनाया जा रहा है । इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोग लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केदो में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग को लेकर घर- घर घूम- घूम कर मतदान करने हेतु अपील की।

## रचनात्मक तरीके से किया जा रहा है मतदाताओं को जागरूक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में स्वच्छ, निष्पक्ष तथा शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने सहित अन्य किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में नई पहल करते हुए बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर क्षेत्र भ्रमण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता एवं नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में संचालकों के साथ समन्वय कर खाद्य प्रतिष्ठानों द्वारा बेचे जाने वाले पैकेटों पर मतदाता जागरूकता एवं 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 से संबंधित लेबल लगाने की अपील की। गौरतलब होकि मतदाता जागरूकता कोषांग के द्वारा रामगढ़ जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों के साथ समन्व्यय कर खाद्य प्रतिष्ठानों द्वारा भी आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त अवसर पर सोशल मीडिया एवं पब्लिसिटी पदाधिकारी विक्रम सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

## हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र एनडीए के प्रत्याशी का स्वागत रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिग्वार चौक में किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र एनडीए के प्रत्याशी मनीष जयसवाल का स्वागत रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिग्वार चौक में भाजपा रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में गुलदस्ता फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया मांडू विधानसभा आर मंडल के करमा क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम करने जाने के क्रम में कुछ देर के लिए दिग्वार चौक में रुके इस बार 400 पर के नारे भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण के द्वारा नरेंद्र मोदी जिंदाबाद बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद मनीष जायसवाल जिंदाबाद सुदेश महतो जिंदाबाद चंद्र प्रकाश चौधरी जिंदाबाद के नारे लगाएं। इस स्वागत कार्यक्रम में जिला महामंत्री खिरोधर प्रसाद साहू सांसद प्रतिनिधि जागेश्वर प्रजापति अनिल कुशवाहा दिलेश्वर कुशवाहा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामकिशन महतो रोहन लाल वार्ड पार्षद अर्जुन यादव अरुण कुशवाहा विजय गिरी देवेंद्र गिरी अर्जुन कुशवाहा विनोद प्रसाद रंजीत प्रसाद कुशवाहा पिंटू कुशवाहा बबलू कुशवाहा महेश महतो शंकर महतो रिंकू प्रसाद साहू राजकुमार गिरी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## दो वर्ष बाद भव्य सामुहिक सरहुल महोत्सव उरीमारी में मनाया जा रहा है



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के जरजरा स्थित जुबला सरना स्थल में गुरुवार को दस बजे सामूहिक सरहुल समिति उरीमारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया जाएगा व शाम तींन बजे जुबला सरना स्थल से गांधी मैदान तक भव्य सरहुल जुलूस निकाला जाएगा। इसी आलोक में बुधवार को सरहुल समिति के अध्यक्ष दशई मांझी एवं सभी सदस्यों के द्वारा विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसदौरान समिति के अध्यक्ष दशई मांझी ने कहा कि सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। वहीं इस सामूहिक सरहुल में संथाल समाज, आदिवासी समाज के सभी लोग एवं गांव के सभी मांझी हडाम, पाहन, पाराणिक,गांव कि महिलाएं, युवतीया सभी शामिल होंगे।वहीं अच्छा प्रदर्शन करने वाले समूहों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। बता दें कि सामुहिक सरहुल समिति उरीमारी के द्वारा प्राकृतिक महापर्व सरहुल दो वर्ष बाद हर्षोल्लास व धुमधाम से मनाया जा रहा है।जिसकी लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। वहीं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह होंगे। वहीं इस मौके पर सरहुल समिति के अध्यक्ष दशई मांझी, दिनेश करमाली,सुखू मांझी,रैना टूडू, तुलसी उरांव, महादेव सोरेन,तालो हांसदा, मनोज सिंह, शिकारी टुडू, रंजीत करमाली, बिनोद सोरेन,ठुडू मांझी,देवा उरांव,दीपक हेम्ब्रोम आदि लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने लोकसभा चुनाव को लेकर एरिया डोमिनेशन किया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सीआरपीएफ 218 डी बाटलियन के इंस्पेक्टर आर एस यादव इंस्पेक्टर और भदानी नगर ओपी के थाना प्रभारी संजय कुमार रजक के नेतृत्व में बुधवार को सूथरपुर और बिचा क्षेत्र में एरिया डेमिनेशन को लेकर फ्लैग मार्च किया गया । इसमें पुलिस और सीआरपीएफ के जवान शामिल रहे। थाना प्रभारी संजय कुमार रजक के नेतृत्व में संवेदनशील पहाड़ी क्षेत्र सीआरपीएफ के साथ पूरे क्षेत्र का एरिया डोमिनेशन,सड़क को सेनेटाइज़ किया गया। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण तरीके से किया जा सके । फ्लैग सूथरपुर से बिचा तक निकल गया। इस दौरान भदानी नगर थाना प्रभारी संजय कुमार रजक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाता निर्भीक होकर अपने मतदान करें। अपने अधिकार का प्रयोग करें पुलिस हर बुतों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद रहेगी साथ ही सभी क्षेत्रवासियों को भय मुक्त होकर मतदान करने के लिए कहा गया। इसके लिए क्षेत्रवासी भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करें ।

## तेज रफ्तार एंबुलेंस ने बरवाडीह में पांच लोगों को मारी टक्कर



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिला अंतर्गत बरवाडीह में धनबाद की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एक एंबुलेंस ने बरवाडीह में बुधवार को पांच लोगों को अपनी चपेट में ले लिया, पांचों लोग बुरी तरह से घायल हो गए। जिनमें से चार को इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह लाया गया। एक घायल को बेहतर इलाज के लिए कहीं और ले जाया गया है। इस वजह से उसकी पहचान नहीं हो पाई। बताया गया कि मरीज को लेकर तेज रफ्तार से आ रहे एक एम्बुलेंस की जद में बरवाडीह में पांच लोग आ गए। जिससे सभी घायल हो गए। घटना से अफरा तफरी मच गई और तुरंत थे मुफस्सिल पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। घायलों में सिमरियाधौड़ा निवासी मो ताज, मो मिराज, ताराचुमलो की किरण देवी, बुढ़ियाखाद निवासी मो सिराज हुसैन और एक अन्य शामिल है। फिलहाल सभी की स्थिति सामान्य बताई गई है।

## अंतर जिला अंडर-19 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए 14 सदस्यीय टीम हजारीबाग रवाना



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वाधान में होने वाले अंतर जिला अंडर-19 वोमेन्स क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए गिरिडीह की चौदह सदस्यीय टीम हजारीबाग के लिए रवाना हुई। जिला क्रिकेट संघ के संरक्षक रमेश कुमार यादव एवं टूर्नामेंट चैयरमैन अविनाश यादव की उपस्थिति में टीम मैनेजर शैलेश कुमार के साथ आशा कुमारी, सताक्षी गौरी, ललिता किस्कू, निहारिका कुमारी, तृप्ति कुमारी, नम्रता, जुली कुमारी, तनिष्का शर्मा, कुमारी खुशी, अंकिता चौरसिया, तनिष्का, स्नेहा यदुवंशी, श्रेयांशी एवं राज लक्ष्मी हजारीबाग के लिए रवाना हुई। लीग राउंड में गिरिडीह को हजारीबाग में 11 अप्रैल से राँची, हजारीबाग एवं रामगढ़ से अपने मैच खेलने हैं। गिरिडीह जिला क्रिकेट संघ के सचिव संतोष तिवारी अध्यक्ष पवन मिश्रा तथा पदाधिकारी भरत मिश्रा, नवीन सिन्हा, अजय तिवारी, बबलू शर्मा, विक्रम सिन्हा आदि ने वोमेन्स टीम को शुभकामनाएं दी।

## महिला मतदान पदाधिकारियों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर आगामी लोक सभा चुनाव में महिला मतदान केंद्र तथा पर्दानशीन मतदान केंद्र पर प्रतिनियुक्त लगभग 900 महिला मतदान कर्मियों सहित अतिरिक्त पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय तथा पीके राय कॉलेज में समाप्त हुआ।

मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, राज कुमार वर्मा, संजय कुमार, उमेश लाल, कुमार वंदन, आलोक कुमार तिवारी, बृजभूषण पांडेय ने पूरी मतदान प्रक्रिया, ईवीएम का हैंड्स ऑन, कनेक्शन तथा मतदान संपन्न होने के बाद विभिन्न प्रपत्रों को भरने के तरीके बताए।

प्रशिक्षण के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद तथा विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी ने एसएसएलएनटी महिला कॉलेज पहुंचकर प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा सभी से मतदान की प्रक्रिया को बारीकी से समझने को कहा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया झरिया के अग्नि प्रभावित मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने झरिया विधानसभा के घनुआडीह स्थित मध्य विद्यालय सेंट्रल कुजामा का निरीक्षण किया। यहां चार मतदान केंद्र है।

साथ ही लोदना कोलियरी हाई स्कूल, जहां 5 मतदान केंद्र है, का भी निरीक्षण किया, इस क्रम में मतदान केंद्रों में साफ सफाई, मतदान से एक दिन पहले पानी की व्यवस्था, शौचालय की साफ-सफाई को लेकर बीएलओ को दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि झरिया विधानसभा में कुछ मतदान केंद्र अग्नि प्रभावित है। यह चुनाव कराने के लिए सुरक्षित है या नहीं, इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक एवं एआरओ के साथ निरीक्षण किया।

मतदान केंद्रों की सुरक्षा को लेकर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के साथ बैठक कर मतदाताओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाएंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झरिया में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इसलिए स्वीप कोषांग द्वारा तत्परता से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए काम कर लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार झरिया में मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अंचल अधिकारी झरिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## चाक चौबंद रहें ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा : उपायुक्त



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरा, फायर एक्सटिंग्विशर, सुरक्षा, सेंट्रल कंट्रोल रूम इत्यादि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा चाक चौबंद रहनी चाहिए। सभी सीसीटीवी कैमरे एवं फायर एक्सटिंग्विशर सुचारू रूप से कार्य करने चाहिए। इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भद्रीचक में चक्रवात तूफान से सामुदायिक भवन का उड़ा छप्पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** चक्रवात तूफान से अचानक भवन का छप्पर उड़ गया। ये भवन 2003 का बना हुआ था सैकड़ों गरीब बच्चियों के शादी और लडको का वलीमा और बहुत से कार्यक्रम इसी भवन में होता था।बच्चो का आंगनबाड़ी भी इसी भवन के कमरे में था। अब बहुत लोगो के मन उदास है। इस जर्जर भवन को मरम्मत कौन कराएगा कई लोग आए आश्वासन देके चले जाते हैं। काश कोई मसीहा आए और मरम्मत के काम करवाए। टी एस एफ का भी आश्वासन मिला था। अब छप्पर उड़ जाने से बहुत परेशानी होगी बच्चियों के विवाह में। मौके पे सदर सेक्रेक्ट्री और अबूल फराह, साकिब हसन, जुगनू, जल्लू खान, समीर खान कासिफ इत्यादि ग्रामीण उपस्थित हुए।

# बिरनी के दौरे पर आई सांसद अन्नपूर्णा, अगलगी पीड़ित परिवार से मिल बंधाई ढाढस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** बुधवार को कोडरमा लोकसभा के निवर्तमान सांसद अन्नपूर्णा देवी बिरनी प्रखंड के दौरे पर रही। सांसद का काफिला प्रखंड क्षेत्र के पंदनाकलां, गुड्डीटांड, जरीडीह, गोरडीह, पेशम समेत दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस बीच मरकोडीह, बाराडीह , गोरडीह, बसगना, में हो रहे यज्ञ में शरीक होकर प्रसाद एवं आशीर्वाद ग्रहण की। वहीं दौरे पर आई सांसद अन्नपूर्णा देवी बीती रात को गुरहा में हुई अगलगी की घटना से पीड़ित परिवार से मिलकर ढाढस बंधाया। आपको बता दें कि मंगलवार की रात ग्राम गुरहा में रात करीब नौ बजे शॉर्ट सर्किट से अचानक आग गया था , जिससे धूमन महतो, जलेश्वर प्रसाद वर्मा एवं गोवर्धन महतो आदि का घर जल कर राख हो गया। इस आगलगी में गोवर्धन महतो का दो बकरी एक बकरी का बच्चा, एक बछड़ा जल कर मर गया, साथ हीं हजारों रुपए का पुआल, चावल, गेहूं, कपड़े एवं जरूरी कागजात समेत कीमती जेवर जल कर खाक हो गया। तत्पश्चात ग्राम चोंगाखार पहुंच कर गुजरात के कच्छ में दुर्घटना में मृत प्रवासी मजदूर केशव कुमार के परिजनों से मिली।मौके पर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रणव वर्मा, जिप सदस्य सूरज सुमन, सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि सूरज मोदी, सांसद प्रतिनिधि नारायण पाण्डेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामाशीष राय, तुलसी यादव, मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, स्थानीय मुखिया देवकी देवी, रामलखन वर्मा, पूर्व मुखिया टूपलाल वर्मा, विक्रम तरवे, रामकृष्ण वर्मा, इंद्रदेव वर्मा, मीडिया प्रभारी रंजित राय, आजाद तुरी, महेश यादव, सिकंदर यादव, राम लखन यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



# ईद व रामनवमी पूजा शांति पूर्ण मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिसरी :** तिसरी थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया । बैठक बीडीओ मनीष कुमार की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य रूप से इन्पैक्टर पोस्कल टोप्पो थाना प्रभारी संजय नायक उपस्थित थे बता दें कि बैठक में ईद और रामनवमी त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गयी ।इस अवसर पर इंस्पैक्टर पोसकल टोप्पो ने आचार संहिता के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ मनीष कुमार ने शांति पूर्ण रुप से मनाने को अपील किया और कहा गलत करने वालो को बख्शा नहीं जायेगा और डीजे पर भी प्रतिबंध लगाया गया है इस अवसर पर थाना प्रभारी संजय नायक ने कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी तरह का अफवाह नहीं फैलाएं । कहीं कोई मामला होता है तो तुरंत थाना को सूचना दें जिसमें बैठक के सभी लोगों ने अपना अपना विचार रखे बैठक में एएसआई बंधु उराव, एसआई रोशन कुमार सिंह, एएसआई सुदर्शन बीन एवं दक्षिणी भाग जिला परिषद रामकुमार राउत, उत्तरी भाग जिला परिषद प्रतिनिधि किशुन यादव, भाजपा चंदौरी मंडल अध्यक्ष रवींद्र पंडित, आजसू जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह, तिसरी मुखिया किशोरी साव, सिंघो मुखिया मो हासिम उद्दीन अंसारी,चंदौरी मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल, पंचायत समिति गोपी रविदास, सुनील यादव,बेलवाणा मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख मो कादिर, मो समसुद्दीन, पाल्मरुआ मुखिया प्रतिनिधि मुस्तकीम अंसारी, गडकुरा मुखिया इब्राहिम मिया आदि लोग उपस्थित थे ।

# डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई के होनहार कराटेबाज बच्चों को बेल्ट एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में कराटे बेल्ट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल की प्राचार्या के द्वारा 18 बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार बेल्ट एवं प्रमाण पत्र दिए गए। इस ग्रेडिंग परीक्षा का संचालन %इंटरनेशनल सोटोकेन कराटे डू कोकाई% के बैनर तले तथा पवन कुमार बरनवाल, सूरज वर्मा एवं स्कूल प्रशिक्षक मनोज शर्मा के देखरेख में संपन्न हुआ। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि इस तरह के खेलों में बच्चों को बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए, क्योंकि ऐसे खेलों से न केवल आत्म विश्वास बढ़ता है बल्कि आत्मरक्षा के लिए सहयोगी भी सिद्ध होता है। उन्हें खुशी है कि उनके स्कूल की लड़कियां एवं लड़के बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। पदोन्नति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में शगुन गुप्ता (ब्लू) सागर दुबे (पर्पल), आयुष गुप्ता, कुंदन कुमार, शाहिदा परवीन, नेहा कौर (ऑरेंज) तेजस पांडे, सौरभ गांगुली, मोनिका सरखेल, जीसा कुमारी, सिद्धार्थ, पी कनीश, रानी कुमारी, सजल सुमन, आदित्य राज, सना परवीन, नूपुर कुमारी, आंचल शर्मा को एलो बेल्ट दिया गया।

# वन विभाग के लगातार करवाई के बाद भी बैरल अवैध उत्खनन कार्य धड़ल्ले से चालू

## रेंजर अनिल कुमार ने कहा बैरल माफिया के खिलाफ होगी प्राथमिक दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिसरी :** गिरीडीह तिसरी वन क्षेत्र के असुरहड्डी जंगलों में वन विभाग के लगातार कार्यवाई के बावजूद बैरल पत्थर का अवैध उत्खनन लगातार जारी है। इसे लेकर आजसू नेता ने वन विभाग के विरुद्ध आरोप लगाए हैं। आजसू नेता कहा है तिसरी प्रखंड के असुरहड्डी जंगल में अवैध बैरल माफिया खदान चला रहें हैं बैरल माफिया मजदूरों से ओने पोने भाव में खरीदकर करोड़ो कमाने में लगे हुए हैं लेकिन प्रक्षेत्र के अंतर्गत बैरल पत्थर का उत्खनन धड़ल्ले से जारी है। आखिर ऐसा क्यों है। आज बिहार से लोग यहां आकर बैरल जैसे कीमती खनिजों का खनन कर रहे हैं और इसे बड़े माफिया लोग बड़े बड़े शहरों में बेच रहे है लेकिन इस पर रोक नहीं लग रहा है। पूर्व में बैरल खदान में कितने मजदूरों की मौत हो चुकी है उसकी कोई कीमत नहीं है। उन्होंने सरकार से इस पर पहल करने का मांग किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रेंजर वन विभाग कार्यालय के पदाधिकारी आखिर अभी तक कहां सोए हैं यदि महिलाएं लोग जलावन के लिए जंगल से लकड़ी लाती है तो वन विभाग टीम द्वारा कुल्हाडी छीन लिया जाता है और प्रताड़ित किया जाता है वन विभाग की टीम गरीबों के जीवन से खेलने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैरल क्यों चालू है इस पर वन विभाग टीम से बैरल माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का मांग किया है आजसू नेता ने कहा बैरल माफिया का आखिर क्यो मनोबल बढ़ा हुवा हैं वन विभाग के आधिकारी से बैरल माफिया को कोई खौप नही दिख रहा है यदि इस पर जल्द पहल नही किया गया तो आजसू पार्टी आन्दोलन पर उतरेगी और चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। ज्ञात हो कि तिसरी में बैरल पत्थर के अवैध उत्खनन के लिए वन विभाग द्वारा कई बार छापेमारी किया गया है, कई बार सुरंगों को जमींदोज किया गया है तो कई बार मजदूरों की गिरफ्तारी भी हुई है। किंतु आज तक माफिया के विरुद्ध कोई ठोस कार्यवाइ नहीं होने से यह अवैध उत्खनन पर रोक नहीं लगा है। और यह अभी भी धड़ल्ले से चालू है। इधर इस मामले को लेकर रेंजर अनिल कुमार ने कहा मामला संज्ञान में आया है निश्चित रूप से करवाई किया जाएगा वन अधिनियम के तहत बैरल माफिया पर प्राथमिक दर्ज भी किया जाएगा।

# कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा दानापुर और सिकंदराबाद तथा रक्सौल और हैदराबाद/सिकंदराबाद के बीच स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । ग्रीष्मकालीन अवकाष के दौरान यात्रियों की भीड़ एवं इन स्पेषल ट्रेनों के प्रति यात्रियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए रेलवे द्वारा इनके परिचालन अवधि में विस्तार संषोधित कोच संयोजन के साथ करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी संख्या 07007 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल सिकंदराबाद से अब 26.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को परिचालित की जायेगी ।

2. गाड़ी संख्या 07008 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल रक्सौल से 28.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी ।

गाड़ी सं. 07007/07008 सिकंदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेषल में, 2।ब् बनउ 3।ब् का 01 कोच, शयनयान के 04, साधारण श्रेणी के 17 एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 24 कोच होंगे ।

3. गाड़ी संख्या 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल हैदराबाद से अब 29.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी ।

4. गाड़ी संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल रक्सौल से अब 02.07.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी ।

गाड़ी सं. 07051/07052 हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेषल में 1।ब् बनउ 2।ब् का 01 कोच, 2।ब् का 02 कोच, 3।ब् के 06 कोच, शयनयान के 10, साधारण श्रेणी के 02 एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 23 कोच होंगे ।

5. गाड़ी संख्या 07419 सिकंदराबाद-दानापुर स्पेशल सिकंदराबाद से अब 29.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी ।

6. गाड़ी संख्या 07420 दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल दानापुर से अब 01.07.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी ।

कार्यालय,जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,हजारीबाग
(जिला निर्वाचन शाखा)

-: मतदान केन्द्र के नाम परिवर्तन की आम सूचना :-

लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के पश्चात् निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका–2023 के अध्याय–2 की कंडिका 2.11.1 के आलोक में 25–हजारीबाग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के (Nomenclature) नाम में संशोधन की स्वीकृति दी गयी है। मतदान केन्द्रों के नाम में यह परिवर्तन विद्यालय/सरकारी भवनों के विलय/उत्क्रमण के कारण हुआ है, इसमें भवन के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं है। नाम परिवर्तन वाले मतदान केन्द्रों की सूची निम्नवत् आम सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है :–

| क्र0 | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सं0 एवं नाम | मतदान केन्द्र संख्या | पूर्व में मतदान केन्द्र का नाम | मतदान केन्द्रों का परिवर्तित नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 25–हजारीबाग | 33 | मध्य विद्यालय बंझिया | उत्कमित मध्य विद्यालय बंझिया | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 2 | 25–हजारीबाग | 87 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, मायापुर | प्राथमिक विद्यालय, मायापुर | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 3 | 25–हजारीबाग | 154 | पंचायत भवन हॉल कूद, पूर्वी भाग | आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कुद (पूर्वी भाग) | भवन के नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 4 | 25–हजारीबाग | 155 | पंचायत भवन हॉल कूद कमरा, प0 भाग | आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कुद (प0 भाग) | भवन के नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 5 | 25–हजारीबाग | 236 | सामुदायिक भवन कोहिनूर गली | अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, कोहिनूर गली | भवन के नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 6 | 25–हजारीबाग | 245 | प्रा0वि0 बाल मंदिर काली बाड़ी, द0भाग | रा0प्रा0 विद्यालय भारतीय बाल मंदिर, द0भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 7 | 25–हजारीबाग | 246 | प्रा0वि0 बाल मंदिर काली बाड़ी, उ0भाग | रा0प्रा0 विद्यालय भारतीय बाल मंदिर, उ0 भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR 323737 Election(24-25).D


# पूरे देश में भाजपा की लहर, खूंटी से पुनः अर्जुन मुंडा को जिताने का लें संकल्प : विमला प्रधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुरडेग :** कुरडेग मंडल भारतीय जनता पार्टी की बैठक घाघमुण्डा बगीचा में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल संयोजक सकल राम बड़ाईक ने कहा की सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और अपने अपने बूथों को मजबूत करें। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह सिमडेगा विधानसभा प्रभारी विमला प्रधान ने कहा कि कुरडेग भारतीय जनता पार्टी का गढ़ है पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है पुनः इस बार खूंटी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को भारी मतों से जिताकर दिल्ली भेजना है, केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा के कार्यकाल में प्रखंडो में एकलव्य विद्यालय का निर्माण कोरोना कल में एंबुलेंस एवं दवा की उपलब्धता खूंटी में ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण सिमडेगा में किसान मेला सहित अनेक ऐसी उपलब्धि है जिसे आप लोगों के वोट के चलते सम्भव हुवा है।इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का नारा अबकी बार 400 पर को सार्थक बनाने हेतु भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लें। मौके पर मंडल प्रभारी प्रणव कुमार ने कहा कि सभी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक एवं बूथ अध्यक्ष अपने-अपने बूथों का सशक्तिकरण कर लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाएं और लोगों को केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए लाभ के बारे में बताएं एवं लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कि अपील करें। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष मनोज साय ने कहा कि आपसी गीले शिकवे को भूल कर हमें हर चुनाव की भांति इस वर्ष भी खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को कुरडेग प्रखंड से भारी मतों से बढ़त बनाकर भेजना है ताकि खूंटी लोकसभा से भारी मतों से अर्जुन मुंडा विजयी हों। मंच संचालन महामंत्री रविंद्र शर्मा ने किया कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पीटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय जयसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता देवी, एस. सी. मोर्चा अध्यक्ष सीताराम पासी, एस. टी. मोर्चा अध्यक्ष अबर साय, महामंत्री रविन्द्र शर्मा, विनोद जयसवाल, उपाध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव, मण्डल सांसद प्रतिनिधि उमेश जयसवाल, सभी शक्ति केन्द्र प्रभारी, सभी शक्ति केन्द्र संयोजक, एवं बूथ के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## नरेश साहू उर्फ शिबू साहू के हत्यारों की शीघ्र हो गिरफ्तारी : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेंगहातु तोड़ार गांव के एक सैलून में बाल कटवा रहे कारोबारी नरेश साहू उर्फ शिबु साहू की गोली मारकर की गई हत्या पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने घटना की कड़ी निन्दा की है और मृतक के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होनें कहा है कि मृतक नरेश उर्फ शिबू एक बहुत ही धार्मिक और सामाजिक व्यक्ती थे। लगातार अमरनाथ जाना हो या फिर लोहरदगा में धार्मिक कार्यो में सहयोग करना हो वे इन चीजों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया करते थे। लोहरदगा शहर में एक अच्छे व्यवसाई के रूप में उनकी पहचान थी। लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने आगे कहा है कि झारखंड में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। इस सरकार ने पूरी तरह से अपराधियों को स्वतंत्र कर दिया है, जिस कारण से वह जब चाहे जहां चाहे अपने षड्यंत्र को परिणाम में परिवर्तित कर सकते हैं। लोहरदगा जिला में लगातार घट रही घटनाये इसका जीता जागता उदाहरण हैं। अब लोगों को अपने घर के अंदर से लेकर बाहर, अपने आसपास घूमना फिरना बैठना किसी से मिलना जुलना भी अपने दम पर और भगवान भरोसे करना पड़ेगा। क्यों कि यहां कब, कहां और कैसे किस ओर से आपको अपराधी अपना लक्ष्य बना लेंगे इसकी कोई गारंटी नहीं है। इस सरकार में अपराध होने की गारंटी है परन्तु अपराध पर लगाम लगाने की बात काल्पनिक है। आज झारखंड में प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। इस प्रकार के घटनाओं को व्यावसायिक, रंजिश या अन्य कारण बताकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार की घटनाएं स्थानीय जिला प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्न चिन्ह खड़े करते हैं। कोई अपराधी इतनी आसानी से मृत्यु कारित करने योग्य औजार लेकर कैसे घूम रहे हैं, क्योंकि ऐसी घटनाएं तुरंत नहीं होती,यदि शहर में सुरक्षा की कड़ी प्रबंध होती तो आज ऐसी घटना देखने को नहीं मिलता। इस घटना में जो भी अपराधी हैं, तत्काल उनको पकड़ा जाए। चौबीस घंटों के बाद भी अपराधियों का नहीं पकड़ा जाना प्रशासन की नाकामी को दिखाता है। जिला प्रशासन से मांग करता करता हूं कि उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले अपराधी कोई दल, धर्म या जाति नहीं होता, अपराधी अपराधी होता है। इस अपराधिक घटना के शिकार हुए नरेश साहू जी के परिवार के साथ मैं सदा खड़ा हूं और उनके परिवार को मुझसे जिस प्रकार की सहायता की आवश्कता होगी मैं करने को तैयार हूं।

## विधि विज्ञान प्रयोगशाला टीम जांच में जुटी जल्द होगा हत्या कांड का खुलासा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** गोली कांड सेरेंगहातु मामला में व्यवसायिक नरेश साहू उर्फ शिबू हत्या कांड में विधि विज्ञान प्रयोगशाला रांची के टीम द्वारा विधिवत जांच किया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु ग्राम स्थित सैलून में बाल दाढ़ी बनवाने के दौरान सोमवार सुबह तीन अज्ञात अपराधियो के द्वारा सोबरन टोली निवासी छड़ सीमेंट व्यवसायिक का हत्या कर घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके आलोक में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर उच्च स्तरीय जांच आरम्भ कर दिया गया है। जिस क्रम में बताया जाता है कि विधि प्रयोगशाला रांची टीम के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना का जायजा लिया गया। तथा नियम संगत जांच को लेकर घटना स्थल से ब्लड सैम्पल लिया गया है। प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के निर्देश पर एस आई मनोज कुमार दलबल के साथ विधि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा जांच के दौरान मौजूद थे। एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि घटना की उतभेदन के लिये पुलिस सभी बिंदुओं पर कार्य कर रही है। जिसे जल्द ही नरेश साहु उर्फ शिबु साहु हत्या कांड का खुलासा होगा? सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोली कांड को अंजाम देने में तीन अपराधियो का तस्वीर सीसी टीवी कैमरा में कैद हुआ है। लेकिन इसे पुलिस द्वारा पुष्टि नही किया गया है। वहीं ग्रामीणों के बीच विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा का विषय बना हुआ है। हत्या घटना को अंजाम देने के पीछे संदेह जताया जा रहा है कि जमीन से जुड़ा मामला हो सकता है या तो कर्ज के रूप में बड़ी राशि वापस मांगने को लेकर घटना होने की बात के साथ अन्य मामला पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है जिस पर फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

## अविराम में धूमधाम के साथ सरहुल और ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू, लोहरदगा में प्रकृति पर्व सरहुल और ईद मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक स्वागत के साथ किया गया और सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरहुल पूजा का भाव विभोर कर्वदेने वाला चित्रण दिलेश्वर, निशु, विद्या और साथियों द्वारा किया गया, झूमर नृत्य सुजीता, निशु आदि द्वारा प्रस्तुत किया गया। नेवी तमा और साथियों द्वारा ईद मुबारक गीत,चांद नजर आ गया पर प्रस्तुति दी गई, तबस्सुम द्वारा तलावत प्रस्तुत किया गया। सचिव इंद्रजीत कुमार ने अपने उद्बोधन ने कहा कि हम अपनी आवश्यकताओं के लिए प्रकृति पर निर्भर है और सालों पूर्व हमारे पूर्वजों द्वारा इस महत्व को समझते हुए प्रकृति को आभार प्रकट करने के लिए उसे संरक्षित करने के लिए सरहुल आदि पर्व मनाए जाते हैं, ईद, नवरात्रि, सरहुल ये सब हम भारत वासी सर्वधर्म सद्भाव की भावना के साथ मनाते हैं, ईद एक माह की कठिन तपस्या के बाद आती है हो धैर्य सिखाती है सर्वे भवन्तु सुखिनः की भारतीय संस्कृति को शिक्षण संस्थानों में पल्लवित पुष्पित ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा किया जाना चाहिए और ईद की भेंट आफताब तबस्सुम आदि को प्रदान कर सभी को सरहुल और ईद की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, आफताब, शिव, अजॉय, मनु, ऋतु, ममता, पंकज, जंगबहादुर, रेणुका, कुंदन आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक कहा पूर्ण योजनाओं को शीघ्र बंद करें अभिलेख



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार मे प्रखंड विकास पदाधिकारी छ्न्दा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में किया गया विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक। बैठक मे प्रवि पदा0 श्री मति छ्न्दा भट्टाचार्य ने प्रखंड मे संचालित विकास योजनाएं 15 वें वित्त से संबंधित, मनरेगा से संबंधित, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, इत्यादि योजनाओं के कार्य पर प्रगति की समीक्षा की, वही उन्होने कर्मियो से कहा कि वैसे योजना जिनका निर्माण कार्य पुर्ण हो गया है उसका शीघ्र बन्द करे अभिलेख। नए स्वीकृत अबुआ आवास का निर्माण कार्य निर्धारित अवधि तक लाभूक से पुर्ण कराना सुनिश्चित करें। मनरेगा से संचालित योजनाओं मे मानव दिवस सृजित कर अधिक से अधिक लोगो को काम पर लगाएँ। बीडीओ ने संचालित योजनाओं पर और भी आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित कर्मियो को दिये। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, अमन शिखर, पंचायत सचिव पवन कुमार, शशि कुजूर, आनन्द सिंह, रोजगार सेवक पंचम एतवा पहान, मो0 मंसुर, नन्दा भगत, राजमुनी कुमारी इत्यादि विकास योजनाओं के समीक्षा बैठक में उपस्थित थे।

## स्वस्थ शिशु से ही स्वस्थ विद्यालय की परिकल्पना की जा सकती है : सुरेश चंद्र पांडे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज शिशु स्वास्थ्य परीक्षण के द्वितीय दिवस पर सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सीय दल का सराहनीय योगदान रहा। आज लगभग 200 शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा स्वस्थ शिशु से ही स्वस्थ परिवार एवं स्वास्थ्य विद्यालय की परिकल्पना की जा सकती है। सदर अस्पताल लोहरदगा के मेडिकल टीम को प्रधानाचार्य जी द्वारा उनके सराहनीय योगदान पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रदान किया गया। आज के स्वास्थ्य जांच शिविर में स्नेही स्नेह लता मिंज, डॉक्टर समित तिर्की, गीता बाखला, नम्रता मिंज, रूपा कश्यप, कमल रोशनी मिंज, आलोक मिंज द्वारा शिशु स्वास्थ्य परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। आज के इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

## सरहुल पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन का संदेश देता है : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** संसदीय क्षेत्र के ग्राम टोटो में सरहुल पर्व के अवसर पर शोभायात्रा निकाला गया इसमें अनेक खोड़हा दल शामिल हुए। इस सरहुल जुलूस में मुख्य रूप से लोहरदगा लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत शामिल हुए। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि सरहुल प्रकृति पर्व है। आदिकाल से आदिवासी समाज धूमधाम से सरहुल का त्यौहार मनाते आ रहा है। इस पर्व से हमें प्रकृति से संरक्षण व संवर्धन का संदेश मिलता है। आज पर्यावरण के प्रति संपूर्ण विश्व चिंतित है परंतु हमारा आदिवासी समाज आदिकाल से पर्यावरण के प्रति सचेत है।सरहुल के तीन महत्वपूर्ण अंग प्रकृति, संस्कृति और उत्सव है। श्री भगत ने कहा कि आज के दिन धरती माता से प्रार्थना करते हैं की धरती पर मौजूद समस्त प्राणी और पेड़ पौधे स्वस्थ रहे। सभी जीव जंतुओं को दाना पानी मिलता रहे। बारिश ठीक से हो ताकि हम खेती-बाड़ी कर सके। मौके पर सुखदेव भगत उपस्थित सभी लोगों को सरहुल की हार्दिक शुभकामनाएं दिए तथा खोड़हा दल में शामिल होकर जमकर मांदर बजाये। मौके पर इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिले, बच्चे, बुजुर्ग भी शामिल हुए।

## सभी मतदान केंद्रों पर चुनावी पाठशाला आयोजित करें : सीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सीओ सह प्रखंड निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी द्वारा चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर बीएलओ पर्यवेक्षक और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आयोजित कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश। सीओ सह प्रखंड निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने बीएलओ पर्यवेक्ष और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर मतदाता व मतदान कर्मियों का सुविधा के लिये प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय और रैम्प का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदन केन्द्रों में चुनावी पाठशाला का आयोजित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बताते हुए कहा कि चुनावी पाठशाला आयोजित करने से ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता जागरूक होंगे जिसे मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। तथा सभी पर्यवेक्षक व सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश देते हुए कहा गया की मतदान कर्मी व पदाधिकारियों को मतदान केंद्र तक पँहुचने के लिये जो रुट चार्ट बना है। उसे भी जांच करने का निर्देश दिया गया। मौके पर अंचल निरीक्षक अनुज कुमार के अलावे सुजीत उराँव, परमुनी देवी, नागमणी उराँव मुदसर हुसैन, गुहा उराँव, आशीष कुमार सहित अन्य सभी बीएलओ पर्यवेक्षक व सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित थे।

## ईद का त्यौहार आज, प्रेम, शांति, भाईचारगी और समानता का प्रतीक हैं ईद : अलीरजा अंसारी



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमजान के 30 दिन के रोजों के बाद मुसलमानों का प्रमुख त्यौहार ईद समतामूलक समाज के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाता है। जहां यह आपसी मोहब्बत और मेल-जोल बढ़ाने का संदेश देता है वहीं यह खुशियों को मिलजुल कर मनाने के लिए और किसी की परेशानी को मिलजुल कर सहारा देने का बेहतरीन उदाहरण पेश करता है। ये बातें नवनियुक्त शिक्षक संगठन लोहरदगा जिला अध्यक्ष सह रा.उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने आज पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि रमजान के रोजों के दौरान जिस करूणा,त्याग संयम और इबादत की पाबंदी की गई,बाकि के ग्यारह महीने व्यक्ति उसे अपनाये रखे तो अल्लाह तआला की रजामंदी निश्चित है जो एक मुसलमान के जीवन का अंतिम लक्ष्य है। भारतवर्ष में ईद साम्प्रदायिक सौहार्द और सद्भावना को बढ़ाने में बड़ा कारक है। समाज में सभी वर्गों के बीच ईद की सेवईयां और मिठाईयां मिलजुलकर खाने और खिलाने से जो खुशी प्राप्त होती है वह कहीं नहीं मिलती। उन्होंने सभी को ईद की बधाई देते हुए अपील की कि शांति, अमन और प्रेम के प्रतीक इस पर्व को सभी समुदाय के साथ हंसी-खुशी मनाएं और लोगों के बीच छोटे-छोटे तोहफे (ईदी) देने को बढ़ावा दें, हर किसी को गले लगाएं ताकि समाज में भाईचारगी बढ़े और देश तरक्की की राह में निरंतर आगे बढ़ता रहे।

## पपीता की खेती से समृद्ध होंगे किसान, पपीता का हब बनेगा जलडेगा-बानो : डॉ. पंकज कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कृषि विज्ञान केन्द्र बानो ने पपीता हब बनने का लक्ष्य से जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, किसान उत्पादक संगठन के बिस किसानों को प्रोत्साहित किया जिसमें किसानों को प्रकृतिक खेती पद्धति से पपीता खेती का प्रशिक्षण दिया प्रशिक्षण देते हूए कृषि वैज्ञानिक डॉ पंकज कुमार सिंह ने किसानों को वर्तमान समय में हो रहे रसायन से नुकसान के संबंध में बताते हुए कहा अगर हम समय के साथ रसायन खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती नहीं करते हैं तो आने वाले भविष्य में हमारे पूर्वज के बच्चे बीमार पैदा होंगे, हमारे सिमडेगा के बानो पपीता को पुरे भारत भर में अच्छा मिट्ठास के रूप में जाना जाता है सिमडेगा का जलवायु -मिट्टी पपीता खेती के लिए सर्वोत्तम है। यहां का पपीता बाहर के लोगों का मन मोह लेता है , प्रकृतिक खेती कृषि का एक ऐसा पद्धति है जिससे किसान अपने आस -पास एंव गो-आधारित कर सकते हैं। मौके पर उपस्थित वरिय वैज्ञानिक सह पशुपालन डॉ. हिमांशु कुमार सिंह ने किसानों को कहा खेती के साथ पशुपालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन भी करें जिससे आय में वृद्धि के साथ साथ खाद का भी प्राप्ती होगा वर्तमान समय में गाय-बैल में खुरहा का बीमारी का प्रकोप है जिससे बचने के लिए किसान वैक्सिन करा सकते है किंतु रोग होने से पहले, बहुत सा किसान खुरहा होना पर जला मोबिल, पेट्रोल का प्रयोग करते है उसके जगह नारियल का तेल और कपूर का प्रयोग करें मौके पर जलडेगा एग्रो के सीईओ सोनू सिंह और मैनेजिंग डायरेक्टर रजनी कुमारी उपस्थिति थे। बेंजन, राजेंद्र काशी, संतोष सिंह, महाप्रसाद सिंह, प्रभा देवी, एवं अन्य किसान थे।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नूतन मिंज द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** प्लाथपुर हाई स्कूल कोरोंजो में स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नूतन मिंज की उपस्थिति थे। कार्यक्रम से पहले विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत गाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नूतन मिंज के द्वारा 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया. इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नूतन मिंज ने मतदाताओं को बताया गया कि 13 मई को पूर्वाह्न सात बजे से अपराह्न पांच बजे तक मतदान होगा । आप सभी निश्चित रूप से समय पर जाकर अपने वोट करें । कहा कि जिनका मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है वह 15 अप्रैल तक प्रपत्र 6 भर कर पहचान पत्र बनवा सकते हैं । इसके साथ गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक भी किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नूतन मिंज, जेएसएलपीएस बीपीएम संदीप कुमार, जेएसएलपीएस बीपीओ संतोष वर्मा, सीसी उमाकांत, महिला समूह से मार्था डुंगडुंग, स्कूल के प्रिंसिपल के साथ साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिला केंद्रीय सरना समिति के नेतृत्व में सरहुल महोत्सव का भव्य शोभा यात्रा आज

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैत तृतीया में मनाए जाने वाले प्राकृतिक पूजा सरहुल महोत्सव की लोहरदगा जिला में केंद्रीय सरना समिति के तत्वावधान में तथा लोहरदगा में जितने भी आदिवासी सामाजिक संगठन जैसे आदिवासी छात्र संघ, जिला राजी पड़ हा, जिला राजी पड़ हा प्रार्थना सभा, लोहरा समाज, आदिवासी खैरवार समाज आज दिनांक 11/4/24 को बड़े ही धूमधाम और भव्य रूप से मनाने को लेकर समिति द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्य रूप से तीन सामाजिक मान्यता प्राप्त पूजा स्थल झाझरा कुंबा,नदिया मैना बगीचा और कचहरी मोड़ देशवली जहां बहुत ही सुन्दर तरीके से सजाया गया है। इसके अलावा पूरे लोहरदगा शहरी इलाकों और नजदीक के गांवों में चीरा झंडा से पट गया है। शहरी क्षेत्रों के सभी मुख्य मार्गों में विशेष तौर पर तोरण द्वार लगा दिया गया है। प्रशासनिक स्तर से भी शांति समिति की बैठक के माध्यम से पुरी सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने की बात कही गई है जिसमें दिन के सुबह से ही बड़ी गाड़ियों का परिचालन लगभग सभी मुख्य मार्गों पर सहमति जताई गई है ताकि किसी प्रकार कि दुर्घटना न हो। सरहुल पूजा प्रातः काल 10:30 से पाहन, पुजार और महतो के द्वारा शुरुआत करने की बात है। इस लिए आप सभी सामाजिक अगुवा गण समय पर पहुंच कर अपनी जिम्मेवारी निभाएं। जैसा कि सभी को जानकारी है कि सरहुल पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण और खास तौर आए अतिथियों को स्वागत किया जाएगा। उसके बाद शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो मेनका सिनेमा हॉल होते हुए बड़ा तालाब, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार, राणा चौक, मिशन चौक, बरवा टोली चौक, अजय सिंह पार्क, कस्तूरबा विद्यालय, अलका सिनेमा हॉल होते हुए पावर गंज चौक के पास कचहरी मोड़ देशवाली की टीम मिल कर एक साथ नदिया मैना बगीचा के लिए प्रस्थान करेगी। इस बीच सभी प्रकार हड़िया दारू बंद रखने की अपील की गई है। शोभा यात्रा को स्वागत करते हुए पूजा विसर्जन स्थल तक स्वागत समिति नदिया, हरमू रघु टोली और करछा टोली लेकर जाएगी एवं स्थानीय पाहन पुजार और महतो के द्वारा सूप बैठाने की रस्म अदा किया जाएगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष श्री रघु उरांव ने दिया।




# भाजपा जो कहती है, करती भी है : राजनाथ सिंह

**एजेंसी**

**सहारनपुर :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा की हालत यह हो गई है कि वह रोज प्रत्याशी बदलती है। कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद लोग पूछेंगे कि सपा कौन ? क्योंकि सपा समाप्त पार्टी है।

लोग पूछेंगे कि कांग्रेस कौन ? यह तो हालत इनकी हो गई है। राजनाथ सिंह ने सहारनपुर के बेहट रोड स्थित पानसर के किसान विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में वोट की अपील करते हुए कहा कि आज विश्व भारत की ताकत को पहचान रहा है। भाजपा जो कहती है, वह करती भी है। हमने अपने घोषणापत्र में देश की जनता से वादा किया था कि जिस दिन हमें संसद में बहुमत मिल जाएगा, हम जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कर देंगे। हमने अनुच्छेद 370 को चुटकी बजा कर समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान को लैंड कराने वाला भारत दुनिया का अकेला देश है। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो सका है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन में फंसे हमारे 22,500 बच्चों को सुरक्षित निकलवाया। पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन और अमेरिका के राष्ट्रपति से बात कर साढ़े चार घंटे के लिए युद्ध रुकवाया।

यह भारत की ताकत है। राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में हमें जनादेश मिला और 2019 में जनता ने और बढ़-चढ़कर आशीर्वाद दिया। जनता की इच्छा के अनुरूप भारत के मस्तक को विश्व में ऊंचा करने का काम मोदी के नेतृत्व में किया जा रहा है। पहली बार हमारे देश के वैज्ञानिकों ने करिश्माई काम किया है। अभी तक रूस और अमेरिका के बारे में आप सुनते थे। आज से कुछ वर्ष पहले तक दुनिया की भारत के बारे में धारणा थी कि भारत गरीबों का देश है लेकिन दुनिया भारत का लोहा मान रही है। वर्ष 2014, 2019 और 2022 में भी अफवाह फैलाई थी। कभी पिछड़ों को तो कभी ब्राह्मण को नाराज बताया। जहां तक सपा और कांग्रेस का सवाल है, मुझे याद है कि जब 2017 का विधानसभा का चुनाव चल रहा था तो इन लोगों ने नेरेटिव चलाया कि भाजपा से उप्र के पिछड़े नाराज हैं। 2019 में चलाया कि ब्राह्मण नाराज हैं।

2022 में नेरेटिव चलाया कि जाट नाराज हैं। अब यह नेरेटिव चला दिया कि राजपूत नाराज हैं लेकिन कांग्रेस या सपा यह मानने को तैयार नहीं है कि इनसे पूरी यूपी नाराज है। यदि हमसे किसी की कोई नाराजगी होगी तो हम आपस में बैठकर सुलझा लेंगे।

## कांग्रेस-फारूक अब्दुल्ला से अलग राह पर महबूबा मुफ्ती

# कश्मीर में समीकरण इस बार किसके पक्ष में ?



**एजेंसी**

**श्रीनगर :** लोकसभा चुनाव के बीच विपक्षी इंडिया ब्लॉक को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में बड़ा झटका लगा है. महबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने कश्मीर घाटी की तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर दिया है. पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने साथ ही यह भी कहा है कि हम जम्मू रीजन की सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों का समर्थन करेंगी. महबूबा का यह बयान नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला की ओर से कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग फॉर्मूले का ऐलान किए जाने के बाद आया है.महबूबा ने यह भी कहा कि उनको (नेशनल कॉन्फ्रेंस को) हर सीट पर चुनाव लड़ना ही था तो कम से कम बात तो किए होते. हर छोटी बात पर भी हमसे बात करने वाले फारूक अब्दुल्ला ने इस पर कोई बात नहीं की. अगर वह कहते तो हम एकजुटता के लिए इस पर समझौता कर लेते. महबूबा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के कोटे वाली सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर तेवर दिखाए हैं तो साथ ही अपने बयान से यह संदेश देने की भी कोशिश की है कि पीडीपी का रुख लचीला था लेकिन उससे बातचीत ही नहीं की गई. अब सवाल यह उठ रहे हैं कि महबूबा की पार्टी को छोड़कर फारूक अब्दुल्ला और नेशनल कॉन्फ्रेंस क्यों साथ आ गए?

### पीडीपी को छोड़कर क्यों साथ आ गए कांग्रेस-एनसी?

जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की पार्टी और कांग्रेस ने पीडीपी को छोड़ दिया है तो उसके पीछे भी इनका अपना गणित है. इसके पीछे चर्चे कश्मीर घाटी की राजनीति से लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस की रेड लाइन और अनंतनाग सीट की लड़ाई को लेकर भी हैं.

### कश्मीर घाटी का वोट बेस

पीडीपी का वोट बेस भी कश्मीर घाटी में ही है जहां नेशनल कॉन्फ्रेंस मजबूत है. कश्मीर रीजन की राजनीति में पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस ही मुख्य प्रतिद्वंदी रहे हैं. जहां दो पार्टियां एक-दूसरे की मुख्य प्रतिद्वंदी हों, वहां उनका साथ आना बहुत मुश्किल होता है. राजनीतिक विश्लेषक अमिताभ तिवारी ने कहा कि किसी भी राज्य या रीजन में नंबर वन और नंबर तीन, नंबर दो और नंबर तीन पार्टियों का गठबंधन हो सकता है लेकिन नंबर वन और नंबर दो पार्टियां साथ आएं, ऐसा व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है.

### जीती सीटों की रेड लाइन

कश्मीर घाटी में लोकसभा की तीन सीटें हैं. नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 2019 के लोकसभा चुनाव में इस रीजन की तीनों सीटें जीती थीं. नेशनल कॉन्फ्रेंस पहले से ही यह कहती रही है कि जीती हुई सीटों को लेकर गठबंधन में कोई बातचीत नहीं होगी. उन सीटों पर ही बात होगी जहां हम 2019 में हार गए थे. दूसरी तरफ, पीडीपी भी घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए खुला मैदान नहीं छोड़ना चाहती थी. पीडीपी घाटी में कम से कम सीट चाहती थी जिसके लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस तैयार नहीं थी.

### अनंतनाग सीट का पैटर्न

कश्मीर रीजन में इंडिया ब्लॉक के दो घटक दल आमने-सामने आ गए हैं तो उसके पीछे अनंतनाग लोकसभा सीट के नतीजों का पैटर्न भी है. 1999 के लोकसभा चुनाव से 2019 तक के नतीजे देखें तो हर बार यह सीट कभी नेशनल कॉन्फ्रेंस तो कभी पीडीपी के पास जाती रही है. 1999 में महबूबा मुफ्ती को नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला ने हरा दिया था.

### किसके पक्ष में कश्मीर के समीकरण

एक वजह कश्मीर के समीकरण भी हैं. दरअसल, जम्मू कश्मीर राज्य के पुनर्गठन और स्टेटस में बदलाव से पहले हुए 2014 चुनाव के बाद बीजेपी-पीडीपी ने गठबंधन सरकार बनाई थी. नेशनल कॉन्फ्रेंस को लगता है कि इस पुराने चैप्टर की वजह से पीडीपी की पकड़ घाटी के वोटर्स पर कमजोर हुई है.

# भाजपा : किरण खेर, रीता बहुगुणा सहित 4 का कटा टिकट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की 10वीं सूची जारी कर दी है।

सूची में नौ उम्मीदवारों का एलान कर दिया गया है। सूची में चंडीगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश की सात और पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार का एलान किया गया है।

चंडीगढ़ से मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काट दिया गया है। यहां से उनकी जगह पार्टी ने संजय टंडन पर भरोसा जताया है। टंडन चंडीगढ़ भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा आसनसोल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया गया है। यहां से पहले पार्टी ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को टिकट दिया था। अहलूवालिया का मुकाबला टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया



पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की बर्धमान दुर्गापुर सीट से जीते थे। भाजपा ने इस बार यहां से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को टिकट दिया है। बलिया से पार्टी ने नीरज शेखर को उम्मीदवार बनाया है। शेखर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे हैं और फिलहाल राज्यसभा सांसद हैं। यहां से मौजूदा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काट दिया गया है। प्रयागराज जिले की दोनों सीटों पर उम्मीदवार बदल दिए गए हैं। मौजूदा सांसद रीता बहुगुणा जोशी और केसरी देवी पटेल को टिकट नहीं दिया गया है। इलाहाबाद सीट से नीरज त्रिपाठी को मौका दिया गया है। नीरज भाजपा के दिग्गज नेता रहे केशरी नाथ त्रिपाठी के बेटे हैं। केशरी नाथ पूर्व राज्यपाल और यूपी विधानसभा के अध्यक्ष रहे थे।कौशांबी लोकसभा सीट से पार्टी ने एक बार फिर विनोद सोनकर को टिकट दिया गया है। सोनकर यहां से मौजूदा सांसद हैं।

इसके अलावा मछलीशहर से मौजूदा सांसद बीपी सरोज को उतारा गया है। वहीं, गाजीपुर सीट से पारस नाथ राय को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। पारस का मुकाबला 2019 में बसपा के टिकट से जीते अफजाल अंसारी से होगा, अफजाल इस बार सपा के टिकट पर यहां से मैदान में हैं।

# हिंदू चेहरों पर दांव खेलने की तैयारी में पार्टियां

**एजेंसी**

**पठानकोट।** फिल्म अभिनेताओं के सांसद बनने के बाद हाईप्रोफाइल सीट बन चुकी गुरदासपुर सीट पर इस बार अभिनेता नहीं नेता मैदान में होंगे। भाजपा की तरफ से स्थानीय नेता दिनेश सिंह बब्बू पर दांव खेलने के बाद अब सबकी नजरें कांग्रेस, आप और शिअद पर हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ लगातार कांग्रेस के हिंदू विरोधी होने की बात करते रहे हैं। यही वजह है कि कांग्रेस ही नहीं आम आदमी पार्टी और शिरोमणि अकाली दल भी गुरदासपुर से हिंदू चेहरे की तलाश में जुटा है। फिलहाल, कांग्रेस की तरफ से पूर्व विधायक अमित विज और दीनानगर की विधायक अरुणा चौधरी के नामों पर चर्चा चल रही है। लोकसभा चुनाव को दो माह से कम का समय रह गया है, लेकिन भाजपा को छोड़कर अभी तक अन्य किसी पार्टी ने अपने उम्मीदवार के पत्ते नहीं खोले हैं।सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस भी पिछले महीने ही अपना उम्मीदवार घोषित करने वाली थी। इसमें टिकट के लिए पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा,



अमित विज, वीरेंद्रजीत सिंह पाहड़ा का नाम विशेष रूप से शामिल था।भाजपा की ओर से दिनेश सिंह बब्बू को हिंदू चेहरे के रूप में मैदान में उतारने के बाद कांग्रेस हाईकमान की तरफ से अब संसदीय हलके से हिंदू उम्मीदवार को लेकर मंथन शुरू कर दिया गया है। पार्टी की तरफ से प्रदेश की 13 सीटों में से दो से तीन सीटों पर हिंदू चेहरे को उतारने की तैयारी है।

**कांग्रेस इन चेहरों पर लगा सकती है दांव**

सूत्रों की मानें तो गुरदासपुर संसदीय हलके से हिंदू नेता के रूप में प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और पूर्व विधायक अमित विज और दीनानगर की विधायक अरुणा चौधरी के नामों पर चर्चा चल रही है। इसमें अमित विज पार्टी के एक युवा चेहरे हैं और लगातार पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। उनको इस बात का भी फायदा मिल सकता है। अमित विज पिछले कई महीनों से लगातार जनता के बीच जा रहे हैं।कॉरपोरेट सेक्टर से राजनीति क्षेत्र में आए अमित विज ने साल 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा था। जनवरी 2023 में राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा लेकर पठानकोट पहुंचे थे तो बाकी नेताओं की अपेक्षा अमित विज ने यात्रा को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई थी।इसके चलते भी वह हाईकमान की नजरों में आ चुके हैं। फिलहाल, वह टिकट की दौड़ में हिंदू चेहरे के रूप में सबसे सशक्त उम्मीदवार के रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं।वहीं, पूर्व मंत्री और तीन बार की विधायक अरुणा चौधरी को हिंदू चेहरे के साथ-साथ महिला उम्मीदवार का भी फायदा मिल सकता है। अनुसूचित जाति से संबंधित होने के चलते कांग्रेस उन पर भी दांव खेल सकती हैं। अरुणा चौधरी की भी हाईकमान में काफी पैठ है। कांग्रेस महिलाओं को सभी क्षेत्रों में 50 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कर रही है। ऐसे में अरुणा चौधरी को इसका लाभ मिल सकता है है। संसदीय हलके में तीन लाख से अधिक अनुसूचित जाति से संबंधित मतदाता हैं।

# मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपया करने का वादा



*** समाजवादी पार्टी ने जारी किया घोषणापत्र**

**एजेंसी**

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। लोगों के सुझाव के आधार पर विजन डॉक्यूमेंट बनाया है। जनता के मांगपत्र के रूप में सोशल मीडिया पर जानकारी हासिल की। सभी ने समय-समय पर हमें अपने सुझाव दिए। सभी का संकलन है। उन्होंने कहा कि जनता का मांगपत्र हमारा अधिकार है। अखिलेश यादव ने कहा कि हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को जनता का मांग पत्र-हमारा अधिकार नाम दिया है। इस विजन डॉक्यूमेंट में मुख्य मांगें हैं- संविधान की रक्षा का अधिकार, रक्षा का अधिकार लोकतंत्र, मीडिया की स्वतंत्रता का अधिकार, और सामाजिक न्याय का अधिकार, देश के विकास के लिए सामाजिक न्याय का अधिकार आवश्यक है। देश की जाति जनगणना के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि युवा बेरोजगार हैं। बेरोजगारी 80 फीसदी तक पहुंच गई है। गांव में 90 फीसदी तक बेरोजगारी है। उत्तर प्रदेश का हाल और खराब है। सरकार आरक्षण नहीं देना चाहती, इसीलिए नौकरी नहीं देना चाहती। भाजपा ने प्रदेश में जान बूझकर कर पेपर लीक कराए हैं।

## क्या एक बार फिर होगा राहुल गांधी और स्मृति ईरानी में मुकाबला ?



# राहुल बिन अमेठी सून

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :**केन्द्रीय मंत्री और बीजेपी उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है. अमेठी में दो बार स्मृति ईरानी और राहुल गांधी के बीच मुकाबला हो चुका है. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अमेठी में एक बार फिर राहुल गांधी और स्मृति ईरानी के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा? स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी को 55 हजार वोटों से हराया था. राहुल तीन बार यहां से सांसद रहे हैं. स्मृति ने राहुल गांधी को चुनौती दी है कि वह अकेले अमेठी से चुनाव लड़कर दिखाएं. वहीं, कांग्रेस ने राहुल के दोबारा अमेठी से चुनाव लड़ने की संभावनाओं पर अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं. इन सबके बीच स्मृति ईरानी ने अमेठी में अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है. वह लगातार अमेठी के मंदिरों का दौरा कर रही हैं. वह नवरात्रि के पहले दिन अमेठी के एक मंदिर भी गई. 2019 तक अमेठी कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा था. तीन बार यहां से सांसद रहे राहुल गांधी 2019 में स्मृति ईरानी से हार गए थे. इससे पहले 2014 में उन्होंने स्मृति ईरानी को एक लाख वोटों के अंतर से हराया था. हालांकि, अब यहां हालात बदले-बदले नजर आ रहे हैं.अमेठी के कांग्रेस दफ्तर में सन्नाटा पसरा हुआ है. ज्यादातर कैबिनों में भी ताला लटका हुआ है. अमेठी दौरे के दौरान राहुल दफ्तर के जिस गेस्ट हाउस में ठहरते थे, वो भी वीराना नजर आ रहा है.लेकिन, इन सबके बावजूद अमेठी के स्थानीय कांग्रेसी नेता यहां से राहुल गांधी को उम्मीदवार बनाने की मांग कर रहे हैं. अमेठी के कांग्रेस दफ्तर में राहुल बिन अमेठी सून टैगलाइन वाला पोस्टर लगा हुआ है. ये दिखाता है कि स्थानीय कांग्रेसी चाहते हैं कि राहुल यहां से फिर चुनाव लड़ें.

### क्या कहती है पब्लिक?

अमेठी से स्मृति बनाम राहुल के मुकाबले पर पब्लिक का मूड 50-50 मोड में है. कई लोग दावा करते हैं कि स्मृति ईरानी यहां से दोबारा जीत रही हैं. जबकि, कुछ लोग ऐसे हैं जो चाहते हैं कि राहुल यहां से चुनाव लड़ें. हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो बीजेपी और कांग्रेस, दोनों से ही नाखुश हैं. उनका दावा है कि संजय गांधी के बाद किसी ने भी अमेठी के लिए काम नहीं किया.

### कांग्रेस का गढ़ रहा है अमेठी

सेंट्रल यूपी में पड़ने वाली अमेठी भारतीय राजनीति की सबसे हाईप्रोफाइल सीट मानी जाती है. 1980 से नेहरू-गांधी के परिवार के चार सदस्य यहां से सांसद रहे हैं. जिनमें संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी शामिल हैं.राहुल गांधी ने अपना पहला लोकसभा चुनाव यहीं से जीता था. 2004 में उन्होंने अमेठी से अपने सियासी करियर की शुरुआत की थी और करीब तीन लाख वोटों के अंतर से यहां से जीत दर्ज की थी. 2009 में भी राहुल ने यहां बड़े अंतर से चुनाव जीता था. 2014 के चुनाव में उन्होंने बीजेपी की स्मृति ईरानी को एक लाख वोटों के अंतर से हराया था. हालांकि, 2019 में राहुल गांधी यहां से चुनाव हार गए थे.

### क्या तीसरी बार फिर होगा मुकाबला?

ज्यादातर लोग चाहते हैं कि अमेठी में एक बार फिर स्मृति ईरानी और राहुल गांधी के बीच मुकाबला हो. कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि राहुल गांधी के अलावा अगर किसी और को उम्मीदवार बनाया जाता है तो ये लड़ाई कांग्रेस बनाम स्मृति ईरानी की हो जाएगी और इससे बीजेपी को फायदा मिल सकता है. हालांकि, कांग्रेस के आंतरिक सर्वे से संकेत मिलता है कि अगर राहुल गांधी अमेठी में स्मृति ईरानी के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं तो कांग्रेस को यहां से स्पष्ट रूप से फायदा होगा.

### मूंज प्रोडक्ट्स के लिए लोकप्रिय है अमेठी

जिस तरह से रामपुर अपनी छुरी और कन्नौज अपने इत्र के लिए लोकप्रिय है, उसी तरह अमेठी मूंज प्रोडक्ट्स के लिए लोकप्रिय है. प्राकृतिक रूप से बारह महीने उगने वाली इस घास को स्थानीय बोली में %सरपत% कहा जाता है. ये घास जिले के निचले इलाकों में पाई जाती है. यहां के लोग मूंज से कई प्रकार के सजावटी सामान जैसे- फुटमैट, कैरी बैग, स्टूल, रस्सी, पेन स्टैंड, कुर्सियां, टेबल वगैरह बनाते हैं.